सुप्रभात
रांची, रविवार
26.02.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net फाल्गुन, शुक्ल पक्ष, सप्तमी, संवत 2079 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 224



12 आशिकी-3 में काम करेंगी सारा अली खान

B.A. COLLEGE OF ENGINEERING & TECHNOLOGY, JAMSHEDPUR
RAJENDRA VIDYALAYA (RV) GROUP OF INSTITUTIONS
APPROVED BY AICTE & AFFILIATED TO JHARKHAND UNIVERSITY OF TECHNOLOGY
ESTD : 2007
BACET
Flagship Courses :
B.Tech, BBA, BCA
Seat Booking Open for 2023
WHY CHOOSE US?
•Consistent Placement over 95%
•Bank Education Loan Facility.
•Scholarship upto 1 Crore.
•Special Cell for Entrepreneurship& Start-Up Initiatives.
•Thrust on Research & Development.
•Skill-Based Education aligned with Industry needs.
Contact us for Seat Booking on:
9955339035, 7982054031, 0657-2442553
www.bacet.ac.in | Email : admission@bacet.ac.in
City Office : Rajendra Vidyalaya, Sakchi, Jamshedpur-831001

## न्यूज डायरी

### रामगढ़ में कांग्रेसी नेता की गोली मार कर हत्या

**रामगढ़।** भुरकुंडा ओपी क्षेत्र के सौंदा बस्ती पेट्रोल पंप के पास बड़कागांव विधायक प्रतिनिधि बितका बाउरी की अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। पतरातू एसडीपीओ वीरेंद्र चौधरी ने बताया कि बाउरी पेट्रोल पंप के पास बैठे थे। इसी बीच बाइक पर आये तीन अपराधी वहां पहुंचे। पहले बितका बाउरी को एक गोली मारी। वह जमीन पर गिर गये। इसके बाद अपराधियों ने उन्हें गोलियों से छलनी उन्हें आठ गोली लगी। उन्हें तुरंत अस्पताल ले जाया गया, पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

### राष्ट्रपति से मिले राज्यपाल

**रांची।** झारखंड के नये राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने शनिवार को नयी दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत कई नेताओं से भेंट की। राज्यपाल की यह शिष्टाचार मुलाकात थी।

### बोकारो में हवाई फायरिंग दहशत फैलाने की कोशिश

**बोकारो।** जिले के सेक्टर 12 थाना क्षेत्र के बारी को-ऑपरेटिव पुल के समीप हवाई फायरिंग हुई है। बदमाशों ने शुक्रवार देर रात दहशत फैलाने के लिए तीन राउंड फायरिंग की। थुलिस ने एक खोखा बरामद किया है। थाना प्रभारी दुलड चौड़े ने बताया कि घटना की छानबीन जारी है। एक बदमाश का नाम आ रहा है।

### बंगाल में गृह राज्य मंत्री के काफिले पर हमला

**कोलकाता।** केंद्रीय गृह राज्य मंत्री निशीथ प्रमाणिक के काफिले पर शनिवार दोपहर हमला हुआ है। कूचबिहार जिले के दिनहाटा महकमा अंतर्गत बुड़ीरहाट इलाके में उनके काफिले को लक्ष्य कर बमबारी, फायरिंग और पथराव के आरोप हैं। हालांकि मंत्री को पूरी तरह से सुरक्षित निकाल ले गये।

### आइएमए ने दी कल से सेवा ठप करने की धमकी

**रांची।** आइएमए सचिव डॉ प्रदीप सिंह ने गढ़वा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ अवधेश सिंह और जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह के साथ गाली गलौज एवं मारपीट की घटना को लेकर चिंता जतायी है। आये दिन चिकित्सकों के साथ मारपीट व गाली गलौज की घटनाएं हो रही हैं। इससे चिकित्सक आहत हैं। घटना में शामिल लोगों पर कड़ी कार्रवाई नहीं होती है तो सोमवार से राज्यभर में चिकित्सा सेवा ठप करा दी जायेगी।

### रांची पुलिस अलर्ट मोड में, दिये कई निर्देश

**रांची।** राजधानी में होने वाली जी 20 देशों की बैठक के अलावा होली और शब ए बारात जैसे पर्व को लेकर रांची पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड में है। शनिवार को रांची एसएसपी ने सुरक्षा व्यस्था को लेकर जिले के सभी डीएसपी और थानेदारों के साथ बैठक की। सभी को उन्होंने कई निर्देश दिये।

## रामगढ़ उपचुनाव : सभी तैयारियां पूरी, स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान कराने का दावा

# थमा चुनावी शोर, प्रत्याशी चले डोर-टू-डोर, वोटिंग कल

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रामगढ़, रांची।** रामगढ़ उपचुनाव के लिए 27 फरवरी को होनेवाले मतदान की सभी तैयारियां जिला प्रशासन ने पूरी कर ली है। शनिवार को चुनाव प्रचार के अंतिम दिन रामगढ़ में चुनावी प्रचार थम गया। प्रत्याशी लोगों के घर-घर जाकर वोट की अपील कर रहे हैं। रामगढ़ उपचुनाव में जहां सत्ताधारी दल ने क्षेत्र में विकास और अपनी 1932 खतियान जैसी नीतियों पर वोट मांगा, तो वहीं विपक्ष सरकार की इन नीतियों को छलावा बता रही है। इसके साथ ही विपक्ष भ्रष्टाचार को लेकर भी चुनावी मैदान में है। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भी कांग्रेस विधायक दल के नेता और मंत्री आलमगीर आलम, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, राजद के संजय प्रसाद यादव सहित कई नेताओं ने ताबड़तोड़ सभाएं की। वहीं आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो और भाजपा के नेताओं ने भी आखिरी दिन अपनी पूरी ताकत झोंक दी। कुल 18 उम्मीदवार मैदान में हैं, लेकिन यहां एनडीए और यूपीए के बीच सीधी लड़ाई है। यूपीए ने कांग्रेस की पूर्व विधायक ममता देवी के पति बजरंग महतो पर दांव खेला है तो एनडीए ने आजसू से सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी की पत्नी सुनीता चौधरी को चुनाव मैदान में फिर से उतारा है। (शेष पेज 11 पर)

| कुल वोटर : 3 लाख 35 हजार 734 | | कुल सर्विस वोटरों की संख्या : 318 | | 80+ के वोटर : 4276 |
|---|---|---|---|---|
| पुरुष वोटर : 1 लाख 73 हजार 550 | महिला वोटर : 1 लाख 62 हजार 184 | पुरुष सर्विस वोटरों की कुल संख्या : 311 | महिला सर्विस वोटरों की कुल संख्या : 7 | निशक्त मतदाताओं की कुल संख्या 6325 |

### रामगढ़ की जनता देगी ममता को न्याय : हेमंत



**सीएम** हेमंत ने अपनी चुनावी सभाओं में दावा किया है कि रामगढ़ की जनता ममता देवी को न्याय देगी और यूपीए को भारी मतों से जितायेगी। विपक्ष ने ममता देवी को षड्यंत्र के तहत फंसाकर जेल भेजा है। दुधमुंहे बच्चे को मां की ममता से दूर कर दिया। इससे महिलाओं में आक्रोश है। जनता यूपीए को जिता रही है।

### लोक लुभावन नारों से वोटरों को रिझाने की भरपूर कोशिश

सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के नेताओं ने लोक-लुभावन नारों से वोटरों को रिझाने का प्रयास किया है। यूपीए और एनडीए की प्रचार के दौरान जुबानी जंग भी तेज रही। पर अब फैसला लेने का वक्त रामगढ़ की जनता को है। रामगढ़ की जनता क्या एक बार फिर ममता के बजरंग को गले लगायेगी या सुनीता चौधरी को अपनायेगी। जनता की असली ताकत का एहसास तो यूपीए और एनडीए को इवीएम खुलने के बाद ही पता चल पायेगा। वैसे दोनों पार्टी के प्रत्याशी और उनके आका प्रचार के दौरान जनता को अपनी ओर खींचने में कोई कसर नहीं छोड़े हैं।

### उपचुनाव के दौरान स्वतंत्र, निष्पक्ष चुनाव और सुरक्षा के ठोस इंतजाम

मतदान को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस पूरी तरह से तैयार है ताकि चुनाव में कोई खलल न हो। आधारहीन खबरों और सोशल मीडिया भी पैनी नजर है। प्रशासन ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव का दावा किया है। वोटिंग के समय मतदान केंद्रों पर पुलिस बल तैनात रहेंगे। शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान को लेकर प्रशासन ने कमर कस ली है। रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए गठबंधन की तरफ से आजसू के उम्मीदवार और यूपीए महागठबंधन की तरफ से कांग्रेस के उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

### एनडीए जीतेगा, यूपीए का होगा सूपड़ा साफ : सुदेश



**आजसू सुप्रीमो** सुदेश महतो का दावा है कि लोगों का प्यार और स्नेह देखकर हम पूर्ण विश्वास के साथ यह कह सकते हैं कि रामगढ़ में हमारी सबसे बड़ी जीत होगी। यूपीए का सूपड़ा साफ हो जायेगा। रामगढ़ हमारे सुख-दुःख का साथी रहा है। हमारी संवेदनाएं यहां से जुड़ी है।

## सोनिया ने दिये राजनीति से संन्यास लेने के संकेत

**एजेंसी**



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के नवा रायपुर में कांग्रेस के 85वें राष्ट्रीय महाधिवेशन सोनिया गांधी ने एक ऐसी बड़ी बात कहीं, जिससे राजनीतिक गलियारे में हलचल मच गयी है। शनिवार को पार्टी अधिवेशन में सोनिया गांधी ने राजनीति से संन्यास लेने की ओर इशारा किया है। उन्होंने कहा है कि मनमोहन सिंह के सक्षम नेतृत्व के साथ 2004 और 2009 में हमारी जीत ने मुझे व्यक्तिगत संतुष्टि दी लेकिन मुझे सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि मेरी पारी भारत जोड़ो यात्रा के साथ समाप्त हो सकती है, जो कांग्रेस के लिए एक महत्वपूर्ण मोड़ था। कांग्रेस के तमाम बड़े नेता पहुंचकर जहां अपना वक्तव्य रख रहे थे, वहीं सोनिया गांधी ने राजनीति से संन्यास लेने की ओर इशारा किया है। कहा कि यह कांग्रेस और पूरे देश के लिए एक चुनौतीपूर्ण समय है। भाजपा-आरएसएस ने देश की हर एक संस्था पर कब्जा कर लिया है और उसे बर्बाद कर दिया है। कुछ व्यापारियों का पक्ष लेकर आर्थिक तबाही मचायी है। (शेष पेज 11 पर)

### शाह ने बिहार में कहा- कमल खिलायें, जंगलराज से मुक्ति पायें

# राजग में अब नीतीश की इंट्री सदा के लिए बंद

**एजेंसी**

**पटना।** चंपारण के लौरिया से केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 2024 में होने वाले चुनाव का शनिवार को परोक्ष रूप से आगाज कर दिया। उनके निशाने पर सीएम नीतीश कुमार रहे। अमित शाह ने कहा कि नीतीश बाबू भी ऐसे व्यक्ति हैं जिन्हें हर तीन साल में प्रधानमंत्री बनने का सपना आता है। उनके इसी सपने ने बिहार का बंटाधार कर दिया। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार के लिए एनडीए के दरवाजे हमेशा के लिए अब बंद हो गये हैं। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बिहार में जंगलराज से मुक्ति पाना है, तो 2024 में एक बार फिर से मोदी सरकार को केंद्र की सत्ता पर बिठाना होगा। चंपारण वालों जोरो से बोलो... जंगल राज से मुक्ति चाहिए या नहीं? (शेष पेज 11 पर)

### पलटीमार नेता ने बिहार का बंटाधार कर दिया



केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि नीतीश कुमार को हर तीन साल बाद प्रधानमंत्री बनने का सपना आता है। इसी सपने की वजह से बिहार का बंटाधार हो गया। श्री शाह ने कहा, पिछली बार कम सीट आने के बावजूद नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री बनाया। पर पलटीमार नेता के एक सपने ने बिहार का बंटाधार कर दिया। वह विकासवादी से परिवारवादी हो गये हैं। नीतीश जंगलराज के प्रणेता के चरणों में गिर गये। अपने भाषण में पीएम मोदी के बिहार के प्रति प्रेम और और अनुदान का पूरा ब्यौरा के साथ उल्लेख किया। श्री शाह ने नीतीश कुमार के बार-बार उछल कूद करने का हवाला देकर कहा कि उनके के लिए भाजपा ने सदा के लिए दरवाजा बंद कर दिया है।

## आठ हजार पारा मेडिकल कर्मियों की हड़ताल खत्म



■ 38 दिनों से से थे हड़ताल पर स्वास्थ्य मंत्री से वार्ता में बनी सहमति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** पिछले 38 दिनों से चली आ रही एनएचएम अनुबंध कर्मियों की हड़ताल शनिवार को स्वास्थ्य मंत्री से वार्ता के बाद खत्म हो गयी। मालूम हो कि झारखंड अनुबंधित पारा चिकित्सा कर्मचारी संघ और झारखंड राज्य एनआरएचएम एएनएम जीएनएम कर्मचारी संघ के बैनर तले राज्य भर के करीब आठ हजार पारा मेडिकल कर्मचारी 38 दिनों से हड़ताल पर थे। शनिवार को नेपाल हाउस स्थित विकास आयुक्त के सभागार में स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की अध्यक्षता में हुई बैठक में उनके प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान बनी सहमति के बाद उनकी हड़ताल खत्म हो गय। (शेष पेज 11 पर)

# प्रशांत बोस समेत नौ पर चलेगा देशद्रोह का मामला

### राज्य सरकार ने दी अनुमति

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** नक्सलियों के थिंक टैंक माने जाने वाले एक करोड़ के इनामी प्रशांत बोस सहित 9 नक्सलियों के खिलाफ अब देशद्रोह का मुकदमा चलेगा। पुलिस की अनुशंसा पर राज्य सरकार ने इनपर देशद्रोह का मुकदमा चलाने की अनुमति दे दी है। पुलिस जांच रिपोर्ट और अनुशंसा के आधार पर सरकार ने अनुमति दी है। यह मुकदमा भाकपा माओवादी नक्सली संगठन के पोलित ब्यूरो मेंबर रहे प्रशांत बोस सहित नौ नक्सलियों पर चलेगा। अन्य नक्सलियों में सरायकेला-खरसावां के दारूदा निवासी महाराज प्रमाणिक उर्फ राज, गिरिडीह पीरटांड़ के सेंट्रल कमेटी के नक्सली पति राम मांझी उर्फ अनल उर्फ रमेश, तमाड़ तमराना के अमित मुंडा उर्फ चुका मुंडा, खूंटी रनिया थाना क्षेत्र के जीवन कंडुलना, अड़की हरदलामा के प्रभात मुंडा उर्फ मुखिया, विमल लोहरा उर्फ निलेश लोहरा, कुचाई थाना क्षेत्र के जमबीरा निवासी नेल्सन कंडीर और सुलेमान कंडीर शामिल हैं। (शेष पेज 11 पर)

### पश्चिम सिंहभूम : जिलेटिन के साथ छह नक्सली गिरफ्तार

**रांची।** चाईबासा पश्चिम सिंहभूम पुलिस को नुकसान पहुंचाने के लिए आइइडी लगाने वाले और सड़क निर्माण में लगे वाहनों को आग लगाने वाले छह नक्सलियों को पुलिस ने गिरफ्तार करजिलेटिन भी जब्त किया है। शनिवार को प्रेस वार्ता में एसपी आशुतोष शेखर ने उक्त जानकारी दी। पकड़े गये हार्डकोर नक्सलियों में बोज हेंब्रम उर्फ किशुन हेंब्रम, डुबराज हेंब्रम उर्फ डुबराज, तुरी देवगम, पालसिंह हेंब्रम, दामु कोड़ा उर्फ जुडु कोड़ा व बिरसिंह उर्फ छोटा कोड़ा शामिल हैं।

## मुठभेड़ में छह नक्सली ढेर, तीन जवान शहीद

**एजेंसी**

**जगदलपुर (छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले में शनिवार तड़के सुबह पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में जिला रिजर्व पुलिस (डीआरजी) के सहायक उपनिरीक्षक सहित तीन जवान शहीद हो गये। सुरक्षाबलों ने छह नक्सलियों को भी मार गिराया है। यह मुठभेड़ छत्तीसगढ़ के घोर नक्सली इलाके सुकमा जिले के जगरगुंडा थाना क्षेत्र में हुई। पुलिस के अनुसार नक्सली अपने साथियों के शव लेकर जंगल की ओर भाग निकले। मुठभेड़ में डीआरजी के तीन जवान सहायक उपनिरीक्षक रामूराम नाग, सहायक आरक्षक कुंजराम जोगा और सैनिक वंजाम भीमा शहीद हो गये। इससे पहले भी 20 फरवरी को मुठभेड़ हुई थी, जिसमें दो पुलिस जवान शहीद हुए थे। सुकमा पुलिस अधीक्षक सुनील शर्मा ने बताया कि जगरगुंडा थाने से शनिवार की सुबह करीब सात बजे 50 जवानों का संयुक्त दल कुदेड़ मार्ग पर गश्त पर निकला था। कुछ दूर जाने के बाद करीब साढ़े आठ बजे घात लगाये नक्सलियों ने पुलिस पर गोलीबारी की।

>> साथियों के शव लेकर जंगल भाग गये नक्सली

Affiliated to CBSE, Delhi (10+2) (Affiliation No. 3430600)
CALCUTTA PUBLIC SCHOOL, ORMANJHI
A Premier School in RANCHI with Excellent & Dedicated Teachers

Principal

Secretary

ADMISSION OPEN
for the session 2023-24
from classes Nursery to XI
Standard Library
Standard Ground & Courts for PHE Students
Dedicated Teaching Faculties from KOLKATA & RANCHI
World Class Lab Infrastructure
Transport Facility
Academic Club Activity
Games and Sports
Music | Dance | Drama
& many more activities ...



www.cpsranchi.com
admin@cpsranchi.com
principal@cpsranchi.com
0651-2273060
9931847680, 8986608934, 9430341869
9693843621

# झारखंड विधानसभा बजट सत्र का काउंटडाउन शुरू

## 17 कार्यदिवस में पेश होंगे कई विधेयक, चौथी बार बजट पेश करेंगे रामेश्वर उरांव

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** 27 फरवरी से शुरू होनेवाले झारखंड विधानसभा बजट सत्र का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। बजट सत्र को लेकर सरकार और विधान सभा की तरफ से सभी तैयारी पूरा कर ली गयी है। बजट सत्र के संचालन को लेकर कार्य योजना तैयार की गयी है और इसी के अनुसार विधान सभा का संचालन किया जायेगा।

वित्तीय वर्ष 2022-23 की तरह वित्तीय वर्ष 2023-24 का बजट भी तीन मार्च को ही सदन पटल पर रखा जायेगा। 2022 का बजट सत्र भी 17 दिन का था। वर्तमान सत्र भी 17 दिन का ही है। ऐसा पहली बार होगा जब बतौर वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव चौथी बार बजट पेश करेंगे। इससे पहले लगातार पांच बार बजट पेश करने का रिकॉर्ड पूर्व सीएम सह वित्त मंत्री रघुवर दास के नाम था। अब सवाल है कि पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में आने वाले बजट में क्या खास होगा? इसका खुलासा तो 3 मार्च हो ही होगा। लेकिन जानकारों का मानना है कि सरकार लोकलुभावन मुद्दों पर ज्यादा फोकस करेगी।

### क्या कहते हैं जानकार

जानकार कहते हैं कि पिछले साल सीएम से जुड़े ऑफिस ऑफ प्रॉफिट और ईडी की कार्रवाई के बाद यहां की राजनीति में कड़वापन का लेप चढ़ा है। सरकार जनता के विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश में नियोजन, स्थानीयता, आरक्षण, ओपीएस समेत कई बड़े फैसले ले चुकी है। यह अलग बात है कि नियोजन नीति हाईकोर्ट की चौखट पर धराशायी हो गयी है। इसको नया रूप देकर सरकार विवादों को पाटना चाहेगी। जाहिर सी बात है कि राज्य में नियोजन की प्रक्रिया रोकने के लिए सरकार को जिम्मेदार ठहराकर विपक्ष घेरने की पूरी कोशिश करेगा।



### आर्थिक मामलों के जानकारों की राय

आर्थिक मामलों के जानकारों का कहना है कि सरकार ने यहां के लोगों के सेंटीमेंट से जोड़ने के लिए बजट को 'हमीन कर बजट' नाम दिया है। राज्य की तीन चौथाई आबादी खेती-किसानी पर आश्रित है। इसलिए इस सेक्टर पर ज्यादा फोकस देखने को मिल सकता है। एक बैलेंस बजट तभी बन सकता है जब ढांचागत विकास पर बजट का आधा हिस्सा खर्च हो। शेष 50 प्रतिशत हिस्से में 30 प्रतिशत राज्य की जरूरतों और 20 प्रतिशत को अन्य देनदारियों में खर्च करना चाहिए। एक अनुमान के मुताबिक इस बार 1 लाख 11 हजार करोड़ से ज्यादा का बजट आ सकता है। 24 मार्च को सरहुल की वजह से इस दिन कार्यवाही स्थगित किये जाने की संभावना है।

## OFFICE NAGAR PANCHAYAT MANJHIAON

**Quotation for Suppling and installation of High Mast Light at NP Manjhiaon**

**Very Short term Quotation Notice No. 19/2022-23**

| | |
|---|---|
| Place of the Office inviting Quotation | Nagar Panchayat Manjhiaon Office |
| Place & Time of receiving Quotation | 04.03.2023 up to 02:00 PM |
| Place & Time of opening of Quotation | 06.03.2023 At 02:30 PM |
| Place of receiving of Quotation | Nagar Panchayat Manjhiaon Office |
| Place of Opening of Quotation | Nagar Panchayat Manjhiaon Office |

| Sl No | Description | Qty. | Unit | Rate (Rs.) | Amt. (Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 01/M-880 | Suppling of 20 mtr. High Mast in one Section Construction S355 grade as per BS-EN 10: 025 Top dia 15mm.......... GI Single Spike (With 14.95% Overhead Charge) | 01 | Set | | |
| 02/M-883 | For 20mtr. High Mast: ITC of the high Mast and light fixture with the help of suitable tools and plants ...........for 20 M High mast (with 14.95% Overhead Charge) | 01 | Set | | |
| 03/9.2.8 | S.I.T.C of following rating LED flood lighting submarine with pressure dia cast housing ..........complete with all necessary accessories is required (240W LED Flood Light ) | 12 | No. | | |
| 04/M-740 | 16sq mm 4 cre xlpe inducted pvc heavy duty armored cable | 20 | m. | | |
| 05/3.6 | Earthling with copper earth plate 600mm x 600 mm x 3 mm thick including accessories ..........watering pipe etc. | 01 | Set | | |
| 06/3.17 | Providing and fixing 4.00mm dia copper wire on surface or in recess for loop earthling etc. required | 05 | m | | |
| 07/3.2 | Earthling with G.I earth pipe 4.5 mtr long 40mm dia including accessories ......with charcoal or coke and salt as required . | 01 | Set | | |
| | | Add 18% GST | | | |
| | | Grand Total | | | |

Terms and Conditions are also reach at Notice Board of Municipal Office NP Manjhiaon and Website http://www.udhd.gov.in

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत मझिऑव

PR 291229 Urban Development(22-23).D



## कार्यालय, जिला शिक्षा पदाधिकारी
## जिला – सिमडेगा

विज्ञापन संख्या :– ........................................

**आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के उत्कृष्ट विद्यालयों (School of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों में संविदा आधारित शिक्षकों के चयन हेतु आवश्यक सूचना**

स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 697 दिनांक 15.03.2022 के अनुरूप उपायुक्त –सह– अध्यक्ष, जिला स्तरीय चयन समिति के आदेशानुसार आदर्श विद्यालय योजना अन्तर्गत जिले के निम्नांकित उत्कृष्ट विद्यालयों (School of Excellence) एवं प्रखण्ड स्तरीय आदर्श विद्यालयों जिन्हें राज्य सरकार की महत्वकांक्षी आदर्श विद्यालय योजना के अन्तर्गत गुणवत्त शिक्षा के केन्द्र के रूप में विकसित किया जा रहा है में अल्पकालीन संविदा आधारित स्नातकोत्तर प्रशिक्षित एवं स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों के चयन हेतु योग्य अभ्यर्थियों से आवेदन निम्न अंकित शर्तों के अधीन आमंत्रित किए जाते हैं :–

| Sl. No. | Subject | PGT Category eise Vacancy: Total No. of Vacant Posts | UR | BC/ BC-II | MBC/ BC-I | ST | SC | Subject | TGT Category eise Vacancy: Total No. of Vacant Posts | UR | BC/ BC-II | MBC/ BC-I | ST | SC |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Hindi | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Hindi | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 2 | English | 4 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | English | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 3 | Sanskrit | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | Urdu | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 4 | History | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | Mathematics/ Physics | 7 | 4 | 0 | 0 | 3 | 0 |
| 5 | Geography | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | Biology/ Chemistry | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 6 | Economics | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | Geography | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | Mathematics | 5 | 3 | 0 | 0 | 2 | 0 | History/ Civics | 11 | 6 | 0 | 0 | 4 | 1 |
| 8 | Physics | 5 | 3 | 0 | 0 | 2 | 0 | Sanskrit | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | Biology | 3 | 2 | 0 | 0 | 1 | 0 | Economics | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 10 | Chemistry | 4 | 2 | 0 | 0 | 2 | 0 | Commerce | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 11 | Commerce | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | Physical Education | 2 | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 |
| 12 | | | | | | | | Home Science | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 13 | | | | | | | | Mundari | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 14 | | | | | | | | Kharia | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 15 | | | | | | | | Nagpuri | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| Total | | 27 | 17 | 0 | 0 | 10 | 0 | 0 | 29 | 17 | 0 | 0 | 11 | 1 |

1. अहर्ता :–

i. स्नातकोत्तर प्रशिक्षित (PGT) शिक्षकों हेतु –
– राज्य सरकार या केन्द्र सरकार या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से संबंधित विशय जिसमें चयन होना है, में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर की डिग्री। परन्तु अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर डिग्री।
– साथ ही मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से बी0एड0 अथवा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिशद् द्वारा बी0एड0 के समकक्ष घोशित डिग्री।
(चयन हेतु निर्धारित शैक्षणिक अहर्ता स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अधिसूचना संख्या 2425 दिनांक 04.09.2012 के अनुरूप होगी)

ii. स्नातक प्रशिक्षित (TGT) शिक्षकों हेतु –
– राज्य सरकार या केन्द्र सरकार या विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त संस्था से संबंधित विशय जिसमें चयन होना है, में न्यूनतम 45 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक की डिग्री। परन्तु अनुसूचित जाति एवं जनजाति के अभ्यर्थियों हेतु न्यूनतम 40 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातक डिग्री।
– साथ ही मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान से बी0एड0 अथवा राष्ट्रीय अध्यापक शिक्षा परिशद् द्वारा बी0एड0 के समकक्ष घोशित डिग्री।
(चयन हेतु निर्धारित शैक्षणिक अहर्ता स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग की अधिसूचना संख्या 434 दिनांक 01.03.2016 के अनुरूप होगी)

2. उम्र :–
– न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा क्रमशः 21 और 55 वर्श होगी।
– उम्र का आकलन 31.12.2022 के आधार पर किया जाएगा।

3. आरक्षण :–
– चयन में झारखण्ड सरकार द्वारा जिला स्तरीय नियुक्ति हेतु आरक्षण रोस्टर का पालन किया जाएगा।
– आरक्षित पदों पर झारखण्ड में निवास करने वाले अभ्यर्थियों जिन्हें झारखण्ड सरकार के अधीन सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्गत आरक्षण प्रमाण पत्र के आधार पर ही आरक्षण का दावा मान्य किया जाएगा।

4. संविदा शिक्षक की मासिक परिलब्धि :–
– संविदा शिक्षक को मसिक आधार पर समेकित भुगतान निम्न अनुसार किया जाएगा :–

| क्र0सं0 | शिक्षक की कोटि | नियत मानदेय प्रतिमाह |
|---|---|---|
| 1 | स्नातकोत्तर प्रशिक्षित (PGT) शिक्षक (सभी विषय) | रूपये 27500/– |
| 2 | स्नातक प्रशिक्षित (TGT) शिक्षक (सभी विषय) | रूपये 26250/– |

5. संविदा शिक्षकों के निर्धारित कर्तव्य एवं दायित्व :– संविदा के आधार पर नियुक्त शिक्षक निम्नलिखित कर्तव्यों का निर्वहन करेंगे :–
i. नियमित कक्षा का संचालन/बच्चों द्वारा किए गए कार्यों की जाँच।
ii. निरीक्षण कार्य/मूल्यांकन कार्य।
iii. विद्यालय में विभिन्न पाठ्यक्रम/सह पाठ्यक्रम गतिविधियों की तैयारी एवं संचालन में छात्रों एवं सह–कर्मियों की सहायता करना।
iv. प्राचार्य द्वारा सौंपे गए सभी कार्य।

6. चयन प्रक्रिया :–
उपायुक्त की अध्यक्षता में गठित चयन समिति द्वारा साक्षात्कार एवं व्यवहारिक कक्षा अवलोकन के आधार पर चयन समिति द्वारा निर्धारित दिशा–निदेशों के अनुरूप मेधा सूची के अनुसार किया जाएगा। चयन हेतु समिति का निर्णय अंतिम निर्णय होगा। चयन प्रक्रिया बिना कारण बताए चयन समिति द्वारा किसी भी समय स्थगित अथवा निरस्त किया जा सकता है।

7. चयन हेतु निर्धारित शर्तें :– संविदा के आधार पर चयनित शिक्षक स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, झारखण्ड सरकार के संकल्प संख्या 697 दिनांक 15.03.2022 के अन्तर्गत निम्नांकित शर्तों के अधीन कार्य करेंगे :–
i. यह चयन जिले के उत्कृश्ट एवं आदर्श विद्यालयों में स्वीकृत पद के विरूद्ध आवश्यकता आधारित रिक्ति के आलोक में की जा रही है। अतः शैक्षणिक सत्र समाप्ति या नियमित शिक्षक के योगदान करने तक जो भी पहले हो अल्पकालीन संविदा के आधार पर की जाएगी।
ii. शैक्षणिक सत्र समाप्ति के पश्चात् चयन समिति द्वारा अल्पकालीन संविदा के आधार पर चयनित एवं कार्य कर रहे शिक्षक के चयन समिति द्वारा यह कार्रवाई प्रत्येक शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने के पूर्व कर ली जाएगी।
iii. संविदा के आधार पर कार्यरत शिक्षकों को नियमित चयन का कोई दावा/अधिकार नहीं होगा और न ही वे सरकारी शिक्षक संवर्ग का हिस्सा होंगे।
iv. ऐसे शिक्षक विद्यालय के प्राचार्य के अधीन एवं उनके द्वारा निर्धारित शर्त एवं बंधेज (संविदा के समय निर्धारित) के अनुरूप कार्य करेंगे।
v. संविदा आधारित चयन को एक शैक्षणिक वर्ष में 11 माह हेतु कार्य करने संबंधी एकरारनामा के आधार पर किया जाएगा। यह एकरारनामा चयनित उम्मीदवार एवं संबंधित विद्यालय के बीच निर्धारित शर्तों के अनुरूप किया जाएगा।
चयन समिति द्वारा प्रत्येक वर्ष एकरारनामा एवं संविदा का विस्तार अगले शैक्षणिक सत्र के प्रारंभ होने से पूर्व अल्पकालीन संविदा पर कार्य कर रहे शिक्षक के कार्यकलाप का मूल्यांकन किया जाएगा तथा कार्य असंतोशप्रद पाए जाने की स्थिति में आगामी शैक्षणिक सत्र हेतु अवधि विस्तार नहीं किया जाएगा तथा संबंधित शिक्षक की कार्य अनुमति विखण्डित मानी जाएगी। तदोनुसार संबंधित रिक्त पद पर चयन समिति द्वारा पुनः विज्ञापन निकाल कर विहित प्रक्रिया करते हुए चयन की कार्रवाई की जाएगी।

8. आवेदन करने की प्रक्रिया :–
i. योग्य अभ्यर्थियों द्वारा विहित प्रपत्र (आवेदन का प्रारूप परिशिष्ट 'ख' के रूप में संलग्न) में आवेदन संबंधित जिले के जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह– जिला कार्यक्रम पदाधिकारी के कार्यालय में आवेदन को विहित प्रपत्र में निबंधित डाक द्वारा दिनांक ........................ के अपराह्न 05.00 बजे तक स्वीकार किए जाएंगे। साधारण डाक से भेजे गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निर्धारित समय सीमा के पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
ii. चयन हेतु विस्तृत विज्ञापन एवं आवेदन प्रपत्र का प्रारूप जिले के अधिकारिक वेबसाईट simdega.nic.in पर देखा जा सकता है।
iii. चयन के संबंध में अद्यतन जानकारी जिला शिक्षा पदाधिकारी कार्यालय अथवा जिले के उपरोक्त अंकित वेबसाईट पर देखी जा सकती है। अभ्यर्थी का दायित्व होगा कि वे नियमित रूप से अवलोकन करते हुए चयन संबंधी जानकारी प्राप्त करें।

9. चयन परीक्षा हेतु शुल्क 100/– रू. होगी परन्तु अनुसूचित जाति/जनजाति श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए यह 50/– रू. निर्धारित की जाती है। आवेदन शुल्क Cross Demand Draft/Bankers Cheque जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा के पदनाम से Payable at Simdeg स्वीकार किए जाएंगे।

10. पात्रता :–चयन परीक्षा में बैठने की अनुमति पूर्णतः औपबंधिक होगी। परीक्षा के लिए प्रवेश पत्र निर्गत होना यह प्रमाणित नहीं करता है कि अभ्यर्थी विज्ञापित पद पर चयन हेतु निर्धारित पात्रता पूरी करते हैं। चयन समिति द्वारा विज्ञापित पद पर आवेदन करने वाले अभ्यर्थी के पात्रता संबंधी प्रमाण पत्रों की जाँच कराई जाएगी। निर्धारित जाँच के कार्यक्रम में अनुपस्थित रहने अथवा आवेदन में भरे गए पात्रता संबंधी प्रमाण पत्र प्रस्तुत नहीं करने अथवा निर्धारित अवधि अन्तर्गत नहीं होने पर आरक्षण/अन्य लाभ अनुमान्य नहीं होगा।

(जिला शिक्षा पदाधिकारी)
जिला – सिमडेगा

(उपायुक्त –सह– अध्यक्ष, जिला चयन समिति)
जिला – सिमडेगा

PR.NO.291225 Primary Education(22-23):D


# रामगढ़ में सबसे बड़ी जीत दर्ज करेगी एनडीए : सुदेश महतो



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची/ रामगढ़।** एनडीए की गूंज रामगढ़ के कोने-कोने तक सुनाई दे रही है। लोगों का प्यार और स्नेह देखकर हम पूर्ण विश्वास के साथ यह कह सकते हैं कि रामगढ़ में एनडीए सबसे बड़ी जीत दर्ज करेगी। उक्त बातें झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं आजसू पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर कही। उन्होंने कहा कि रामगढ़ हमारे सुख-दुःख का साथी रहा है। हमारी संवेदना यहां से जुड़ी है। घर-घर में हमारे शुभचिंतक हैं। यहां आजसू एक पार्टी नहीं, बल्कि हर वर्ग का सहयोगी है।

सुदेश महतो ने कहा कि सिर्फ रामगढ़ ही नहीं बल्कि संपूर्ण झारखंड परिवर्तन की राह पर है। जो काम पिछले चार उपचुनावों में नहीं हुआ वह इस बार रामगढ़ में होने वाला है। रामगढ़ उपचुनाव में सत्ता की नाकामियों, उसके करतूतों पर यहां की जनता करारा प्रहार करके उसे सबक सिखाने के लिए तैयार है और एनडीए को इस उपचुनाव में रिकॉर्ड मतों से जीत मिलने वाली है।

उपचुनाव को लेकर आजसू पार्टी के वरीय उपाध्यक्ष एवं गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने कहा कि रामगढ़ की जनता ने मन बना लिया है कि राज्य की इस नकारे सरकार को सबक सिखाना है और नई राजनीतिक बदलाव की ओर अब कदम बढ़ाना है। इसलिए तो आप देखिए कि मुख्यमंत्री भी यहां आकर बच्चा को मां से अलग कर दिया,जेल भेज दिया जैसी बातें कर रहे हैं लेकिन अपनी सरकार की उपलब्धियां नहीं बता रहें, क्योंकि उनके पास बताने के लिए कुछ भी नहीं है। बीते तीन साल में इस सरकार के पास उपलब्धि के नाम पर केवल यहां का भ्रष्टाचार है जिसका खुलासा आए दिन केंद्रीय जांच एजेंसी की छापेमारी में होते रहता है।

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर आजसू पार्टी के केंद्रीय मुख्य प्रवक्ता डॉ. देवशरण भगत ने कहा कि मुख्यमंत्री झूठ बोलने में माहिर हो चुके हैं और अब सार्वजनिक मंच से ही झूठ बोलते हैं। रामगढ़ में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले तीन साल में एक भी लाठी नहीं चली तो फिर पांच दिन पहले राजभवन के सामने जब पंचायत स्वयं सेवकों पर जो लाठी चली तो क्या वह पुलिस पड़ोसी राज्यों से बुलवाए गए थे। मुख्यमंत्री जी झूठ बोलना बंद कर दीजिए, यहां की जनता आपकी असलियतों को समझ चुकी है और इस उपचुनाव में मतदाता आजसू पार्टी के पक्ष में रिकॉर्ड मतदान करके भारी मतों से सुनिता चौधरी को जिताने को तैयार है।

> चंद्र प्रकाश चौधरी और एनडीए ने मिलकर रामगढ़ को सजाया-संवारा है। हमारी बगिया को उजाड़ने वालों को रामगढ़ की जनता इस उपचुनाव में करारा जवाब देगी। रामगढ़ की जनता विकास विरोधी ताकतों को पहचान चुकी है। निश्चित रूप से उपचुनाव में एनडीए की रिकॉर्ड मतों से जीत होगी।
>
> **एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी**

# आइएमए ने दी चिकित्सा सेवा कल से ठप करने की धमकी

- गढ़वा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक और डीपीएम के साथ गाली गलौज मारपीट करने का मामला
- झासा ने की घटना में शामिल लोगों पर कार्रवाई की मांग

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के सचिव डॉ प्रदीप कुमार सिंह ने गढ़वा सदर अस्पताल में कार्यरत उपाधीक्षक डॉ अवधेश सिंह और जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह के साथ गाली गलौज एवं मारपीट की घटना को लेकर चिंता जतायी है। कहा है कि आए दिन चिकित्सकों के साथ मारपीट व गाली गलौज की घटनाएं हो रही हैं। इससे राज्यभर के चिकित्सक आहत हैं। उन्होंने कहा कि घटना में शामिल लोगों पर कार्रवाई नहीं होती है तो सोमवार से राज्यभर में चिकित्सा सेवा ठप करा दी जाएगी।

**चिकित्सकों के समर्थन में आए ये संगठन**

चिकित्सकों के साथ हुई इस घटना के विरोध में गढ़वा में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), झारखंड हेल्थ स्टेट एसोसिएशन (झासा), झारखंड राज्य स्वास्थ्य कर्मचारी संघ, स्वास्थ्य अनुबंध कर्मचारी संघ, आउटसोर्सिंग कर्मचारी संगठन, गढ़वा केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसिएशन सदस्य अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। आकस्मिक सेवा को छोड़ कर अन्य कामों का बहिष्कार कर रहे हैं। लातेहार और पलामू में पेन डाउन स्ट्राइक किया गया है।

**क्या है मामला**

23 फरवरी को गढ़वा सदर अस्पताल में कार्यरत उपाधीक्षक डॉ अवधेश सिंह और जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह के साथ गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष कंचन कुमार साहू, तनवीर आलम, नितेश सिंह और उनके द्वारा बुलाए गए कार्यकर्ताओं ने गाली गलौज एवं मारपीट की। इस घटना को लेकर दोनों ने गढ़वा थाना में नामजद एफआईआर किया है। थाने में दर्ज एफआईआर के मुताबिक, गढ़वा जिला परिषद अध्यक्ष कंचन कुमार साहू, सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार से मिलने आये थे। इसी दौरान उपाधीक्षक डॉ अवधेश सिंह और जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रवीण कुमार सिंह के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। धक्का-मुक्की, गाली गलौज के साथ जान से मारने की कोशिश की गयी। विवाद जिला अस्पताल गढ़वा में खरीदारी और शव ले जाने के लिए एंबुलेंस से शुरू हुई थी।

**घटना से राज्य के स्वास्थ्य मंत्री अनजान**

वहीं इस मामले पर झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा, मुझे इसकी जानकारी नहीं है। जानकारी मिलने पर ही कुछ कह पाऊंगा।

## खबर एक नजर में

### डीआइजी अनीश गुप्ता विरमित, सीबीआइ में देंगे योगदान

**रांची।** झारखंड के तेज-तर्रार आईपीएस अफसर और वर्तमान में डीआईजी अनीश गुप्ता को केंद्र सरकार ने विरमित कर दिया है। आईपीएस अनीश गुप्ता केंद्रीय प्रतिनियुक्ति में सीबीआई में योगदान देंगें। अगले पांच साल तक आईपीएस अनीश गुप्ता केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर रहेंगे। 28 फरवरी तक रांची के डीआईजी के पद पर बने रहेंगे और वह एक मार्च को दिल्ली चले जाएंगे। 2008 बैच के तेजतर्रार आईपीएस अधिकारी रांची एसएसपी, हजारीबाग एसपी, रामगढ़ एसपी, खूंटी एसपी, ग्रामीण एसपी रांची समेत कई पदों पर योगदान दे चुके हैं।

### सीसीएल के निदेशक कार्मिक ने किया विजुअल फील्ड एनालाइजर का उद्घाटन



**रांची।** सीसीएल के केन्द्रीय अस्पताल, गांधीनगर, कांके रोड, रांची में नेत्र विज्ञान विभाग (आई ओपीडी कॉम्प्लेक्स) में विजुअल फील्ड एनालाइजर का शुभारंभ किया गया। जिसका उद्घाटन सीसीएल के निदेशक (कार्मिक) हर्ष नाथ मिश्र ने किया। इस अवसर पर हर्ष नाथ मिश्र ने कहा कि सीसीएल कोयला उत्पादन के साथ-साथ सभी स्टेकहोल्डर्स के स्वास्थ्य के प्रति हमेशा संवेदनशील रहा है। इसी कड़ी में गांधीनगर अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं को और बेहतर करने के उद्देश्य से उपरोक्त एनलाईजर का शुभारंभ किया जा रहा है। इस मौके पर गांधीनगर के चिकित्सकगण एवं पारामेडिकल स्टाफ एवं अन्य उपस्थित थे।

# विपक्षी वकील नहीं हो रहे हाजिर हाइकोर्ट ने जतायी नाराजगी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड हाईकोर्ट ने वकीलों की अनुपस्थिति को लेकर नाराजगी जाहिर की है। जिसको लेकर झारखंड स्टेट बार काउंसिल ने हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन को पत्र लिखकर जानकारी दी है। जानकारी के मुताबिक हाईकोर्ट में कोर्ट नंबर 9 में बड़ी संख्या में अधिवक्ता जो विभिन्न दीवानी मामलों में विरोधी पक्षों और प्रतिभागियों का पक्ष रखते हैं वह निर्धारित तिथि पर अदालत में उपस्थित नहीं हो रहे हैं।

**पक्षकारों को न्याय से वंचित रखने जैसा**

इस मामले को लेकर काउंसिल ने गंभीरता जताते हुए कहा है कि यह अधिवक्ता समुदाय की प्रतिष्ठा और पेशेवर हित से संबंधित मामला है जो सीधे-सीधे पक्षकारों को न्याय से वंचित रखने जैसा है। अदालत से मिली जानकारी के बाद एसोसिएशन को इस पर आवश्यक उपाय करने का अनुरोध किया गया है। अदालत के असंतोष और स्टेट बार काउंसिल की चिंता अधिवक्ताओं के समक्ष रखने की बात कही गई है। पूरे मामले की जानकारी काउंसिल को मिलके के बाद काउंसिल ने झारखंड हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन को पत्र लिखकर कहा है कि अधिवक्ताओं को सूचित किया जाये कि वह अदालत में अपने पक्षकारों के लिए उपस्थित हों।

## अग्निवीरों की भर्ती को लेकर मंत्रालय का बड़ा फैसला

# अब ऑनलाइन परीक्षा देंगे अग्निवीर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** अग्निवीर में शामिल होनेवाले अभ्यर्थियों को अब ऑनलाईन परीक्षा देनी होगी. इस परीक्षा में उत्तीर्ण होनेवाले अभ्यर्थियों को ही आगे की प्रक्रिया में शामिल किया जाएगा. इस बात की जानकारी भारतीय सेना के भर्ती महानिदेशक लेफ्टिनेंट जनरल एनएस सरना ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया। उन्होंने कहा कि युवा अब ₹तकनीकी तौर पर जागरूक₹ हैं. लोगों के लिए इंटरनेट और डिजिटल आदि नई तकनीक सर्वसुलभ हो रही है। उन्होंने बताया कि मंत्रालय ने यह तय किया कि परीक्षा केवल ऑनलाइन ली जायेगी। इसके साथ ही कई अन्य कारण से भी ऑनलाइन परीक्षा का निर्णय लिया गया। सेना ने हाल ही में अग्निवीर भर्ती प्रक्रिया में बदलाव की घोषणा की थी। 16 फरवरी से 15 मार्च तक रजिस्ट्रेशन खुला है।

**देश भर में लगभग 176 स्थानों पर होगी परीक्षा**

यह परीक्षा अप्रैल के अंत में देश भर में लगभग 176 स्थानों पर आयोजित की जाएगी। उम्मीदवार अपनी सहूलियत के अनुसार उन 5 स्थानों में से कोई भी चुन सकते हैं जो वे सुझा सकते हैं और हम ऑनलाइन परीक्षा के लिए पांच में से एक उम्मीदवार को आवंटित करेंगे। वहीं, इस बारे में लेफ्टिनेंट जनरल एनएस सरना, डीजी, भर्ती, भारतीय सेना के अनुसार सिलेबस में कोई बदलाव नहीं है और परीक्षा के पैटर्न में कोई बदलाव नहीं है। युवा आज ऑनलाइन कंप्यूटर आधारित परीक्षा देने के लिए सक्षम और फिट हैं। यह युवाओं की सुविधा के लिए भी है क्योंकि रैलियों में काफी भीड़ आ रही थी। बताया कि केवल लिखित परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को शारीरिक परीक्षण के लिए बुलाया जाएगा और रैलियों के दौरान शारीरिक परीक्षण उत्तीर्ण करने वालों की चिकित्सा फिटनेस की जांच की जाएगी।

**पाठ्यक्रम या सीइइ परीक्षा के पैटर्न में कोई बदलाव नही**

वहीं, परीक्षा के पैटर्न पर बदलाव के बारे में बताते हुए कहा कि पाठ्यक्रम या सीईई परीक्षा के पैटर्न में कोई बदलाव नहीं है, परीक्षा केवल ऑनलाइन होगी। वहीं, परीक्षा केंद्रों के रूप में सेना ने देश भर में 176 स्थानों का चयन कर लिया है, जिन्हें जरूरत पड़ने पर बढ़ाया जा सकता है। उम्मीदवार पांच केंद्र चुन सकते हैं जहां वे आनलाइन सीईई के लिए उपस्थित होना चाहते हैं। इन पांच विकल्पों में से एक केंद्र आवंटित किया जाएगा।

# चुनाव प्रचार हुआ समाप्त, यूपीए-एनडीए ने किया जीत का दावा

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव के लिए मतदाता 27 फरवरी को मतदान करेंगे। चुनाव प्रचार के अंतिम दिन सभी दलों के प्रत्याशी घर-घर जाकर लोगों से अपने पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। वहीं चुनाव प्रचार के अंतिम दिन भी कांग्रेस विधायक दल के नेता और मंत्री आलमगीर आलम, कृषि मंत्री बादल पत्रलेख, राजद के प्रदेश प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव सहित कई नेताओं ने ताबड़तोड़ सभाएं की। तो वहीं आजसू और भाजपा के नेताओं ने भी आखिरी दिन अपनी पूरी ताकत झोंक दी।

**चुनाव प्रचार केंद्र में ये रहे मुद्दे**

रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एक ओर जहां महागठबंधन की ओर से हेमंत सोरेन सरकार द्वारा पिछले तीन वर्ष के कार्यकाल में किये गए कार्यों का जिक्र किया गया। इसके साथ ही ममता देवी को आम जनता के मुद्दे पर शहीद होने वाली नेता के रूप में प्रचारित कर लोगों से समर्थन मांगा गया है। महागठबंधन जनता के बीच यह मुद्दा भी ले गयी कि कैसे भाजपा एक चुनी हुई सरकार को अस्थिर कर राज्य में विकास की रफ्तार कम करती रही है।

इस संबंध में कांग्रेस के प्रदेश महासचिव राकेश सिन्हा ने बताया कि इस बार रामगढ़ की जनता विकास के मुद्दे पर वोट करेगी। रामगढ़ की जनता ने 15 साल के आजसू-भाजपा के प्रतिनिधि का आतंक देखा है। उससे छुटकारा पाने के लिए आंदोलन की देवी ममता देवी को 2019 में रामगढ़ की जनता ने अपना प्रतिनिधि चुना था, लेकिन ममता देवी, भाजपा-आजसू के षड्यंत्र का शिकार हो गयीं। इसका भी हिसाब रामगढ़ की जनता करेगी।

राकेश सिन्हा ने कहा कि ममता देवी के संघर्ष को भी इस बार जनता ख्याल रखेगी और यह भी की कैसे राजनितिक प्रतिशोध के लिए एक दुधमुंहे बच्चे को उसकी मां से दूर कर दिया गया। 1932 खतियान आधारित स्थानीय नीति, नियोजन नीति, ओबीसी आरक्षण को 14% से बढ़ाकर 27% करने, सरना धर्म कोड, कोरोना काल में दूसरे राज्यों में फंसे राज्यवासियों की हवाई जहाज से वापसी, ओल्ड पेंशन स्कीम, यूनिवर्सल पेंशन, दीदी किचन से लॉक डाउन में जरूरतमंदों को भोजन की व्यवस्था करना जैसे अनगिनत काम ऐसे हैं जो रामगढ़ की जनता के जेहन में है।

**बीजेपी ने क्या कहा**

वहीं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने कहा कि इस बार रामगढ़ की जनता, हेमंत सोरेन सरकार की वादाखिलाफी के खिलाफ वोट करेगी। किस तरह बेरोजगारी भत्ते पर बेरोजगार युवाओं को धोखा दिया गया है। स्थानीय नीति, ओबीसी आरक्षण, नियोजन नीति को लेकर रामगढ़ की जनता समझ गयी है कि सिर्फ इन मुद्दों पर उनके साथ छलावा हुआ है।

# झारखंड के चार कराटेकार अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता के लिए मलेशिया जायेंगे

- रांची की महिला खिलाड़ी मोहनी रितिका टोप्पो और काजल कुजुर भारतीय कराटे टीम में शामिल
- रेंसी सुनील किस्पोट्टा कराटे टीम के कोच बनाये गये



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** मलेशिया की राजधानी क्वालालंपुर के तितिवंग्सा स्टेडियम में 03-05 मार्च तक आयोजित होने वाली 12वी साइलेंट नाइट कराटे कप अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भाग ले रहे हैं। भारतीय कराटे टीम में झारखंड राँची से इंटरनेशनल मार्शल आर्ट एकेडमी (इमा)के दो महिला खिलाड़ी रितिका टोप्पो व काजल कुजूर को शामिल किया गया है। जबकि रेंसी सुनील किस्पोप्ता को भारतीय कराटे टीम का कोच बनाया गया है। इमा के अध्यक्ष सेंसाई अनिल किस्पोप्ता आधिकारिक रूप में इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। जानकारी के मुताबिक मोहिनी रितिका टोप्पो काता वर्ग में व काजल कुजूर कुमिते वर्ग में इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर देश का प्रतिनिधित्व करेंगी। झारखंड के खिलाड़ी 28 फरवरी को रांची से कोलकाता रवाना होंगे। कोलकाता एयरपोर्ट में वह भारतीय कराटे दल में शामिल होकर मलेशिया के लिए रवाना होंगे। रेंसी सुनील किस्पोप्ता ने कहा कि यह राज्य के लिए गर्व की बात है कि राज्य के कराटे खिलाड़ी अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में देश का परचम लहरा रहे हैं। पिछले कई वर्षों से इमा इन खिलाड़ियों को एक अच्छा मंच देने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर का प्रशिक्षण भी प्रदान कर रही है जिससे खिलाड़ी अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सके साथ ही देश के लिए पदक जीत सके। बताया कि मोहिनी रितिका टोप्पो इमा कराटे स्टूडियो में एवं काजल कुजूर लोवडीह क्लब में प्रशिक्षण ले रही है। साथ ही काजल कुजूर केंद्रीय विद्यालय नामकुम में सातवीं कक्षा में पढ़ाई कर रही है। खिलाड़ियों के भारतीय कराटे टीम में शामिल किए जाने पर इमा के अध्यक्ष सेंसाई अनिल किस्पोप्ता रेंसी सुनील किस्पोप्ता अभिभावक गण एवं कई इमा खिलाड़ियों ने बधाई दी है।

# हाई स्पीड से दो जिंदगी खत्म

- शादी से अपने दो बच्चों के साथ घर लौट रहे थे मो शमशाद
- देर शाम तक मुआवजे को लेकर रोड जाम



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** शुक्रवार की आधी रात एक बजे रांची के मेन रोड अंजुमन प्लाजा के सामने कार और स्कूटी के बीच जबरदस्त टक्कर में दो की मौत घटनास्थल पर हो गई। टक्कर में स्कूटी सवार मो शमसाद की मौके पर ही मौत हो गई। वही दो बच्चे गंभीर रूप से जख्मी हो गए। जख्मी में आठ वर्षीय मोहम्मद जैद और दस वर्षीय जिकरा परवीन शामिल है। दोनों बच्चे की स्थिति गंभीर बनी हुई है। शनिवार की सुबह इस हृदयविदारक घटना सुनने के बाद स्थानीय लोगों ने देर शाम मुआवजे को लेकर जाम कर दिया। प्रशासन के आश्वासन के बाद जाम हटा।

मिली जानकारी के अनुसार शमशाद अपने बेटे जैद और बेटी जिकरा के साथ अंजुमन प्लाजा हॉल में एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे , रात के करीब एक बजे एक ही स्कूटी पर तीनों सवार होकर अंजुमन प्लाजा से घर जाने के लिए निकले। इसी दौरान अंजुमन मार्केट के सामने रतन टॉकीज की ओर से तेज रफ्तार से आ रही कार ने स्कूटी में जोरदार धक्का मार दिया। इस घटना में स्कूटी दो हिस्सों में बट गया। घटना में स्कूटी सवार शमशाद, जैद और जिकरा सड़क पर फेंका कर डिवाइडर से टकरा गए। घटना में शमशाद के सिर में पूरी तरह से चोट लगी और मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना में स्कूटी चालक मो. शमशाद, कार चालक शिवांश कुमार की मौत हो गयी है। जबकि, दो मासूम जिंदगी मौत से जूझ रहा है।

# नगर आयुक्त ने की अभियंत्रण शाखा के साथ समीक्षा बैठक

**रांची।** नगर आयुक्त शशि रंजन की अध्यक्षता में अभियंत्रण शाखा की समीक्षा बैठक शनिवार को हुई। जिसमें अभियंत्रण शाखा के चल रहे सभी परियोजनाओं के पदाधिकारियो की मौजूदगी में उनके कार्यों की समीक्षा की गयी। बैठक में नगर आयुक्त द्वारा वार्ड स्तर पर सभी पथ व नालियों से संबंधित योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी ली। साथ ही नगर आयुक्त ने सभी परियोजनाओं सेसंबंधित सहायक अभियंता, कार्यपालक अभियंता को निगम स्तर पर लंबित पड़े कार्यों में तीव्रता लाने का निदेश दिया एवं विभिन्न वार्डों में नाली एवं सड़क निर्माण से संबंधित सभी निविदाओं को जल्द से जल्द मूल्यांकन कर एकरारनाम करने का भी निदेश दिया। इसके अलावा उनके द्वारा स्वामी विवेकानंद सरोवर (बड़ा तालाब) अवस्थित एसटीपी के निर्माण कार्य को पूर्ण कर क्रियान्वित करने का निदेश दिया गाय। उन्होंने अभियंत्रण शाखा को जयपाल सिंह स्टेडियमके सौदर्यकरण कार्य को एक सप्ताह के अंदर पूरा करने का निदेशा दिया। जिसपर उन्होंने कहा कि रांची शहर में जी-20 सम्मिट मार्च महीने के प्रथम सप्ताह में प्रस्तावित है। इसके मद्देनजर सभी पेंडिग परियोजनाओं को ससमय गुणवत्तापूर्वक पूरा करे। उपस्थित लोगो में अपर नगर आयुक्त कुंवर सिंह पाहन,उप नगर आयुक्त रजनीश कुमार, निगम के अभियंतागण एवं अन्यकर्मी मौजूद थे।

## बैंकों पर सीएम का बयान राष्ट्र का अपमान : दीपक प्रकाश

**रांची।** सीएम ने रामगढ़ उपचुनाव में चुनाव प्रचार के दौरान बयान दिया था कि लोगों को पैसा जमीन में गाड़ कर रखना चाहिए। इस पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और सांसद दीपक प्रकाश ने नाराजगी जताते हुए इसे गैर जिम्मेदाराना एवं अवैध संपत्ति को बढ़ावा देनेवाला बयान बताया। कहा कि जिसके पास वैध कमाई होगी, वह क्यों पैसे को जमीन में छुपा कर रखेगा? बैंकों में राशि सुरक्षित भी है और ब्याज भी कमाती है। हेमंत सरकार ने राज्य को भ्रष्टाचार के गर्त में धकेल दिया है। जिस तरह से राज्य में भ्रष्टाचारियों के खिलाफ जांच एजेंसियों की कार्रवाई हो रही है उससे मुख्यमंत्री का भय और सच्चाई जुबान पर फिर आ गया है। मुख्यमंत्री का बयान बैंकों का ही अपमान नहीं, बल्कि राष्ट्र का भी अपमान है।

## विकास की सड़क का रास्ता अवरूद्ध, निविदा रद

**रांची।** ग्रामीण विकास विभाग के चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम का ईडी गिरफ्त में आने के बाद गांव के बन रही विकास की सड़क का रास्ता अवरूद्ध हो गया है। ग्रामीण विकास विभाग ने शनिवार को एक दर्जन से अधिक निविदा को रद कर दिया गया है। इस बाबत ग्रामीण विकास विभाग की ओर से विज्ञापन प्रकाशित कराया गया है। विभाग ने कहा है कि अपरिहार्य कारणों से निविदा रद किया जा रहा है।

**फंस गयी विभाग की करोड़ों की योजनाएं**

प्रकाशित विज्ञापन में कचहरी रोड, रांची स्थित ग्रामीण कार्य विभाग के नोडल पदाधिकारी (ई- प्रोक्योरमेंट सेल) की ओर से जारी सूचनाओं में बताया गया है कि रांची सहित चक्रधरपुर, गिरिडीह, जमशेदपुर, हजारीबाग, खूंटी, बोकारो, डाल्टेनगंज, गढ़वा, धनबाद, लातेहार, कोडरमा और अन्य जगहों के लिए जारी विभिन्न टेंडरों को स्थगित किया जाता है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों का धरना खत्म

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य भर के करीब दो हजार कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर (सीएचओ) ने चरणबद्ध आंदोलन के तहत शनिवार को राजभवन के समक्ष धरना दिया। इस बीच कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर सचिन कुमार ने कहा कि सचिवालय में उनके प्रतिनिधिमंडल की वार्ता स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता से हुई। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी मांगों को सुना और इसे पूरा करने का मौखिक निर्देश भी दिया है। हालांकि, अभी तक लिखित रूप से कुछ भी नहीं मिला है। लेकिन स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन के भरोसे पर हमलोगों ने रविवार से काम पर लौटने का निर्णय लिया है। राजभवन के पास चल रहा धरना खत्म कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग की ओर से जल्द कार्रवाई नहीं होती है, तो सभी सीएचओ एक बार फिर से ऑनलाइन कार्य का बहिष्कार करेंगे। मालूम हो कि सीएचओ अपने 10 सूत्री मांगों को लेकर इन लोगों ने गुरुवार को सचिवालय का घेराव किया था। इससे पूर्व शुक्रवार को स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता का आवास घेरने पहुंचे थे।

**सीएचओ की मांगें**

अपर सचिव एवं अभियान निदेशक राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के पत्रांक डीएनओ-7(31)/2022एनएचएम-1, 29 अगस्त 2022 के अनुसार सभी सीएचओ नियमित करने की मांग कर रहे हैं। लंबे समय से गृह जिले में पदस्थापना नहीं होने के कारण उन्हें कई तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में अपने गृह जिले या फिर नजदीकी जिले में पदस्थापना दी जाए। सीएचओ की भूमिका और जिम्मेदारी स्पष्ट करते हुए नियमावली बनाने की प्रक्रिया शुरू करने की मांग की गई है। नियमावली बनाने की प्रक्रिया में संगठन के सदस्यों को भी सम्मिलित करने का मांग की गई है। सीएचओ को अतिरिक्त कार्यभार भी दिया जा रहा है। इससे उनका मुख्य काम नहीं हो पाता है। कई जिलों के सीएचओ को 15 माह के प्रोत्साहन राशि का भुगतान अभी शुरू तक नहीं हुआ है और जहां हुआ भी है, वहां एक बड़ी रकम भुगतान से पूर्व वसूली जा रही है। ऐसे में मूल वेतन 25000 के साथ 15000 मानदेय जोड़कर देने की मांग की गयी है। वेतन वृद्धि और पीएफ की कटौती में प्रत्येक वर्ष सीएचओ को मूल मानदेय का 5% इंक्रीमेंट होना है, लेकिन झारखंड के कुछ ही जिलों में इसका लाभ मिला है। वंचित जिलों में भी जल्द से जल्द इसे लागू करने की मांग की गई है। आयुष्मान योजना के अंतर्गत सभी सीएचओ को 5 लाख की बीमा का लाभ देने की भी मांग की गई है।

# शांति-अहिंसा के लिए दो अप्रैल को दौड़ेगी रांची

खबर मन्त्र संवाददाता




**रांची।** जैन इंटरनेशनल ट्रेड ऑरगेनाइजेशन (जीतो) झारखंड चैप्टर के तत्वावधान में महावीर जयंती के अवसर पर दो अप्रैल को जीतो महिला शाखा जीतो मेन के साथ मिलकर संपूर्ण भारत के 65 चैप्टर्स के द्वारा अहिंसा रन का भव्य आयोजन किया जा रहा है। इस अहिंसा रन के तहत पूरी रांची दौड़ेगी अहिंसा व शांति के लिए। जीतों की प्रवक्ता पायल जैन ने यह आज झारखंड चैम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्रीज के सभागार में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। उन्होंने प्रेस व मीडिया को बताया कि यह जीतो का एक ऐतिहासिक आयोजन है जिसमें पूरे भारत वर्ष से भारी संख्या में अहिंसा रन में हिस्सा लेंगे। इस रन के माध्यम से एक दूसरे के प्रति शांति, अहिंसा, सदभावना का प्रचार-प्रसार कर वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम करेंगे। शांति, अहिंसा व सदभाव का यह रन ओपेन फॉर ऑल है। इसमें कोई भी हिस्सा ले सकते है। इसमें भाग लेने के इच्छुक किलोमीटर की दूरी के अनुसार अपना पंजीकरण करा सकते है। जीतो का यह अहिंसा रन 03 किलोमीटर, 05 किलोमीटर व 10 किलो मीटर के तीन ग्रुप में होगा। हर ग्रुप के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन किया जायागा। **वर्तमान में अहिंसा रन प्रसांगिक व ज्वलंत मुद्दा : किशोर मंत्री**

संवाददाता सम्मेलन के दौरान ही अहिंसा रन के प्रचार प्रसार हेतु मुख्य अतिथि एफजेसीसीआई के अध्यक्ष किशोर मंत्री के हाथों पोस्टर का विमोचन किया गया। पोस्टर विमोचन के बाद अपने संबोधन में बतौर मुख्य अतिथि किशोर मंत्री ने अहिंसा रन के आयोजन के लिए जीतो की सराहना की। उन्होंने अहिंसा रन को आज के समय के लिए ज्वलंत मुद्दा बताया। कहा कि अब विदेशों में भी लोग शाकाहारी जीवन अपनाते हुए शांति व अहिंसा की ओर अग्रसर है।

# बुंडू में बिरहोरों के लिए बन रहे आवास का उपायुक्त ने किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रांची के उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने शनिवार को बुंडू प्रखंड के अमनबुरु बिरहोर कॉलोनी में बिरहोर जाति के लिये बन रहे आवास को देखा। उन्होंने लाभुक टुसु देवी से बात करके उनकी समस्या को सुना और संबंधित अधिकारी को विभिन्न योजनाओं से जोड़ कर लाभ पहुँचाने का निर्देश दिया। इस दौरान परियोजना निदेशक, समेकित जनजाति विकास अभिकरण सुधीर बाड़ा एवं जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।

उपायुक्त ने झारखंड राज्य ट्राइबल सोसायटी के तहत चलाये जा रहे बिरसा उधमिता केंद्र, उलीदा बुंडू में भी ग्रामीणों से मुलाकात की। उपायुक्त ने ग्रामीणों को सरकारी योजनाओं से हो रहे लाभ के बारे में जानकारी हासिल की। गाँव की महिला द्वारा बताया गया कि वह लाभ लेकर केंचुआ खाद तैयार कर रही है। उपायुक्त द्वारा ग्रामीणों को पलाश फूल से रंग बनाने को कहा गया। उन्होंने इसके लिए ट्रेनिंग दिलवाने का भी निर्देश पदाधिकारी को दिया। राजकीय अनुसूचित जन जाति मध्य विद्यालय पहुँचकर उपायुक्त ने छात्रवास में रह रहे बच्चों से मिले। बच्चों को बेहतर भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए उपायुक्त ने उन्हें अच्छे तरह से पढ़ने को कहा।

**नगड़ा टोली भी गये**

इसके बाद उपायुक्त ने 100 शैय्या वाले दीपशिखा अनुसूचित जनजाति छात्रवास नगड़ाटोली, रांची पहुंचे। अधिकारियों को मरम्मति कार्य जल्द पूरा करने का निर्देश दिया।

**बरियातु में भी लिया जायजा**

इसके बाद उपायुक्त ने अनुसूचित जाति/जनजाति/अल्पसंख्यक एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग एवं पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग द्वारा बनाये जा रहे 32 शैय्या बालिका छात्रवास, राजकीय बालिका उच्च विद्यालय बरियातु, रांची एवं 100 शैय्या बालिका छात्रवास राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, बरियातु पहुचे। जहाँ संबंधित अधिकारी को निर्देश देते हुए नव निर्माण कार्य एवं मरम्मति कार्य में तेजी लाने को कहा और गुणवत्तापूर्ण कार्य करने का निर्देश दिया।

# पर्यावरण में अंसतुलन के कारण पिछले अक्टूबर से रांची में बारिश नहीं देखा : न्यायमूर्ति अंबुजनाथ

खबर मन्त्र ब्यूरो




**रांची।** स्थानीय मोरहाबादी मैदान में चले रहे पर्यावरण मेले के चौथे दिन पर्यावरण एवं नीति- न्यायिक हस्तक्षेप विषय पर परिचर्चा का आयोजन किया गया। परिचर्चा के मुख्य अतिथि-सह-अध्यक्ष, झारखण्ड उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति अंबुजनाथ ने कहा कि पर्यावरण में अंसतुलन के कारण रांची में पिछले अक्टूबर से अब तक एक बार भी बारिश नहीं देखा है। रांची के एक बहुत बड़े आबादी को पेयजल उपलब्ध नहीं हो रहा है। भूगर्भ का स्तर काफी नीचे चला गया है। जंगलों के कटने से जंगली जानवरों के आश्रय स्थल में कमी आयी है, जिससे वे आबादी क्षेत्र में घूम रहे है और जान-माल की हानि कर रहे हैं।

**ग्लेशियर पिघल कर समुद्र में समा रहा है**

पर्यावरण असंतुलन का सबसे बड़ा भुक्तभोगी आज यूरोप महाद्वीप है। वहां के ग्लेशियर पिघल कर समुद्र में समा रहा है, जिसके कारण झील सूख रहे हैं। स्वच्छ पेयजल में काफी कमी हुई है। ग्लोबल वार्मिंग से आज सारा विश्व त्रस्त है। झारखण्ड के जनजाति सरहूल पर्व मनाते है, जिसमें विशुद्ध रूप से प्रकृति की पूजा की जाती है। आज हमें यह सोचने से की आवश्यकता है कि हम पर्यावरणीय समस्याओं का सामना क्यों कर रहे हैं। ग्रीन हाउस गैस के कारण वायुमंडल का तापमान निरंतर बढ़ रहा है, जिससे पृथ्वी आज एक कांच का कटोरा बनता जा रहा है। गर्मी, सर्दी और बरसात की प्रचंडता काफी बढ़ गयी है, इन सब का मुख्य कारण प्रकृति एवं पर्यावरण पर मानवीय हस्तक्षेप है। विकास एवं आधारभूत संरचना के नाम पर पेड़ कटने और वृक्षारोपन के अनुपात में काफी अंतर है। प्र्यावरण सरंक्षण के प्रति अपनी जिम्मेदारी से सभी सरकारी संस्थान के साथ-साथ आम आदमी भी अपना मुँह मोड़ रहे है, जिसका खामियाजा आने वाले पीढ़ियों को सबसे ज्यादा भुगतना पड़ेगा।

**मेले में लगे हैं 150 से अधिक स्टॉल**

मेले में 150 स्टॉल से अधिक लगाये गये है। इनमें पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश आदि राज्यों के स्टॉलों में हैण्डमेड हर्बल उत्पाद बिक्री के लिए लगाये गये है। अधिकांश स्टॉलों में महिलाओं एवं बच्चों की जरूरतों की सामग्री बिक्री के लिए रखे गये हैं, जिनमें सुन्दर हस्तकलाकारी युक्त हैण्ड मेड स्कूली बैग, वाटर बोटल, मटका बैग, पर्स, दिवान सेट, सोफा कवर, विभिन्न तरह के खादी एवं सिल्क के सूट, नक्काशीदार लकड़ी के सामग्रियाँ है तो वहीं घरेलू साफ-सफाई एवं दैनिक जरूरतों की सामग्रियाँ उचित मूल्य पर मिल रहा है। हस्तनिर्मित आर्टिफिशियल ज्वैलरी की प्रदर्शनी एवं बिक्री हो रही है। छोटे बच्चों के लिए मिकी माउस, जंपिंग झूला और सुन्दर-सुन्दर खिलौनों के भी स्टॉल लगे है। मेला घूमने आये लोग अपनी जरूरत के सामान खरीद रहे है। खाने के स्टॉलों में साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जा रहा है साथ ही यहाँ हर तरह का लजीज व्यंजन मिल रहा है।

**मेले में सेल का भी स्टॉल**

मेले में भारत के सबसे बड़े लोक उपक्रम संस्थानों में से एक सेल ने भी अपना एक स्टॉल लगाया है। इस स्टॉल पर पर्यावरण सरंक्षण एवं उद्योगों से निकलने वाले अपशिष्टों से बनने वाले उत्पादों तथा सामग्रियों से संबंधित नवीनतम जानकारियाँ लोगों को दी जा रही है। साथ ही प्रतिदिन शाम में मेला परिसर में झारखण्ड फिल्म एंड थियेटर एकेडेमी के कलाकारों द्वारा सामाजिक सरोकार से संबंधित विषयों पर नाट्य मंचन किया जा रहा है, जिसका मेले में आये लोग एवं कलाप्रेमी भूरि-भूरि प्रशंसा कर रहे है। मेले में लगे सेल्फी प्वाईंट का युवाओं में जबरदस्त क्रेज है। मेला घूमने आये लोग सेल्फी प्वाईंट में भांति-भांति के मुद्रा में सेल्फी ले रहे है।

**परिचर्चा में आये कई ज्वलंत मुद्दे**

परिचर्चा के सम्मानित अतिथि एवं पर्यावरण संबंधी मामलों के विधि विशेषज्ञ और सर्वोच्च न्यायालय के वरीय अधिवक्ता संजय उपाध्याय ने बताया कि 1993 से पर्यावरण और विकास का मुद्दा सबसे पहले प्रकाश में आया। देश के कई सें अरीज का क्षेत्रफल विकास के नाम पर घटाया गया।

## खबर एक नजर में

### शिक्षकों की सेवा संपुष्टि को लेकर मिल रही थी शिकायत, कारण सहित मांगा प्रतिवेदन

**रांची।** शिक्षकों की सेवा संपुष्टि को लेकर कई तरह की शिकायत मिल रही थी। इसके बाद माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने नया आदेश जारी किया है। इस संबंध में माध्यमिक शिक्षा निदेशक सुनील कुमार ने 23 फरवरी को सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी को जानकारी दी है। जारी आदेश में लिखा है कि सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के विज्ञापन (संख्या-21/2016) के तहत नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की सेवा सम्पुष्टि लंबित रहने के संबंध में विभिन्न माध्यमों से पत्र प्राप्त हो रहे हैं। सरकारी माध्यमिक विद्यालय के स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की सेवा सम्पुष्टि की कार्रवाई पूर्ण कर लेने के संबंध में विभिन्न बैठकों को भी निर्देश दिये जाते रहे हैं। उपरोक्त विज्ञापन संख्या के पूर्व नियुक्त स्नातक प्रशिक्षित शिक्षकों की सेवा सम्पुष्टि की कार्रवाई पूर्ण हो जाने के संबंध में सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न बैठकों में जानकारी भी दी गयी है। सरकारी माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों की नियमानुसार सेवा सम्पुष्टि की कार्रवाई यथाशीघ्र सम्पन्न करें। वैसे स्नातक प्रशिक्षित शिक्षक जिनकी सेवा सम्पुष्टि की कार्रवाई में किसी प्रकार की कठिनाई है, उसके संबंध में कारण सहित प्रतिवेदन निदेशालय को उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाय।

### अनाज बांटने में गड़बड़ी की शिकायत राशन डीलर को शोकॉज

**रांची।** जन वितरण प्रणाली दुकानदार के खिलाफ शिकायत मिलने पर रांची जिला आपूर्ति पदाधिकारी अल्बर्ट बिलिंग ने डीलर को शो कॉज किया गया है। सखी महिला समिति (जन वितरण प्रणाली दुकानदार, अनुज्ञप्ति संख्या 5/10, पंचायत कुटियातु, प्रखंड-नामकुम) को 1 सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण का जवाब देने का आदेश दिया गया है। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर डीलर का लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जाएगी। डीलर के खिलाफ कुटियातु पंचायत के ग्रामीणों, ग्राम प्रधान, मुखिया द्वारा प्रखंड विकास पदाधिकारी को शिकायत की गई थी। इसमें ये अनियमितताएं बरते जाने की शिकायत है। कहा गया है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 में दिसम्बर तक प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत आवंटित खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया है। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत जनवरी एवं फरवरी 2023 के लिए आवंटित खाद्यान्न का वितरण नहीं किया गया है।

### तालाब में घुसी अनियंत्रित कार, बाल-बाल बचा परिवार

**रांची।** शनिवार को टाटीसिलवे में एक कार अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गया। बताया जाता है कि स्थानीय निवासी अशोक कुमार अपने परिवार के साथ कार से पत्नी और दो बच्चे के साथ पूजा करने जा रहे थे। इसी दौरान कार अनियंत्रित होकर टाटी तलाब में घुस गई। स्थानीय लोगों ने तत्काल सभी को तालाब से बाहर निकाला। वहीं सूचना पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की सहायता से कार को बाहर निकाला। कार में अशोक के अलावा उनकी पत्नी एवं दो बच्चे बैठे थे। अशोक कुमार ने बताया कि तालाब के समीप ब्रेक लगाने की वजह एक्सीलेटर दब गया। जिससे कार अनियंत्रित होकर तालाब में घुस गई। आनन-फानन स्थानीय लोगों ने सभी को बाहर निकला।

### मध्यस्थता से असहाय वृद्ध का घर छिनने से बचा

**रांची।** मध्यस्थता केंद्र, रांची में मध्यस्थता के माध्यम से शनिवार को वाद संख्या ओ. एस. 168/2022 को अधिवक्ता मध्यस्थ नीलम शेखर व दोनों पक्षों के अधिवक्ता रामचंद्र तिवारी तथा आर.एन. महतो की सुझबूझ से एक ही बैठक में सुलझा दिया गया। उक्त वाद में वादी को कुछ लोगों द्वारा बहला फूसला कर उसका जमीन तथा घर अपने नाम रजिस्ट्री करा लिया गया था। बाद में वादी के बेटा-बहू तथा वार्ड के वार्ड कमीश्नर को पता चला तो उनलोगों के द्वारा प्रतिवादी के विरूद्ध माननीय न्यायालय में सत्र वाद दाखिल किया गया। वाद को मध्यस्थता हेतू मध्यस्थता केंद्र में मध्यस्थता के लिए भेजा गया, जिसमें करीब चार-पांच घंटे बैठक आयोजित किया गया, जिसमें काफी गहराई से बातचीत हुई, जिसके फलस्वरूप प्रतिवादी स्वेच्छा से राजी हुए कि डीडी केंसल कराकर वादी का घर तथा जमीन वापस कर देंगे। इस प्रकार वादी का घर व जमीन छीनने से बच गया।

### राइन चौराशी की बैठक संपन्न

**रांची।** झारखंड जमेतुर राइन महापंचायत चौराशी की एक अहम बैठक शनिवार को रिसालदार बाबा गेस्ट हाउस में हुई। इनमें सभी जिला के नुमाइंदा लोग शिरकत हुए। इसमें अहम रूप से 84 के पुराने ओहदेदार जनाब जब्बार साहब ने प्रोग्राम का आगाज किया। इसमें अहम मुद्दा था कि काफी वक्त से जो 84 का चुनाव रुका हुआ था वह जल्द से जल्द कराया जाए। इसके लिए चुनाव कमेटी बनाई गई जिनका काम रहेगा सुचारू रूप से सभी जिलों को इसका खबर देना प्रचार प्रसार करना और नियम अनुसार चुनाव कराना। इस प्रोग्राम में शिरकत करने वाले लोगों में सरिक थे रांची डेलीमार्केट यूनियन के सदर शमीम साहब, गोदड़ी पंचायत के सदर मोहम्मद जावेद और जनाब अली साहब मौजूद थे। डोरंडा 84 बॉडी के हाजी मोहम्मद सगीर उद्दीन साहब और 84 के पूर्व सदर अर्शी साहब, मनीर उद्दीन साहब, मकसूद साहब, मोहम्मद इम्तियाज, रब्बील अहमद मौजूद थे।

### राष्ट्रपति और उप राष्ट्रपति से मिले झारखंड के राज्यपाल



**रांची।** झारखंड के राज्यपाल डॉ सीपी राधाकृष्णन शनिवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। इससे पूर्व उन्होंने देश के पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद, उपराष्ट्रपति जगदीश धनखड़ और केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से नई दिल्ली में शिष्टाचार भेंट की। बताते चलें कि झारखंड के नए राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने 18 फरवरी को शपथ ली थी। झारखंड हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश अपरेश कुमार सिंह ने राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन को पद एंव गोपनियता की शपथ दिलायी थी। मालूम हो कि सीपी राधाकृष्णन तमिलनाडु के वरिष्ठ भाजपा नेता है। उन्हें अब झारखंड के राज्यपाल के रूप में नियुक्त किया गया है। वह दो बार कोयम्बटूर से लोकसभा के लिए चुने गये थे। वह तमिलनाडु के लिए पार्टी के पूर्व अध्यक्ष भी रहे हैं। वर्तमान में बीजेपी के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य हैं और उन्हें पार्टी के आलाकमान द्वारा केरल भाजपा प्रभारी वह 2016 से 2019 तक अखिल भारतीय कॉयर बोर्ड के अध्यक्ष थे।

**झारखण्ड विधान सभा सचिवालय**

**आवश्यक सूचना**

**सर्वसाधारण की जानकारी के लिए यह प्रकाशित किया जाता है कि पंचम झारखण्ड विधान सभा का एकादश (बजट) सत्र दिनांक- 27/02/2023 से आहूत की गयी है। सत्र अवधि के दौरान झारखण्ड विधान सभा परिसर में बिना वैध पत्रक के बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश निषिद्ध है। पत्रकार बंधुओं से आग्रह है कि कोविड पूर्ण टीकाकरण प्रमाण पत्र के साथ विधान सभा परिसर में आयेंगे।**

ह0/-
सैयद जावेद हैदर
प्रभारी सचिव,
झारखण्ड विधान सभा, रांची।

## आज का राशिफल
**26-02-2023**

**मेष :** दोपहर से दूसरे चंद्रमा समय अनुकूल करेगा।आय के लिए किया गया प्रयास सफल होगा। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। किसी बड़ी बाधा के दूर होने से प्रसन्नता रहेगी। भाग्य का साथ मिलेगा। पर पुराना रोग उभर सकता है।

**वृष :** समय उत्तम है। शारीरिक और मानसिक शुख बढ़ेगा। दूसरों से अपेक्षा पूर्ण नहीं होने से खिन्नता रहेगी। कार्य में विलंब होगा। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। पारिवारिक चिंता बनी रहेगी। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें।

**मिथुन :** शाम से अचानक खर्च बढ़ेगा। साथ ही डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। लाभ का बिचार बनेगा। निवेश शुभ रहेगा।

**कर्क :** समय बहुत ही उत्तम है। धन निवेश के लिए समय उपयुक्त है। नई योजना बनेगी। कारोबार में वृद्धि होगी। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। नए व्यापारिक अनुबंध होंगे। धनार्जन होगा। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी।

**सिंह :** भाग्य का साथ मिलेगा। मन मे नयापन होगा। परिवार के साथ समय अच्छा व्यतीत होगा। आर्थिक उन्नति के प्रयास सफल रहेंगे। कारोबार अच्छा चलेगा। नौकरी में उच्चाधिकारी प्रसन्नता रहेंगे। सूर्य को गुड़ मिश्रित जल दे।

**कन्या :** किसी से कहासुनी हो सकता है। यह मानसिक तनाव होगा। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। लेन-देन में जल्दबाजी न करें। धनलाभ के अवसर प्राप्त होंगे। आय में निश्चितता होगी। ऐश्वर्य पर व्यय होगा। कालीमाता को नीबू का भोग लगावें।

**तुला :** व्यापार के लिए समय उत्तम है। आपके मेहनत और कार्य का प्रसंसा होगा। भागदौड़ रहेगी। विद्यार्थी वर्ग सफलता हासिल करेगा। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा।

**वृश्चिक :** कोई मानसिक रोग उभर सकता है। किसी बिछड़ा मित्र का समाचार मिल सकता है। किसी व्यक्ति से बेवजह विवाद हो सकता है। व्यर्थ भागदौड़ होगी। आपके नही चाहते हुवे भी कार्य में विलंब होगा। चिंता तथा तनाव रहेंगे। गौ माता का सेवा करें।

**धनु :** प्रेम में धोखा मिल सकता है। कोई कार्य सम्भल कर ही करें। संतान के दायित्व पूर्ण होंगे। व्यापार-व्यवसाय लाभदायक रहेगा। नौकरी में चैन रहेगा। आय में वृद्धि होगी। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत होगा। शनि को खुश करें।

**मकर :** समय अनुकूल है। नई कार्य संबंधी योजना बनेगी। कोई बड़ा लाभ हो सकता है। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। भाग्य बेहद अनुकूल है, लाभ लें। ज्यादा भागदौड़ से बचें। चोट व रोग से बचें। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**कुंभ :** सुबह से एक अनजान उलझन सा होगा। किसी बड़े काम को करने में रुझान रहेगा। कारोबार में वृद्धि होगी। नौकरी में प्रशंसा प्राप्त होगी। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। चोट व रोग से बचें। गौ माता को रोटी दें।

**मीन :** पराक्रम से कार्य सिद्ध होगा। कारोबार में वृद्धि होगी। निवेशादि शुभ रहेंगे। नौकरी में सहकर्मी साथ देंगे। स्त्री पक्ष से लाभ होगा। किसी अनजान से कोई अज्ञात भय रहेगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे।

### बीएयू का दो दिवसीय 14वां वार्षिक एल्युमनी मीट एरेक का शानदार आगाज

# महाविद्यालय का माहौल एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का योगदान रहा है : डॉ नीलिमा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** बिरसा कृषि विश्वविद्यालय अधीन संचालित रांची कृषि महाविद्यालय (आरएसी) का दो दिवसीय 14वां वार्षिक एल्युमनी मीट (एरेक) शनिवार को शुरू हुआ। इसका उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद जीपीएससी की अध्यक्ष डॉ नीलिमा केरकेप्ता ने किया। मौके पर आरएसी की छात्रा रहीं डॉ नीलिमा केरकेप्ता ने कहा कि छात्र जीवन में आगे देखने और आगे की सोचने में इस महाविद्यालय का माहौल एवं शिक्षकों के मार्गदर्शन का बड़ा योगदान रहा है। कृषि क्षेत्र में पीएचडी तक की उच्च शिक्षा हासिल की, लेकिन उन्हें भारतीय प्रशासनिक सेवा में कृषि विभाग में कार्य नहीं करने का मलाल रहा है। उन्होंने बताया कि इस महाविद्यालय ने विपरीत परिस्थिति में नहीं डरने और किसी डर से कार्य नहीं छोड़ने सिखाया। हमारा मानना है कि अपने विश्वास एवं लगन से सफलता मिलती है और जीवन में चुनौती से हमें बहुत कुछ सीखने को मिलता है। इसमें गंतव्य का बड़ा महत्त्व है, जो हमें यहां जीने को मिला।



### नये महाविद्यालयों का संचालन संविदा शिक्षकों पर निर्भर है : डॉ ओंकार नाथ सिंह

कुलपति डॉ ओंकार नाथ सिंह ने कहा कि रांची कृषि महाविद्यालय अब कृषि संकाय के नाम से जाना जाता है। विगत 6 वर्षो में संकाय के अधीन 5 नये महाविद्यालय जुड़े हैं। नये महाविद्यालयों का संचालन 200 से अधिक संविदा शिक्षकों पर निर्भर है, जो विश्वविद्यालय की सबसे बड़ी समस्या है और इससे गुणवत्तायुक्त शिक्षा प्रभावित हो रहीं है। इन्हें पूर्ववर्त्ती वरीय विद्यार्थियों के सानिध्य, स्नेह, मार्गदर्शन एवं सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने टीएनएयू एवं बीएचयू की तरह कृषि संकाय में पूर्ववर्त्ती छात्रों के सहयोग से अतिथि गृह की स्थापना में सहयोग देने की अपील की। साथ ही जेपीएससी अध्यक्ष से शिक्षकों/वैज्ञानिकों के प्रमोशन एवं बहुतायत खाली पदों पर नियुक्ति में सकारात्मक सहयोग देने का अनुरोध किया।

**एस कलाम एवं सुकिया परवीन को मिला सम्मान :** इस अवसर पर डीन एग्रीकल्चर डॉ एसके पाल एवं वरीय पूर्ववर्त्ती छात्र अतिथि डॉ एनपी सिंह एवं डॉ बीके सिंह ने भी अपने विचारों को साझा किया। मौके पर पूर्ववर्त्ती छात्रों के समूह एरेक के सौजन्य से जेपीएससी अध्यक्ष द्वारा एकेडमिक क्षेत्र में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए एस कलाम एवं सुकिया परवीन को मोमेंटो, सर्टिफिकेट एवं 2 हजार पारितोषिक चेक देकर प्रो एमए मोहसिन अवार्ड से सम्मानित किया गया। इसी तरह कुलपति डॉ ओएन सिंह ने स्पोर्ट्स में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पायल मार्शल सोरेन एवं अंजेल शुशान्ति पूर्ति तथा कल्चरल गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए धनंजय एवं अनिपा लकड़ा को मोमेंटो, सर्टिफिकेट एवं 2 हजार पारितोषिक चेक देकर डॉ डीएन झा मेमोरियल अवार्ड से सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन रेडियो हरियाली समन्वयक शशि सिंह तथा धन्यवाद एरेक सचिव डॉ परवेज आलम ने दी। मीट में पूर्ववर्त्ती छात्रों में डॉ पीएन वर्मा, डॉ केके सहाय, डॉ एके सरकार, डॉ आरएस यादव, डॉ केडी सिंह एवं कृषि विभाग के डॉ एमएसएएम शिवा, उमेश प्रसाद, मुकेश सिन्हा, संतोष कुमार, आशा गुप्ता, संतोष लकड़ा सहित करीब 200 लोगों ने भाग लिया।

### कार्यकारणी की वार्षिक बैठक हुई

मीट समारोह के दौरान एरेक अध्यक्ष डॉ अब्दुल वदूद की अध्यक्षता में कार्यकारणी की वार्षिक बैठक में राज्य में कृषि शिक्षा को बढ़ावा देने तथा महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मार्गदर्शन एवं बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। समारोह के दौरान पूर्ववर्त्ती छात्रों ने उत्साह, उमंग एवं उल्लास के साथ महाविद्यालय में बिताये सुनहरे पलों और लम्हों तथा खट्टी मीठी यादों और अपने वर्तमान कार्य क्षेत्र के अनुभवों को साझा किया। देर शाम महाविद्यालय में अध्ययनरत छात्रों द्वारा मनमोहक लोक गीत एवं लोक नृत्य आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का पूर्ववर्त्ती छात्रों ने लुत्फ उठाया।

# जी-20 : सांसद ने कहा, 1 से 3 मार्च तक स्वागतोत्सव की करें तैयारी

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** स्थानीय सांसद संजय सेठ ने जिला प्रशासन, सामाजिक संगठनों और लोगों से रांची में 2-3 मार्च को होने वाली जी-20 की बैठक को एक ऐतिहासिक पल बताया है। अपील करते कहा है कि रांची की दुनियाभर में और बेहतर छवि बने, इसके लिए 1-3 मार्च तक स्वागतोत्सव मनाएं। पीएम नरेंद्र मोदी के कारण देश को और रांची को एक शानदार अवसर मिला है, इसे गंवाना नहीं है। भगवान बिरसा मुंडा एयरपोर्ट, रांची में शनिवार को रंगोली कार्यक्रम में शामिल होने के बाद मीडिया से कहा कि यह सौभाग्य की बात है कि जी-20 के प्रतिनिधि उनके लोकसभा क्षेत्र में आएंगे। यह रांची का सौभाग्य है कि इस अंतरराष्ट्रीय बैठक से जुड़े जनप्रतिनिधियों की मेजबानी का अवसर मिला है। इससे पूर्व रंगोली कार्यक्रम में सांसद ने खुद भी बढ़ चढ़कर रंगोली निर्माण में एसएचजी और अन्य संगठनों की महिलाओं के साथ भागीदारी की।



### जी-20 सुनहरा अवसर

सांसद श्री सेठ के मुताबिक पिछले एक पखवाड़े से रांची में जी-20 की बैठक को लेकर लगातार तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। इस बैठक में अलग अलग देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं। ऐसे में यह एक मौका है जब रांची की एक अच्छी छवि का निर्माण करने में हम सब मिलकर योगदान दें। यहां का मौसम, पर्यटन और बहुत कुछ आकर्षक है। यह प्राकृतिक सौंदर्य से भरा पूरा इलाका है। वाटरफॉल्स, डैम, तालाब हैं जो लुभाते हैं। लोगों को चाहिये कि दुनियाभर में रांची को लेकर एक सकारात्मक मैसेज जाये। इसी क्रम में रांची है तैयार, भारत है तैयार की थीम पर सब मिलकर काम करें। सांसद के मुताबिक 1-3 मार्च के दौरान पूरी रांची सुंदर, आकर्षक दिखे, इसमें सबों का योगदान चाहिये। हर चौक चौराहे पर दीये जलाए जाने का प्रयास है। प्रशासन से आग्रह है कि 2-3 को शहर की ट्रैफिक व्यवस्था, ध्वनि प्रदूषण और अन्य पहलुओं पर ध्यान दें। रांची एयरपोर्ट पर जोहार का लोगो बनाए जाने के अलावा रांची और हटिया रेलवे स्टेशन, फिरायालाल चौक सहित अन्य जगहों पर भी रंगोली के जरिये सजावट की जाएगी।

## आरजेएसपी कैंसर अस्पताल व मानव फाउंडेशन का रक्तदान शिविर

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** आरजेएसपी कैंसर अस्पताल एवं मानव फाउंडेशन द्वारा कटहल मोड़ स्थित अस्पताल में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें रिम्स ब्लड बैंक द्वारा 30 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। कार्यक्रम में मुख्यतः जेएस पांडेय अस्पताल के चेयरमैन डा सुरेश्वर पांडे, डॉ पीके रैना, अभिषेक सिंह, अद्यानंद पांडे, चेतन भगत, डॉ पल्लवी पांडे, ईशान राज साहू, आदर्श, डॉ लाल बाबू सहित कई लोग उपस्थित थे।



# एसबीयू में होगी फार्मेसी एवं बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई

➲ बी फार्मा और डी फार्मा के 60-60 सीटों पर होगा नामांकन



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय के डिपार्टमेंट ऑफ फार्मेसी को सभी मानकों को पूरा करने के उपरांत फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा अकादमिक सत्र 2023-24 के लिए बी फार्मा एवं डी फार्मा की मान्यता प्राप्त हुई है। विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग में 60 सीट पर बी फार्मा तथा 60 सीट पर डी फार्मा में नामांकन की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जायेगी। विदित हो कि बी फार्मा फोर ईयर अंडरग्रैजुएट कोर्स है, जो आठ सेमेस्टर में पूर्ण होगा। डी फार्मा टू ईयर डिप्लोमा कोर्स है, जो फोर सेमेस्टर में पूरा होगा।

इंडियन नर्सिंग काउंसिल के बीएससी नर्सिंग के सभी मानदंडों को पूरा करने के उपरांत अकादमिक सत्र 2022-23 के लिए सरला बिरला विश्वविद्यालय की इकाई महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी को बीएससी नर्सिंग की मान्यता प्राप्त हो गयी है। अब महादेवी बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग एंड क्लीनिकल टेक्नोलॉजी रांची में एएनएम, जीएनएम के साथ-साथ बीएससी नर्सिंग की भी पढ़ाई के लिए जल्द ही नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ की जायेगी।

विश्वविद्यालय के मुख्य कार्यकारी पदाधिकारी डॉ प्रदीप कुमार वर्मा ने विश्वविद्यालय में फार्मेसी एवं बीएससी नर्सिंग कोर्स के संचालन के लिए संबंधित निकायों द्वारा मिली स्वीकृति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सरला बिरला विश्वविद्यालय केवल गुणात्मक शिक्षा के क्षेत्र में ही नहीं, बल्कि रोजगारोन्मुखी शिक्षा प्रदान करने की दिशा में शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र बनने की दिशा में प्रयत्नशील है। फार्मेसी एवं बीएससी नर्सिंग की पढ़ाई शुरू होने पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव प्रो विजय कुमार सिंह, कार्मिक एवं प्रशासनिक प्रबंधक अजय कुमार, पीएओ प्रवीण कुमार, आशुतोष द्विवेदी, डॉ सुबानी बाड़ा, डॉ संदीप कुमार, प्रो एसबी दंडीन आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

### उत्तम शिक्षा प्रदान करने में विवि प्रशासन सदैव गतिशील : कुलपति

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो गोपाल पाठक ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि फार्मेसी एवं बीएससी नर्सिंग के सभी मानदंडों के अनुरूप उत्तम शिक्षा प्रदान करने की दिशा में विश्वविद्यालय प्रशासन सदैव गतिशील रहेगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मेडिकल सेक्टर में काफी कुछ करने की आवश्यकता है। फार्मेसी एक रोजगारोन्मुखी कोर्स है तथा फार्मेसी का भविष्य उज्ज्वल है। फार्मेसी के छात्र गवर्मेंट जॉब के साथ-साथ अपना खुद का व्यवसाय कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि बीएससी नर्सिंग सेवा के साथ-साथ रोजगार की बड़ी अपॉर्चुनिटी उपलब्ध कराती है।

## डोरंडा कॉलेज के परीक्षार्थी की आंसरशीट हो गयी गायब

**रांची।** डोरंडा कॉलेज के बीकॉम अकाउंट ऑनर्स के परीक्षार्थी रूपेश कुमार मंडल की एक उत्तरपुस्तिका गुम हो गयी है। उसने बीते 10 दिसंबर को इंडियन बैंकिंग सिस्टम पेपर की परीक्षा दी थी। परीक्षा केंद्र गोस्सनर कॉलेज में था। जब रूपेश का रिजल्ट आया तो उसमें अनुपस्थित लिखा हुआ था। कॉलेज से संपर्क करने के बाद उसने अटेंडेंस शीट के साथ रांची विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक अशीष झा के पास आवेदन जमा किया। कुछ दिन बाद रूपेश दोबारा जानकारी लेने पहुंचा तो बताया गया कि कॉपी नहीं मिल रही है। गुम हो गयी है। मामला संज्ञान में आने के बाद कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने पहल की। निर्देश दिया कि अगर कॉपी नहीं मिलती है, उसके लिए अलग से परीक्षा ली जाएगी। उस विद्यार्थी का साल बरबाद नहीं होने दिया जाएगा।

## विज्ञान दिवस पर वाईबीएन में एकदिवसीय कार्यशाला

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डॉ चंद्रशेखर वेंकट रमन की वैज्ञानिक खोज को समर्पित पूरे भारत वर्ष में प्रत्येक वर्ष 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन किया जाता है। इसीलिए पूर्वी भारत के विख्यात निजी विश्वविद्यालय में से एक वाईबीएन विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय द्वारा एकदिवसीय राजभाषा कार्यशाला का आयोजन किया गया। खास बात यह रही कि इस विज्ञान कार्यशाला का आयोजन नामकुम स्थित राजकीयकृत मध्य विद्यालय बरगांवा में अध्ययशील छात्र-छात्राओं के बीच किया गया।

इस कार्यशाला के माध्यम से विज्ञान विषय के अंतर्गत ऐसे विभिन्न प्रायोगिक कार्यक्रमों को प्रस्तुत किया गया, जो हमारी दैनिक दिनचर्या से जुडी हुई हैं। मुख्य प्रस्तुतकर्ता के रूप में तेलंगाना के प्रसिद्ध विज्ञान शिक्षक वालुगोंड़ा वैंकटेश्वर्लु ने अपने अनुभवों को विद्याथीर्यों के बीच साझा किया। इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर डॉ एसपी यादव ने कहा कि यह विश्वविद्यालय नजदीकी क्षेत्र के प्रायः सभी विद्यालयों को लक्षित करते हुए विज्ञान को जन-जन तक पहुंचाने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रहा है और आगे भी सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं तक वैज्ञानिक चेतना और जागृति के प्रकाश को पहुंचता रहेगा। कार्यशाला के संचालन में सहयोगी के रूप में राजकीयकृत मध्य विद्यालय बरगांवा के सभी शिक्षकों के अथक सहयोग रहा। साथ ही, डॉ कमलकांत पात्रा, डॉ आशा मिश्रा, डॉ चंद्रजीत कुमार, डॉ एनिमा किस्पोट्टा, डॉ ऋचा मिश्रा, डॉ मिसफिका, डॉ ध्रुब कुमार सिंह, प्रेम प्रकाश का विशेष योगदान रहा।



# ख्रीस्तियों के लिए चालीसा स्वयं में परिवर्तन लाने व पुण्य परोपकार कमाने की अवधि

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** ख्रीस्तीयों के लिए चालीसा हम खुद में परिवर्तन लाने तथा बुराई का परित्याग कर अच्छाई के मार्ग पर अग्रसर होने की अवधि है। रांची महाधर्मप्रान्तीय यूथ कोऑर्डिनेटर कुलदीप तिर्की ने खबर मन्त्र को चालीसा के संबंध में जानकारी देते हुए उक्त बातें कही। उन्होंने कहा कि चालीसा की त्याग, तपस्या व प्रार्थना के माध्यम से मसीहियों को स्वर्ग राज्य में प्रवेश करने के लिए अपने धन को पुण्य में परिवर्तन करना होगा। इस क्रम में कुलदीप तिर्की ने एक लधु कथा का उल्लेख किया। कहा कि एक समय की बात है एक अतिधनवान व्यक्ति जिसका नाम रौनक था, अपनी मर्सिडीज कार में कहीं यात्रा कर रहा था। उसके कार में एक ऑडियो चल रहा था जिसमे कोई महात्मा प्रवचन कर रहे थे कि आप कितना भी धन दौलत जमा कर ले लेकिन जब आपकी मृत्यु होगी तो आप इसे अपने साथ नही ले जा सकते। घर आकर उन्होंने अपने सभी कर्मचारियों को बुलाया और कहा कि मुझे जो यह बताएगा कि मरणोपरांत हम अपने धन- दौलत अपने साथ कैसे ले सकते हैं उसे 50 लाख का इनाम दिया जायेगा। कुछ समय बीतने के बाद उसने शहर के और लोगों के बीच वहीं संदेश भेजवाया व कहा कि जो भी ये उपाय बता दे कि मरने के बाद अपने साथ धन दौलत कैसे लिया जाय तो उन्हें 1 करोड़ का इनाम दिया जायेगा। शहर के बहुत से लोग इनाम की राशि के लालच में जमा हुए। लेकिन कोई सही सुझाव नहीं दे पा रहे थे। तब एक साधारण व्यक्ति जिसका नाम अंस था उस धनवान व्यक्ति से कहता है सर जब आप अमेरिका जाते हैं तो क्या करते हैं, धनवान व्यक्ति ने कहा रुपये को डॉलर में परिवर्तन करते हैं क्योंकि वहां की करेंसी वहीं है तब ये साधारण व्यक्ति अंस ने कहा सर स्वर्ग की अपनी करेंसी है पुण्य, परोपकार यदि आप स्वर्ग जाना चाहते हैं तो आपके करेंसी को स्वर्ग के करेंसी में परिवर्तन करना होगा अर्थात धन को पुण्य व परोपकार में बदल कर मरणोपरान्त आप अपना धन अपने साथ ले जा सकते है। यह सुन धनवान खुश हुआ और अंस को उनका इनाम दिया।



## एक नजर में

### मासिक लोक अदालत में कुल 40 वादों का निष्पादन

**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची द्वारा शनिवार को दिन के 10:30 बजे से व्यवहार न्यायालय, रांची में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया, इसके लिये सात बैंच का गठन किया गया। आज के इस लोक अदालत में कुल 40 वादों का निष्पादन किया गया एवं 84,26,100/- (चौरासी लाख छब्बीस हजार एक सौ) रूपयों का निष्पादन विभिन्न वादों में किया गया। डालसा रांची के सचिव ने उक्त जानकारी दी।

### कौशल मेले का हुआ आयोजन

**रांची।** जिला कौशल अधिकारी और झारखंड स्किल डेवलपमेंट मिशन सोसाइटी के सहयोग से वेंचर स्किल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (दीन दयाल उपाध्याय कौशल केंद्र कांके) में रोजगार मेला का आयोजन किया गया। इसमें अलग-अलग सेक्टर से 500 से अधिक प्रशिक्षार्थियों ने हिस्सा लिया। इस कौशल मेले में जानी-मानी कंपनियों जैसे की अइजोन एक्सपेरीएंस, निंबस बीपिओ, जेबीएम ग्रुप, क्वांटम क्निट्स, पर्ल ग्लोबल और आम्धने इत्यादि ने प्रशिक्षार्थी को रोजगार प्रदान किया। विभिन्न कंपनियों द्वारा 284 प्रशिक्षार्थियों को रोजगार प्रदान किया गया। रोजगार मेले के कारण प्रशिक्षार्थियों में बहुत उत्साह देखने को मिला। इसका श्रेय वेंचर स्किल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक राजीव कुमार सिंह और उनकी टीम को जाता है।



### 1 सप्ताह के भीतर वाहनों को हटायें, नहीं तो होगी नीलामी

**रांची।** रांची समाहरणालय ब्लॉक ए. एवं बी. के पार्किंग स्थल में अनाधिकृत रूप से पार्क किए गए वाहनों को यथाशीघ्र हटाने का निर्देश दिया गया है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सभी वाहन स्वामियों को 1 सप्ताह के अंदर अपने वाहन को पार्किंग स्थल से हटाना सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया है। एक सप्ताह के भीतर वाहन को पार्किंग स्थल से नहीं हटाने पर वाहन को निष्प्रयोजित करते हुए नीलामी की कार्यवाही की जाएगी। इसके बाद वाहनों पर किसी का दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा। आए दिन वाहनों में आगजनी की घटनाओं की आशंका के मद्देनजर लंबे समय से पार्किंग स्थल में पार्क किए गए वाहनों को हटाने का निर्देश दिया गया है, ताकि समाहरणालय परिसर में किसी प्रकार की अप्रिय घटना ना हो। समाहरणालय ब्लॉक ए के पार्किंग स्थल में कुल 16 वाहन जबकि ब्लॉक-इ के पार्किंग स्थल में 14 वाहन अनाधिकृत रूप से पार्क हैं।

### आपदा से निपटने के लिए कार्यशाला

**रांची।** अग्निशमन विभाग में आपदा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रमगेल (इंडिया) लिमिटेड, रांची ने अपर पुलिस महानिदेशक, गृह रक्षा वाहिनी एवं अग्निशमन सेवा कार्यालय, रांची में सीजीडी (शहरी गैस वितरण) पर आपदा प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें गेल, रांची से सौरभ आनंद, वरिष्ठ प्रबंधक (फायर एंड सेफ्टी) ने आपातकालीन स्थिति से निपटने के उपाय बताए। साथ ही वरिष्ठ प्रबंधक ने पीएनजी एवं सीएनजी की विशेषताओं को बताया। कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

### डीएसपीएमयू में वाद विवाद प्रतियोगिता आयोजित

**रांची।** डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय (डीएसपीएमयू) के भौतिकी और इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग के संयुक्त तत्वाधान में वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। अंतिम दौर के प्रतियोगिता के लिए 9 प्रतिभागियों का चयन किया गया। इस प्रतिभागियों में से विजेता प्रतिभागियों की घोषणा 28 फरवरी को राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के दिन की जाएगी। उसी दिन विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जाएगा। आज की प्रतियोगिता का विषय था, ऑनलाइन बनाम पारंपरिक शिक्षा, कोविड महामारी के प9ात। इस अवसर पर भौतिकी के विभागाध्यक्ष डॉ अनुपम कुमार, इलेक्ट्रॉनिक्स के समन्वयक डॉ जेपी शर्मा, डॉ राजेश कुमार, डॉ अश्विनी कुमार और मन्ना कुमारी मिश्रा उपस्थित थीं। यह जानकारी पीआरओ प्रो राजेश कुमार सिंह ने दी।

### तहरीक-ए-बेदारी की 13वीं सभा का समापन

**रांची।** सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के तत्वावधान में थड़पखना स्थित मदरसा फैजाने मुस्तफा में तहरीके बेदारी की 13वीं सभा मौलाना डा. ताजुद्दीन रिजवी की अध्यक्षता एवं मदरसा फैजाने मुस्तफा के अध्यक्ष मो. नसीम, उपाध्यक्ष मो. अबरार, सचिव मो. मुश्ताक,सह सचिव मो. आमिर, कोषाध्यक्ष बिप्पू, वरिष्ठ पत्रकार शफीक अंसारी सहित कमिटी के तमाम सदस्यों की निगरानी में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के बतौर मुख्य प्रवक्ता मौलाना मंजूर हसन बरकाती ने सभा को सम्बोधित किया। कहा कि तिलक- दहेज, नशा, जुआ जैसी बुराईयां समाज के लिए अभिशाप है। दहेज व नशा इंसान को हैवानियत की राह दिखाता है यह बताते हुए उन्होंने समाज के हर वर्ग से निडर होकर नशा व तिलक- दहेज के खिलाफ खुलकर आवाज उठाने का आव्हान किया। मौलाना गुलाम फारूक ने अपने सम्बोधन में तहरीक ए बेदारी के मूल उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए निकाह को सरल एवं आसान बनाने एवं बिना तिलक- दहेज के शादी रचाए जाने की बात कही। मौलाना डा. वारिस जमाल ने शिक्षा पर जोर दिया। कहा कि आधी रोटी खाकर भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा एवं अच्छा संस्कार दें ताकि शिक्षा के दीप से समाज को रौशन किया जा सके। सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के अध्यक्ष मौलाना डा. ताजुद्दीन रिजवी ने अध्यक्षीय संबोधन में समाज के हर वर्ग से अच्छे राह पर चलने एवं बुराईयों के खिलाफ खुलकर आवाज उठाने की बात कही। कार्यक्रम में मुख्य रूप से मदरसा फैजाने मुस्तफा के मौलाना मो. शमीम, मौलाना अशफाक आलम, हाफिज हेशामुद्दीन, हाफिज शादाब मंजर, हाफिज अब्दुल गफार,कारी अय्यूब, मौलाना शम्स तबरेज, मौलाना आबिद हुसैन, मौलाना गुलाम फारूक, मौलाना शेर मोहम्मद कादरी, मौलाना अब्दुल सलाम, सुन्नी बरैलवी सेन्ट्रल कमिटी के महासचिव अकीलुर्रहमान आदि लोग उपस्थित थे।

# पीएलवी का प्रशिक्षण संपन्न सचिव ने दिये कई दिशा-निर्देश

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**रांची।** डालसा हॉल, रांची में शनिवार को डालसा के लगभग 70 कार्यरत पीएलवी के साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा), रांची राकेश रंजन ने बैठक की। बैठक में उपस्थित पी.एल.वी. के किये गये कार्यों की समीक्षा की एवं कई दिशा-निर्देश दिये गये तथा उन्हें पोक्सो एक्ट, एम.ए.सी.टी. एक्ट एवं रिमांड के बारे प्रशिक्षण दिया गया। बैठक में डालसा सचिव राकेश रंजन, एलएडीसी मुख्य, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, श्री राजेश कुमार सिन्हा, सुश्री कविता कुमारी काठी, डिपुटी एलएडीसी, सौरभ पाण्डेय, शिवानी सिंह, बिरेंद्र प्रताप, सहायक, एलएडीसी, डलासा के कार्यरत पीएलवी एवं अन्य उपस्थित थे। पीएलवी के प्रशिक्षण के दौरान डालसा सचिव ने समस्याओं को जाना एवं उसके निदान के बारे विस्तार से बताया। इसके अलावा प्रशिक्षण में पोक्सो एक्ट, एमएसीटी एक्ट, पुलिस रिमांड में व्यक्ति के क्या अधिकार हैं, इसकी जानकारी दी गयी। अंत में सचिव राकेश रंजन ने सभी पी.एल.वी के द्वारा किये गये कार्यों का भी अवलोकन किया और उन्हें अपने क्षेत्र में अच्छी तरह से काम करने के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिये।

### ये लोग थे उपस्थित

सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची, राकेश रंजन, एलएडीसी मुख्य, डिपुटी एलएडीसी, सहायक एवं पीएलवी अश्रृता बेक, अनिमा मलिक, ज्योत्सना गोराई, शारदा देवी, भारती देवी, बेबी देवी, जसिन्ता टोप्पो, कपिलदेव प्रसाद, ललिता देवी, लता कुमारी, मानव कुमार, मुक्तेश्वर पाहन, सिकन्दर मुण्डा, मुन्नी देवी, पम्मी देवी, पार्वती देवी, बेबी सिन्हा, राजेन्द्र महतो, अनिता देवी, रिना लिण्डा, संध्या विश्वास आदि थे।

# खेलकूद मन को प्रसन्न और उत्साहित रखता है : डॉ अजीत

### रांची वीमेंस कॉलेज के वार्षिक खेलकूद उत्सव में छात्राओं ने दिखायी प्रतिभा

**खबर मन्त्र ब्यूरो**

**रांची।** रांची महिला कॉलेज की ओर से शनिवार को वार्षिक खेलकूद उत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिक खेलकूद उत्सव 2022-2023 के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ अजीत कुमार सिन्हा ने छात्राओं से कहा कि खेलकूद मानव मन को प्रसन्न और उत्साहित बनाए रखता है। खेलों से नियम पालन के स्वभाव का विकास होता है और मन एकाग्र होता है। खेल में भाग लेने से खिलाड़ियों में सहिष्णुता, धैर्य और साहस का विकास होता है और सामूहिक सद्भाव और भाईचारे की भावना बढ़ती है। विशिष्ट अतिथि के तौर पर मौजूद वार्ड पार्षद रोशनी खलखो, रांची विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार एवं रांची विश्वविद्यालय की ओएसडी डॉ स्मृति सिंह ने भी अपने विचार रखे।

कॉलेज की प्रभारी प्राचार्या डॉ सुप्रिया ने कहा कि महाविद्यालयों में इस तरह के कलात्मक और सृजनात्मक कार्यक्रम का आयोजन होते रहना चाहिये। खेल-कूद शरीर और मन में ताजगी लाता है। मन की ऊब मिटाने और चित्त में प्रसन्नता लाने के लिए खेलों की जितनी भूमिका है उतनी शायद अन्य किसी चीज की नहीं। यही कारण है कि अलग- अलग समाज और देश में विभिन्न प्रकार के खेलों को पर्याप्त महत्त्व दिया जाता है। महाविद्यालय में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन इसी मकसद से किया जाता है। कार्यक्रम में कॉलेज के विभिन्न विभागों की छात्राओं द्वारा मार्च पास्ट किया गया। कुल 28 विभाग के द्वारा मार्च पास्ट प्रस्तुत किया गया जिसमें प्रथम संस्कृत डिपार्टमेंट दूसरे स्थान पर वनस्पति विज्ञान विभाग चुना गया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने सभी खिलाड़ियों को शपथ दिलायी। बीएड की छात्राओं द्वारा लोक नृत्य प्रस्तुत किया गया। सभी प्रतियोगिताओं की समाप्ति के बाद विजेता प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट, मेडल और मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। मौके पर महाविद्यालय की सभी शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं।



### प्रतियोगिताओं में विजयी प्रतिभागियों के नाम

**डिस्कस थ्रो :** प्रथम सुप्रिया मुंडा, द्वितीय निधि सलोने टूटी एवं तृतीय निर्मला केरकेप्ता रही।
**जैवलिन थ्रो:** प्रथम निर्मला केरकेप्ता, द्वितीय सुप्रिया मुंडा एवं तृतीय निधि सलोने टूटी रही।
**हाई जंप:** प्रथम सिमरन टोपनो, द्वितीय उषा खेष एवं तृतीय एकता रानी रही।
**शॉटपुट:** प्रथम सुप्रिया मंडल, द्वितीय उषा के एवं तृतीय चांदनी तिग्गा रही।
**स्पून रेस :** प्रथम हेमा कुमारी, द्वितीय प्रियंका कुमारी एवं तृतीय प्रेमिका एक्का रही। नॉन टीचिंग ग्रुप में म्यूजिकल चेयर गेम में प्रथम बिंदु, दूसरे स्थान पर माशेर्ला और तृतीय स्थान पर ममत रहीं। शिक्षिकाओं की प्रतियोगिता में करमी मांझी प्रथम स्थान पर, सरिता सिंह द्वितीय स्थान पर, तृतीय स्थान पर सुषमा दास गुरु रहीं।

स्पीड न्यूज

## कमलेश राम फाउंडेशन ने किया सहयोग



**ठाकुरगांव।** कांके प्रखंड के उरूगुट्ठू मारवा निवासी बंशी महतो की पत्नी का निधन पिछले दिनों गंभीर बीमारी से हो गया था। घटना की सूचना मिलने के बाद कमलेश राम फाउंडेशन के हीरालाल महतो के नेतृत्व में सदस्यों ने मृतक के घर जाकर श्राद्ध कर्म के लिये नगद, कपड़ा, खाद्य सामग्री देकर सहयोग किया। मौके पर हीरालाल महतो ने कहा कि भविष्य में भी जरूरतमंदों को संस्था की ओर से सहयोग किया जायेगा। इस अवसर पर नरेश महतो, अजय मुंडा मौजूद थे।

## अनियंत्रित होकर कार तालाब में गिरी, बाल-बाल बचे सवार

**नामकुम।** टाटीसिलवे थानाक्षेत्र के टाटी तालाब में शनिवार सुबह को एक कार अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गयी। हादसे में कार सवार सभी बाल बाल बच गए। पीड़ित अशोक कुमार ने बताया कि वे अपनी कार से अपनी पत्नी और दो बच्चों के साथ सुबह सुबह पूजा करने निकले थे। उसी दौरान ब्रेक लगाने के दौरान गलती से एक्सलरेटर दब गया और कार अनियंत्रित होकर तालाब में गिर गयी। जिसे मौके पर उपस्थित लोगों ने सभी लोगों को सरक्षित निकाल लिया जिससे बड़ा हादसा टल गया।

## एचडीएफसी बैंक का हेल्थ चेकअप कैंप आज

**नामकुम।** झारखंड पेंशनर कल्याण समाज नामकुम एंव एचडीएफसी बैंक की ओर से रविवार को नामकुम स्थित पेंशनर शाखा भवन में एक मेगा हेल्थ चेकअप षिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में विशेषज्ञ डाक्टरों द्वारा बीपी, सुगर, आंखो की जांच एवं अन्य परामर्श नि:शुल्क दिया जाएगा। पेंशनर समाज ने सभी लोगों से शिविर में आकर जांच कराने और इसका लाभ उठाने की अपील की है।

## इटकी : बिजली चोरी में आठ पर मामला दर्ज

**इटकी।** बिजली विभाग द्वारा बकाया राशि की वसूली व बिजली चोरी के विरुद्ध शनिवार को इटकी क्षेत्र में छापामारी अभियान चलाया। इटकी के कुंदी, पतरा टोली व बारीडीह गांव में आठ उपभोक्ताओं को अवैध ढंग से बिजली का उपभोग करते पाया गया। इनके विरुद्ध अर्थ दंड के साथ इटकी थाना में मामला दर्ज कराया गया है। छापामारी अभियान में जेई राजेंद्र प्रसाद चौधरी, सुखनाथ सिंह, खुर्शीद आलम व शिवराज सहित अन्य शामिल थे।

## शिक्षक के निधन पर श्रद्धांजलि सभा



**बुंडू।** रमेश सिंह मुंडा स्मारक 2 उच्च विद्यालय बुंडू के छात्र एवं इसी विद्यालय के पूर्व प्राचार्य और पंचपरगना के लोकप्रिय, मृदुभाषी विद्वान गणित व विज्ञान शिक्षक स्व दलगोबिंद मांझी के निधन पर शोक सभा किया गया। शोक सभा में इसी विद्यालय के 1967 बैच विद्यार्थी, विद्यालय के शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं छात्र छात्राएं उपस्थित हुए।

# मां की डांट से आहत होकर युवक ने पेड़ पर झूल कर दे दी जान

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के चटकपुर गांव के रहनेवाले मोहित गोप (19 वर्ष) ने शुक्रवार रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार मोहित शुक्रवार शाम लगभग साढ़े सात बजे अपने घर आया और आलू गोभी की सब्जी खाने को लेकर परिजनों से कहासुनी हो गयी। जिसके बाद मोहित गांव की दुकान से अंडा लाया और अपनी मां से बनाने को कहा। कुछ देर बाद उसके मोबाईल पर एक फोन आया और वह अपनी मां से बोला कि वह उनसब से दूर जा रहा है, जिसपर मां ने उसे डांटा तो वह घर से बाहर निकल गया। कुछ देर बाद उसने जोरार में रहने वाली अपनी नानी को भी फोन लगा कर कहा कि वह अपनी जान दे रहा है। जिसके बाद नानी सहित परिजन लगातार उसके मोबाइल पर फोन कर उसे समझाने की कोशिश करने लगे पर उसने किसी का फोन नहीं उठाया। जिसके बाद परिजन उसकी खोजबीन में लग गए। परिजनों ने नामकुम थानेदार सुनील तिवारी को मामले की जानकारी दी जिसके बाद श्री तिवारी द्वारा मोहित का मोबाईल लोकेषन निकलवाया गया। मोहित का लोकेशन गांव में ही मिला, जिसके बाद सभी दुबार खोजने में जुट गए। काफी देर के बाद मोहित का शव घर से पांच सौ मीटर की दूरी पर पुटकल के पेड़ पर लटका मिला। आननफानन में मोहित को पेड़ से उतारकर पास के एक नीजि अस्पताल ले जाया गया। जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मामले की जानकारी ओपी पुलिस को दी गयी, जिसके बाद पुलिस ने शनिवार सुबह शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भिजवा दिया। देर शाम मोहित का अन्तिम संस्कार गांव के श्मशान में कर दिया गया।

### जुआ में हारने के बाद था डिप्रेशन में

स्थानीय लोगों के अनुसार मोहित हाल के दिनों में जुआ में लगभग एक लाख रुपये हार गया था, जिसके बाद वह डिप्रेशन में आ गया था। किसी सथानीय व्यक्ति को पैसा देने को लेकर वह काफी चिन्तित रहता था। उसके बाद परिजनों द्वारा डांट लगाने के कारण उसकी स्थिति खराब हो गयी और संभवत: उसके आत्महत्या कर ली। मामले में थानेदार सुनील कुमार तिवारी ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मामला पूरी तरह से साफ हो जाएगा।

### गांव में जुआ खेलना बंद करा दूंगी : मुखिया

स्थानीय मुखिया निशा उरांव ने बताया कि जब उन्हें सूचना मिली कि युवा गांव में जुआ खेलते है और गांव के कुछ युवको द्वारा कई जगह जुआ खेलाया जाता है तो उन्होने ग्रामसभा की बैठक में गांव में जुआ खेलने पर प्रतिबंध लगा दिया। उन्हे सूचना मिल रही है कि अभी भी गांव में कुछ युवको द्वारा जुआ संचालित कराया जा रहा है तो वे सभी से अविलंब जुआ खेल बंद करने की अपील करती है। खेल अगर फिर भी जारी रहा तो वे जुआ संचालित करने वालों पर प्राथमिकी दर्ज करायेंगी और महिला समितियों द्वारा उन्हे गांव से बाहर भगाने का काम किया जाएगा।

## नगड़ी : बालिका विद्यालय में लगा प्रशिक्षण शिविर

**पिस्कानगड़ी।** नगड़ी स्थित झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयए पांच दिवसीय कोमल पद प्रशिक्षण शिविर का आयोजन हिन्दुस्तान स्काउट्स गाइड्स झारखण्ड राज्य की टीम द्वारा किया गया। आयोजित शिविर में 165 बालिकाओं ने स्काउट गाइड की ट्रेनिंग ली। शिविर का संचालन कान्ति कुमारी एवम सोनाली कुमारी ने किया। शिविर में बालिकाओं को आपदा प्रबंधन, प्राथमिक चिकित्सा, विभिन्न प्रकार के स्ट्रैचर बनानाए चोट लगने पर किस प्रकार उपचार करे, मार्चपास्ट, टैंट बनाना, योगासन आदि सिखाया गया। मौके पर बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए समापन समारोह में मुख्य अतिथि संगीता तिर्कीए स्कूल प्रबंधन कमेटी ने सभी बालिकाओं को सर्टिफिकेट वितरण किया। मौके पर डॉ बैशाली कुमारी, वीना रानी, आशा कुमारी, सरस्वती कुमारी, मेनका कुमारी, प्रीति कुमारी, अल्ताफ हुसैन उपस्थित थे। शिविर का समापन सर्वधर्म ध्यान योग व सर्वधर्म प्रार्थना के साथ किया गया।


**कार्यालय नगर पंचायत, खूँटी**

पत्रांक......................खूँटी, दिनांक..................

**शुद्धि–पत्र**

इस कार्यालय के पत्रांक 245 दिनांक 13.02.2023 जिसका PR No. 290250 द्वारा प्रकाशित वर्ष 2023–24 के लिए खूँटी बस पढ़ाव, डेली मार्केट खूँटी, पार्किंग एवं सप्ताहिक हाट का बन्दोवस्ती दिनांक 25.02.2023 को 11:00 बजे पूर्वाह्न से थाना परिसर, खूँटी में निर्धारित किया गया था। इसे अपरिहार्य कारणों से दिनांक 10.03.2023 को पूर्वाहन 11:00 बजे किया जायेगा।

अतः इच्छुक डाक वक्ता बन्दोबस्ती में भाग लेने हेतु दिनांक 09.03.2023 समय 5.00 बजे अपराह्न तक अपना आवेदन पत्र जमानत राशि का बैंक ड्राफ्ट के साथ कार्यालय में प्रधान सहायक के पास जमा कर सकते हैं। शेष शर्ते पूर्ववत् रहेगी।

बन्दोबस्ती संबंधी नियम एवं शर्त्त कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर पंचायत, खूँटी

PR 291254 (Urban Development)22-23*D



**कार्यालय जिला अभियंता जिला परिषद, गुमला**

**Corrigendum**

इस कार्यालय का ज्ञापांक 260(ii), दिनांक 22–02–2023 के द्वारा प्रकाशित प्रेस विज्ञप्ति जिसका PR NO-291068 है, को अपरिहार्य कारणों से रद्द किया जाता है।

जिला अभियन्ता
जिला परिषद, गुमला

PR 291232 Rural Development (22-23)_D


## मदरसा तहफिजुल कुरआन प्रांगण में तालीमी मुजाहिरा

**इटकी।** मदरसा तहफिजुल कुरआन प्रांगण सुल्तान नगर इटकी के तत्वावधान में शुक्रवार को तालीमी मुजाहिरा का आयोजन किया गया। मदरसा के मोहतमिम मौलाना मुश्ताक की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में हिंदीए उर्दूए अरबीए तकरीर व नात में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत व प्रोत्साहित किया गया। वक्ताओं ने मदरसा के बच्चों के प्रस्तुति की सराहना किया। साथ ही कहा इस आधुनिक दौर में इस्लामिक शिक्षा के साथ साथ तकनीकी शिक्षा को जरूरी बताया। कार्यक्रम में अरकम रांचवी ने अपनी आवाज में नात प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी।

## क्वीन ऑफ छोटानागपुर टीम ने जीता टूर्नामेंट

### फुलवार-बेहराबेड़ा गांव में महिला फुटबॉल टूर्नामेंट

खबर मन्त्र संवाददाता



**राहे।** प्रखंड के फुलवार-बेहराबेड़ा गांव के मैदान में आयोजित एक दिवसीय महिला फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में क्वीन ऑफ छोटानागपुर की टीम ने सुरुद एफसी नामकुम की टीम को एक गोल से पराजित किया। विजेता टीम को बिरसा मुंडा आर्चरी केंद्र के अध्यक्ष नेहा महतो 25 हजार रुपये पुरस्कार दिये। उप विजेता टीम को ईचागढ़ प्रभारी हरेलाल महतो की पत्नी सह समाजसेवी रीना महतो ने नगद 20 हजार रुपए पुरस्कार में दिये। तीसरे टीम अनगड़ा को जिप सदस्य बुंडू परमेश्वरी शांडिल्यए राहे प्रमुख लीलमनी देवीएऔर पंचायत समिति होटलो रीना देवी ने 5 हजार पुरस्कार दिये। चौथी टीम को जिप सदस्य सोनाहातू मंजू सिंह मुंडा ओर मुखिया होटलो गिरिबाला देवी ने 5 हजार पुरस्कार दिये। संचालन धनु नाग के द्वारा किया गया। मौके पर रंगबहादुर महतो, उप प्रमुख उमेश महतो, श्याम महतो, तारणी सिंह मुंडा, लहरू महली, सेवाराम भोक्ता, प्रमोद सिंह, मनोरंजन भोक्ता आदि उपस्थित थे। टूर्नामेंट के सफल आयोजन में कमिटि के बुद्धराम मुंडा, राजेश लोहरा, लखिन्द्र मुंडा सहित सभी सदस्यों का योगदान रहा।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार।**

**आम सूचना**

आगामी ग्रीष्म को देखते हुए लातेहार जिला के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित नलकूपों तथा ग्रामीण जलापूर्ति योजना से संबंधित पेयजल की समस्या से निपटने हेतु जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष का गठन किया गया है जो निम्न प्रकार है:–

1. पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार में जिला स्तर पर श्री राजेश कुजूर सहायक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार को नियंत्रण कक्ष का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है, जिनका मोबाईल नम्बर सह Whatsapp No 9431054379 है। श्री धर्मराज पाठक निम्न वर्गीय लिपिक, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल चन्दवा जिनका मोबाईल सं0–9304490443 तथा श्री गौरव राज, निम्न वर्गीय लिपिक, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार जिनका मोबाईल सं0–7903107658 है, को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी बनाया गया है। Control Room में कार्यालय दिवस के कार्यालीय अवधि में शिकायत दर्ज करा सकते है।
2. पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार अन्तर्गत अवर प्रमंडल/प्रशाखा स्तर पर भी शिकायत पुस्तिका संधारित है, तथा संबंधि ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के जल सहिया को भी शिकायत दर्ज करा सकते है।

| क्र0 सं0 | नियंत्री पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | मोबाईल सं0 | नोडल पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | आवंटित प्रखण्ड | मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री राजेष कुजूर सहायक अभियंता पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमंडल लातेहार। | 9431054379 | श्री विरेन्द्र कुमार सिंह कनीय अभियंता | लातेहार | 8210573569 |
| | | | श्री सतीस कुमार कनीय अभियंता | मनिका | 7909050800 |
| 02 | श्री अरूण कुमार मेहता, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल चन्दवा। | 8340573562 | श्री सुनील कुमार कनीय अभियंता | चन्दवा, बालूमाथ | 7677322426 |
| | | | श्री विरेन्द्र कुमार सिंह कनीय अभियंता | हेरहंज, बरियातु | 8210573569 |
| 03 | श्री प्रषान्त कुमार पाण्डेय, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल बरवाडीह। | 8797128296 | श्री महेन्द्र राम कनीय अभियंता | गारू, बरवाडीह | 9122448551 |
| 04 | श्री राजेष कुजूर सहायक अभियंता पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमंडल लातेहार। | 9431054379 | श्री सतीस कुमार कनीय अभियंता | महुआडाड़ | 7909050800 |

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार।

PR 291256 Drinking Water and Sanitation(22-23)D


## बेड़ो : बीमार वृद्ध की बीडीओ ने की मदद

खबर मन्त्र संवाददाता



**बेड़ो।** विगत कई महीने से बीमार चल रहे हरिहरपुर जामटोली पंचायत के खखसी टोली निवासी 79 वर्षीय अखिल भारतीय टाना भगत विकास प्राधिकार के जिला अध्यक्ष खेड़िया टाना भगत के घर शनिवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ प्रवीण कुमार मसीहा बनकर पहुंचे। जहां बृद्धा पेंशन की समस्या का समाधान किया। खेड़िया टाना भगत ने आज प्रखंड विकास पदाधिकारी को फोन कर वृद्धा पेंशन खाते में नहीं आने से दवाई की किल्लत की बात कही। यह सुनते ही बीडीओ डॉ प्रवीण कुमार उनके आवास पर पहुंचकर उनका हाल लिया। बताया गया कि उनका पेंशन कई महीने से नहीं आ पाया है, जो उनकी की दवा एवं अन्य साधनों का सहारा है। प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा शीघ्र ही मामले की छानबीन कर समस्या का समाधान किया गया। मौके पर बीडीओ ने बताया कि उनका पैसा एसबीआई में नहीं जाकर अब बैंक ऑफ इंडिया में जा रहा है। इधर कई महीने की राशि एकमुश्त पाकर बूढ़े पति पत्नी ने जहां एक और सुकून की सांस ली वहीं प्रखंड विकास पदाधिकारी को उम्मीदों का चिराग बताकर आशीर्वाद दिया।

## गणेश पूजा के साथ अखंड हरिकीर्तन शुरू

**ओरमांझी।** क्षेत्र के शंकर घाट शिव मंदिर का दो दिवसीय वार्षिक महोत्सव शनिवार को शुरू हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व सांसद रामटहल चैधरी व प्रमुख अनुपमा देवी द्वारा भगवान गणेष पर पुष्प अर्पित कर 24 घंटे का अखंड हरि कीर्तन का शुभारंभ किया गया। वहीं आयोजन समिति व भक्तों के साथ अतिथियों द्वारा भी कीर्तन किया गया। रामटहल चैधरी ने कहा सनातन धर्म में मंदिर की वार्षिक व धार्मिक महोत्सव का विषेष महत्व है। उन्होंने कहा बगैर रूके 24 घंटे का अखंड कीर्तन से वातावरण के साथ व्यक्ति में भी ऊर्जा का संचार होता है।


**कार्यालय, जिला परिषद्, लोहरदगा।**
(अभियंत्रण कोशांग)

Phone Number:- 06526-222064 email-id:lohardagazilaparisad@gmail.com

**ई–निविदा**
**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

निविदा संख्या –45/2022–23 दिनांक 24.02.2023

| क्र0/ ग्रुप संख्या | प्रखण्ड | योजना का नाम | प्राक्कलित राशि | परिमाण विपत्र की राशि | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | पेषरार | पंचायत सिरम के ग्राम कुरसेमेंगाला नदी पर पुल निर्माण | 8911000.00 | 10000.00 | 178300.00 | 06(छ) माह |

2 वेवसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 02.03.2023
3 बीड प्राप्ति की अंतिम तिथि व समय :– 09.03.2023/05:00 बजे अपराह्न तक
4 अग्रधन की राशि एवं परिमाण विपत्र का मूल्य(हार्ड कॉपी) जमा करने की तिथि एवं समय :– 10.03.2023/02:00 बजे अपराह्न तक
5 निविदा खोलने की तिथि व समय :– 11.03.2023/05:00 बजे अपराह्न तक
6 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा
7 निविदा खोलने वाले पदाधिकारी के कार्यालय का पता :– जिला परिषद कार्यालय, लोहरदगा

नोट –1. जिला परिशद् लोहरदगा में समुचित श्रेणी में निबंधित संवेदक निविदा में भाग ले सकते हैं। संवेदक का U-Canमें निबंधन अनिवार्य है।
2. निविदा की प्राक्कलित राशि घट बढ़ सकती है तत्पश्चात् अग्रधन की राशि देय होगा।
3. कार्य की मात्रा आवश्यक्तानुसार घट–बढ़ सकती है।
विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईटhttps://jharkhandtenders.gov.inपर देखा जा सकता है।

जिला अभियन्ता,
जिला परिषद्, लोहरदगा

PR 291241 Lohardaga(22-23)D


## सताकी गांव में कलश यात्रा के साथ श्रीरामचरित मानस कथा संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता



**राहे।** प्रखंड के सताकी गांव में आयोजित पांच दिवसीय श्रीराम चरित मानस कथा पाठ प्रवचन एवं महायज्ञ शनिवार को भव्य कलश यात्रा के साथ संपन्न हुआ।कलश शोभा यात्रा गाजे.बाजे एवं नाच के साथ यज्ञ मंडप प्रांगण से निकाली गई। यहां से सताकी गांव के रामघाट स्थित नदी पहुंची। मौके पर आगंतुक कथावाचकगण भी मौजूद रहे।बनारस से आये प्रसिद्ध कथावाचक पं मनोज मिश्रा उर्फ दाऊ जी ने इस मौके पर कहा कि मानव मात्र के धर्म के मार्ग पर चलना चाहिए। धर्म के मार्ग पर चलने वाला कभी अत्याचारी नहीं हो सकता। वह सदैव परोपकारी बन धमार्नुसार कार्य कर मोक्ष की प्राप्ति करता है। मौके पर व्यास मंच पर पं श्री बुलु ठाकुर जी महाराज, मुख्य पुजारी पं श्री सपन ठाकुर, पश्चिम बंगाल से आए कथावाचक पं श्री रवि ठाकुर जी महाराज, श्री सोनू ठाकुर, मानस वक्ता श्री गणेश शंकर विद्यार्थी मौजूद थे।

## महिला समूह राशन डीलर पर राशन नहीं बांटने का आरोप

खबर मन्त्र संवाददाता

**नामकुम।** प्रखण्ड के कुटियातु पंचायत के डहुटोली की राषन डिलर सखी महिला समूह पर स्थानीय ग्रामीणों ने कम राशन देने और एक माह का राशन देकर दो बार अंगुठा लगवाने की शिकायत की है। मामले में लगभग पचास से साठ ग्रामीण महिला पुरुष महिला समूह राशन डीलर की शिकायत लेकर नामकुम बीडीओ के पास पहुंचे। ग्रामीणों का कहना था कि डीलर महिला समूह द्वारा दिसंबर 2022 माह प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना तथा वर्ष 2023 में राष्ट्रीय खाद्व सुरक्षा अधिनियम के तहत जनवरी एंव फरवरी माह का खाद्यान वितरित नहीं किया गया है। साथ ही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि प्रत्येक माह लोागें से दो बार अंगुठा लगवाया जाता है। बीडीओ द्वारा मामले की जानकारी उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा को दी गयी, जिसके बाद उपायुक्त के निर्देश पर डीएसओ ने राशन डीलर महिला समूह और बीएसओ से स्पष्टीकरण मांगा है। मामाले में बीएसओ रवीन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि ग्रामीणों की शिकायत पर उनके द्वारा गांव में जाकर जांच की गयी और राशन डीलर महिला समूह पर लगाए गए आरोप सही पाए गए, जिसके बाद उनके द्वारा रिर्पोट डीएसओ और बीडीओ को दे दी गयी है।


**पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, मेदिनीनगर पलामू**

**गुमशुदा**



गुमशुदा बसंती देवी उम्र–35 वर्ष, पति–श्रवण यादव एवं बबीता कुमारी उम्र–16 वर्ष, कबीता कुमारी उम्र–08 वर्ष, रबीता कुमारी उम्र–07 वर्ष अभिषेक कुमार उम्र–05 वर्ष सभी पिता–श्रवण यादव थाना पाटन जिला पलामू के रहने वाली है। बसंती देवी के पती श्रवण यादव के के द्वारा बताया गया की इनके पत्नी एवं चार बच्ची और एक बच्चा गुम हो गये हैं। जो आज तक लौटकर घर नहीं आये हैं। जिसका हुलिया निम्न प्रकार है:–1. बसंती देवी रंग–सांवला, चेहरा गोला लम्बाई 05 फीट 03 ईन्च, बाल काला, पहनावा हल्की ब्लू रंग की साड़ी पहनी हुई है 2. बबीता कुमारी रंग–सांवला चेहरा–गोला लम्बाई–करीब 05 फीट बाल काला पहनावा–लाल रंग की सूट पहनी हुई है 3. कबीता कुमारी रंग–सांवाला चेहरा–गोला लम्बाई–करीब 04 फीट बाल–काला पहनावा–ब्लू रंग का फ्रॉक पहनी हुई है 4. रबीता कुमारी रंग–सांवला चेहरा–गोला लम्बाई करीब 03 फीट 05 ईन्च पहनावा–ब्लू रंग की फ्रॉक पहनी हुई है एवं 5. अभीषेक कुमार रंग–सांवला चेहरा–गोला लम्बाई करीब 02 फीट 05 ईन्च बाल काला पहनावा–ब्लू रंग का चेक दार शर्ट पैन्ट पहने हुए है। इस संबंध में पाटन थाना कांड किया गया है। उपरोक्त सभी गुमशुदा के संबंध में किसी प्रकार का कोई सूचना/जानकारी प्राप्त होने पर पाटन थाना प्रभारी के मोबाईल नं0–6205887259 पर सूचित करें।

पुलिस अधीक्षक,
पलामू

PR 291231 District (22-23)_D


# पुलिस पर भरोसा से शोषणमुक्त हो सकती हैं बेटियां

### फ्लोरेंस इंस्टीट्यूट में लैंप लाइटिंग व कैपिंग सेरोमनी

खबर मन्त्र संवाददाता






**ओरमांझी।** फ्लोरेंस ग्रुप ऑफ इंस्टिट्यूशन इरबा में शनिवार को 19वां लैंप लाइटिंग व कैपिंग सेरेमनी का आयोजन हुआ। छात्रों को नर्सिंग कैप पहनाकर उन्हें सेवा की शपथ दिलाई गई। साथ ही उपस्थित अतिथियों द्वारा यूनिवर्सिटी टॉपर कॉलेज की छात्रा अर्पणा तिर्की, अंकिता दास, सुजाता कुमारी, चेतन कुमार व हेमंती कुमारी को सम्मानित किया गया। वहीं कॉलेज की नर्सिंग छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विष्व विद्यालय के वीसी डॉ अजित कुमार सिन्हा ने कहा नर्सिंग क्षेत्र से जुडे बेटियों को अपने प्रोफेशन के प्रति गर्व करना चाहिए। नर्सिंग प्रोफेशन सिधे सेवा से जुड़ा प्रोफेशन है। जिसमें की सेवा के साथ आंसू पोछने का भी अवसर मिलता है। वहीं विशिष्ट अतिथि डीएसपी यशोधरा ने बेटियों के लिए नर्सिंग प्रोफेशन को बेहतर और बेटियों को अपनी सुरक्षा के प्रति सजग रहने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा थोड़ी हिमत व पुलिस पर भरोषा करने से कई बेटियां शोषित होने से बच सकती है।

### कार्यक्रम में थे मौजूद

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ विशिष्ट अतिथि डीएसपी यशोधरा, रजिस्टार डॉ अमर कुमार चौधरी, उपप्रमुख रिजवान अंसारी, सचिव जीनत कौसर, डॉ नाजनीन कौशर, प्राचार्या प्रमिला बक्सला, मुशर्फ हुसैन, शोएब अख्तर, सिम्मी मिंज, रोहिणी बक्सला, बिनीता खलखो, नमिता टोप्पो, शिवानी, वर्षा कुमारी, माधुरी, सुप्रिया कुमारी, सुधीर कुमार, रेशमा तिर्की, नीलम अनुभा, शकील परवेज, कलाम अंसारी, सादिक अंसारी मौजूद थे।


**झारखंड सरकार**
**कार्यालय :– वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा।**

**आम नीलामी की सूचना**

एतद् द्वारा सभी टिम्बर डीपू स्वामियों, आरा मिल स्वामियों, डीपू संचालकों प्रकाष्ठों आदि के विक्रेताओं–क्रेताओं एवं आमजन को सूचित किया जाता है कि निम्न कार्यक्रम के अनुसार बानो वन प्रक्षेत्र परिसर में रखे गये राजसात किये गये प्रकाष्ठों को इस वन प्रमंडल द्वारा बिक्री आम नीलामी के माध्यम से की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति, प्रतिष्ठान, टिम्बर डीपू एवं आरा मिल मालिक आदि वनोत्पादों के क्रय हेतु लॉट लिस्ट (सूची) वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा कार्यालय से नीलामी की तिथि के एक दिन पूर्व तक कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते है। विशेष जानकारी हेतु कार्यालय वन प्रमंडल पदाधिकारी, सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा में कार्यालय अवधि में सम्पर्क कर सकते है। यह भी सूचित किया जाता है कि सभी क्रेता GST से निबंधित होना चाहिए। क्रेता को निलामी में भाग लेने के लिए जो नियम एवं शर्तें लगायी गयी है इसकी जानकारी कार्यालय अवधि में प्राप्त कर सकते हैं।

| क्र0सं0 | निलामी स्थल/वन प्रक्षेत्र परिसर | नीलामी की तिथि | नीलामी का समय | प्रकाष्ठों आदि की किस्मे |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | बानो वन प्रक्षेत्र परिसर | 16.03.2023 | 11:30 बजे से | साल बोटा, साल फल्ली, साल बीम, साल चौखट, करम पटरा |

(अरविन्द कुमार गुप्ता)
वन प्रमंडल पदाधिकारी,
सिमडेगा वन प्रमंडल, सिमडेगा।

PR 291227 (Forest, Environment and Climate Changes) 22-23 (D)

## समय संवाद

दोनों पक्षों के अपने-अपने तर्क हैं। इस मामले ने पहले आपसी रंजिश को जन्म दिया, फिर बढ़ते-बढ़ते दोनों पक्ष अदालत तक जा पहुंचे। अब फिलहाल वहां किसी भी निर्माण या काम के लिए अदालत की ओर से रोक लग चुकी है। इस स्थिति ने जाने-अनजाने वहां के लोगों को दो खेमों में बांट दिया है। वे अपनी-अपनी मान्यताओं और विचारों को सही सिद्ध करने की जुगत में लगे हैं। ऐसी समस्याएं अक्सर मैंने भिन्न मतावलंबी के लोगों के बीच उठते देखा है। पूरे विश्व में वर्गीय रंजिश और झगड़े का सबसे बड़ा कारण धार्मिक मतभेद ही है। कई ऐसे देश है जो इस विषय को मुद्दा बना कर आपस में लड़ रहे हैं और बर्बाद हो रहे हैं।

# प्रकृति का संरक्षण अब सबसे आवश्यक

**संगीता सहाय**

**हम** उसे प्रकृति का नाम दें या कुछ और..! वही अदृश्य, अनजानी शक्ति सांसों के स्पंदन के रूप में हमारे भीतर भी वर्तमान है। इन सारे तथ्यों को देखने और जानने बावजूद हर युग में मनुष्य अपने अनावश्यक भ्रम और झूठी दंभ से भरी महत्ता को सिद्ध करने के लिए उस सर्वशक्तिमान को बांधने और बांटने के लिए प्रपंच करता रहा है।

शहरी सुविधाओं की चाह और रोजगार प्राप्ति के साधनों की कमोबेश उपस्थिति के कारण दिन-प्रतिदिन बढ़ती आबादी के दबाव से विस्तृत होता हमारा शहर वर्तमान में विस्तार के अंतिम सीमा को छूने लगा है। स्थिति यह हो गई है कि शहर के सबसे सुदूर इलाके के रूप में गिना जाने वाला और कम पैसे वाले लोगों की रिहाइश के लिए माकूल माना जाने वाला हमारा क्षेत्र भी आज शानदार बहुमंजिली इमारतों और सुरुचिपूर्ण तरीके से बने घरों से शोभायमान होता जा रहा है। ऐसे में यहां रहने वाले लोगों की बेहतर जीवन शैली के मद्देनजर स्वाभाविक रूप से इस विस्तारित होते मोहल्ले में अवस्थित एक चौरस सरकारी जमीन के हिस्से को पार्क निर्माण के लिए तय किया गया है। और यही बात आज समस्या का कारण भी बन गया है, क्योंकि यहां पहले से रह रहे कुछ शक्ति संपन्न लोग उस स्थल पर एक मंदिर निर्माण की शुरूआत कर चुके थे। जबकि प्रशासन और मोहल्ले के कुछ पढ़े-लिखे नई पीढ़ी के लोग चाहते थे कि वहां पार्क बने।

ऐसी परिस्थितियां मेरे मन में विचारों का बवंडर खड़ा



करती हैं। यह सवाल कुरेदने लगा है कि आखिर मनुष्य मंदिर, मस्जिद, चर्च जैसे इबादतगाहों का निर्माण क्यों करता है! वह जिसे सर्वशक्तिमान की संज्ञा देता है, जिसकी अनजानी शक्ति और सत्ता के आगे सदैव नतमस्तक रहता है, उसी को भिन्न-भिन्न रूपों वाले ईंट-गारे से बने दड़बों और महलों में बांधने की कोशिश क्यों करता है? वह एक तरफ सभ्यता और संस्कृति की जननी नदियों को मां की संज्ञा देता है। उन्हें मोक्षदायिनी मानता है, उनके अंजुरी भर बोतलबंद जल से गाहे-बगाहे अपने घर को शुद्ध करता है, वहीं उन्हीं नदियों में गंदगी को उड़ेलने, मलिन और जहरीले पदार्थों को डालते हुए उफ्फ तक नहीं करता। सच कहूं तो मनुष्य के इस मूढ़ता भरी हिमाकत पर मुझे हंसी और नाराजगी दोनों एक साथ आती है। एक तरफ वह कहता है कि जगत के कण-कण में ईश्वर का वास है, उसकी इच्छा सर्वोपरी है, दुनिया के प्रत्येक चर और अचर, धरा, आसमान, प्रकृति हर चीज का निर्माणकर्ता और संहारकर्ता ईश्वर ही होता है और दूसरी ओर, फिर उस असीम को बांधने के लिए हर गली, मुहल्ले, चौक, चौराहे पर दड़बों का निर्माण वालों को क्या कहेंगे?

गौरतलब है कि हमारी तमाम वैज्ञानिक प्रगति, मनुष्य के द्वारा बेहिसाब रूप से विकास के पायदानों को मापने और संसार के सारे बूझ-अबूझ रहस्यों के परदे खोल लेने का दावा करने के बावजूद यह एक बड़ा सत्य है कि आज भी लगभग हरेक व्यक्ति, चाहे वह नास्तिक हो या आस्तिक, इस तथ्य को तो मानता ही है कि जीव, धरती, आसमान, सूर्य, चांद, दिन, रात, हवा, मिट्टी के बीच बहुत कुछ ऐसा है, जो अब तक अबूझा और अनजाना है। हम उसे प्रकृति का नाम दें या कुछ और..! वही अदृश्य, अनजानी शक्ति सांसों के स्पंदन के रूप में हमारे भीतर भी वर्तमान है। मादा के कोख में पड़े नर शुक्राणु रूपी सूक्ष्मतम कण से साकार जीव बनने और धरा के अंक में लिपटे लघु बीज से पौधा और फिर विशालकाय वृक्ष बनने तक में, हर तरफ वही शक्ति अपनी पूर्ण सर्वोपरिता के साथ

# कामना: कष्ट का कारण

**स्वामी सत्यानंदजी परमहंस**



**किसी** भी कष्ट के पीछे कामना ही उसका कारण बनती है। बसारगढ़ स्थित ब्रंहाविद्यालय और आश्रम में स्वामी सत्यानंद ने कहा कि कष्ट इसलिए ज्यादा है क्योंकि हमलोगों ने अपनी कामना बढ़ा ली है। समाज में ज्यादा से ज्यादा सांसारिक वस्तुओं की इच्छा करने से कष्ट बढ़ रहा है। हमें उतने ही पैर पैसारने चाहिए जितने लंबे सौर हो। हमारे पूर्वजों ने हर चीज में अपनी कामना पर नियंत्रण रखते थे। यही नहीं वे अपने दिनचर्या और खान-पान को भी सीमा में रखते थे। आज हम अपनी कामनाओं को नियंत्रित करने में असफल हो रहे हैं यह सबसे बड़ा दुख का कारण बन रहा है। कष्ट कामना से होता है और कामना के नियंत्रण के लिए भक्ति का संग होना अनिवार्य है।

भक्ति गुरु के माध्यम से ही स्थापित होती है। सबकी कामना एक अच्छे जीवन की होती है जिसमें प्रसन्न्ता हो लेकिन क्या वह प्रसन्नता जीवन के तीसरे या चौथे चरण में महसूस की जाती है। परिवार, समाज सहित वस्तुओं की चाह में आदमी उलझा रहता है। एक राजा की कथा सुनाते हुये उन्होंने कहा कि राजा ने बड़े शौक से नदी के किनारे एक भव्य महल बनाया और उसमें यह सोचकर रहने गये कि राजकाम की परेशानी से वहां सकून मिल सकेगा। लेकिन जैसे ही राजा सोते उन्हें स्वप्न आत कि वे पानी में डूब रहे हैं। और डूब भी रहे है उसी नदी में जहां उन्होंने भव्य महल बनाया है। वे परेशान रहने लगे और नदी में उन्होंने कई नाविकों को लगाया और कहा कि मैं जैसे डूबने लगू तुम बचा लेना। क्या सपना में जो हम देखते हैं जब तक कोई जगा हुआ व्यक्ति जगा न दे हम बैचेनी से बच पाते हैं। राजा के नाविकों को लगा देने के बाद भी सपने में डूबने की बैचेनी होती रही। इससे वहीं बचा सकता है जो इनसे बच चुका है। जो भय, कामना हमारे जीवन में प्रभावी रूप लेती है वहीं सपने में बैचेन करती है। यही कामना हमारे जन्म जन्मातंर में हमारी पीछा करती है। सपने की बैचेनी और जीवन में सांसारिक वस्तुओं को पाने की बैचेनी में इंसान का हाल बेहाल हो जाता है। सांसारिक वस्तुओं के बीच रहकर भी कामना रहित होने की क्षमता होनी चाहिए। इसके लिए विश्वास अटूट हो परमात्मा पर, सदगुरु पर। अगर आपका विश्वास कमजोर हे तो आपकी आस्था टूटती है तो आपकी कामना मुक्ति की कैसे हो सकती है। कृष्ण पर अर्जुन की अटूट आस्था थी। यही कारण था कि गीता का उपदेश कृष्ण ने अर्जुन को दिया। अन्य चारों पांडव भी वीर थे लेकिन अर्जुन ने महाभारत की लड़ाई में कृष्ण की सेना और कृष्ण में से एक चुनने की बात आई तो कृष्ण को चुना। आपका विश्वास भक्ति में जितना मजबूत होगा आपका जीवन उतना ही सुदंर कामना रहित हो जाएगा।

संसार में मनुष्य ही कल्पना करता है। इसी कल्पना के माध्यम से वह गुरु से भी मिलता है आश्रम भी बनाता है और भक्ति मुक्ति का प्रयास करता है। लेकिन गुरु अगर गृहस्थ होगा तो उसकी सेवा नहीं हो सकेगी। सेवा के लिए अपनापन आवश्यक है लेकिन गृहस्थ गुरु का मन अपने परिजनों में भी लगा होता है। इसके कारण उसकी सेवा और अपनापन में कठिनाई होती है। सन्यासी गुरु में अपनापन का, सेवा का अधिक से अधिक अवसर मिलता है। उनका जीवन कुवल भक्तों और भक्ति के लिए समर्पित रहता है। अगर अपनापन नहीं होगा तो ज्ञान कैसे प्राप्त होगी? हम घर बनाते हैं, दुकान बनाते हैं चाहे कोई भी सांसारिक क्रिया करते हैं तो उसके पूर्व हम कल्पना करते हैं। इस शरीर को हम ईश्वर का मानते हैं लेकिन ईश्वर के इस शरीर को हम अपने अनुसार जीते हैं। विशेषकर भोजन में हम मिट्ठा और नमकीन का उपयोग स्वाद के लिए करते हैं जबकि वह डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेसर जैसे रोग को बढ़ाता है। अगर हम ईश्वर का शरीर मानते हैं तो इसकी देखभाल खूब अच्छे से करना चाहिए, खान-पान में पूरी सावधानी बरतनी चाहिए। **(ब्रह्य विद्यालय सह आश्रम छोटका राजपुर बक्सर, शाखा कुटी रांची)**

# हृदय रोग की चपेट से 90 लाख मौत

**डब्ल्यूएचओ** यानी विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक ताजा रिपोर्ट में हृदय से संबंधित रोगों से मरने वालों का जो आंकड़ा सामने आया है, वह बेहद चिंताजनक है।

सन 2000 में जहां हृदय रोग की चपेट में आकर दुनिया भर में बीस लाख लोग जान गंवा बैठे, वहीं 2019 में यह आंकड़ा बढ़ कर नब्बे लाख हो गया। यों मधुमेह और मनोभ्रंश भी दुनिया की शीर्ष दस बीमारियों की सूची में शामिल हैं, जिससे बहुत ज्यादा लोगों की मौत होती है, लेकिन बाकी सभी कारकों से होने वाली मृत्यु के मामलों में से सोलह फीसद मौत अकेले हृदय रोगों से होती है। आज इतनी बड़ी तादाद में लोगों को अपना शिकार बना रही है। डब्ल्यूएचओ कीजारी 2019 वैश्विक स्वास्थ्य आकलन रिपोर्ट में बताया गया है कि जिन दस बीमारियों से विश्व में सबसे ज्यादा लोगों की मौतें होती हैं, उनमें से सात गैर-संचारी बीमारियां हैं। फेफड़ों और किडनी से जुड़ी बीमारियों के अलावा कुछ अन्य रोगों की स्थिति में भी भारी तादाद में लोगों की जान जा रही है।

आमतौर पर ये जीवनशैली और खानपान से जुड़ी ऐसी बीमारियां हैं, जिनका बहुत थोड़ा ध्यान रख कर बचा जा सकता है। लेकिन लोगों के आलस्य और



लापरवाही की वजह से कोई बीमारी उनके भीतर घर बनाती है और पलते-बढ़ते हुए आखिरकार उनकी जान ले लेती है। मसलन, ज्यादातर लोगों को इस बात के बारे में जानकारी है कि धूम्रपान से किस तरह के नुकसान हो सकते हैं।

खुद डब्ल्यूएचओ की ओर से भी अपनी एक रिपोर्ट में यह बताया जा चुका है कि फेफड़ों के जुड़ी बीमारियां होने के अलावा तंबाकू के कारण होने वाले हृदय रोगों से हर साल दुनिया में करीब बीस लाख लोगों की मौत हो रही है; हृदय रोगों से होने वाली हर पांचवीं मौत की वजह तंबाकू या धूम्रपान है। विडंबना यह है कि इन तथ्यों के बावजूद लोग बेफिक्र होकर खुद को धुएं में गुम कर राहत की तलाश करते हैं। एक समय था जब मामूली बीमारियों का सही समय पर उचित इलाज नहीं होने की वजह से मरीजों की मौत हो जाती थी। लेकिन वक्त के साथ वैज्ञानिक उपलब्धियों के बीच चिकित्सा विज्ञान ने काफी उन्नति की और रोगों के इलाज के नए तरीके सामने आए, किसी रोग से मृत्यु के दरवाजे पर पहुंचे मरीजों के फिर से स्वस्थ होने की दर बढ़ी और इस तरह लोगों के जीवन की औसत आयु में भी इजाफा हुआ। लेकिन हृदय रोग सहित जीवनशैली और खानपान में तेजी से आते बदलाव की वजह से होने वाली कई बीमारियों की वजह से मौतों के आंकड़े भी तेजी से बढ़े। ज्यादातर मामलों में अपनी सेहत को व्यक्ति खुद ही दुरुस्त रख सकता है या फिर दांव पर लगा सकता है।

जीवनशैली में थोड़ी नियमितता लाई जाए तो जानलेवा रोगों की चपेट में आने से बचा जा सकता है। सवाल है कि जीवनशैली में घुली ऐसी लापरवाहियां या आदतें किस काम की, जो तात्कालिक तौर पर राहत की तरह लगती हैं, लेकिन सेहत को दीर्घकालिक और गंभीर नुकसान पहुंचाती हैं।

# गर्मी में खस के पर्दे

**जीवीएस शास्त्री**

**हमारे** देश में मौसम से अक्सर बचने की आदत है। उसका आनंद बहुत कम लिया जाता है। पर पहले के समय में एक ऐसा तरीका था जिससे पूरे घर में आने वाली हवा ठंडक के साथ खुशबू भी बिखरती थी। उसे कहा जाता है खस के पर्दे। घर, दुकानों व बरामदों के दरवाजों और खिड़कियों पर लगे ये पर्दे एक सुगन्धित घास के बने होते थे जिसे अंग्रेजी में वेटीवर कहा जाता है जो दरअसल मूलतः तमिल शब्द है। खस का वैज्ञानिक नाम वेटीवर जिजेनिआयडीज है, जिसका अर्थ है नदी के किनारे। यह झाड़ीनुमा खुशबूदार घास पानी के किनारे उगती है। इस घास की खासियत यह भी होती है कि सूखे की स्थिति हो या जल जमाव, दोनों ही स्थिति में यह पनप जाती है। भारत में खस की फसल की खेती राजस्थान, असम, बिहार ,उत्तर प्रदेश, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश तथा मध्यप्रदेश में प्रमुखता से होती है।

**छन कर आता सुकून**

खस की तासीर ठंडी होती है। इसीलिए इसके बने पर्दे जब खिड़कियों, दरवाजों, कूलर पर लगाकर उन पर पानी का छिड़काव किया जाता है तो उससे छन कर आयी ठंडक शरीर में नई ऊर्जा के संचार में सहायक होती है। दिनभर मूड तरोताजा बनाये रखने में यह ठंडक बहुत काम आती है। सबसे बड़ी समस्याओं में से एक है मानसिक तनाव। कई शोधों के परिणाम बताते हैं कि शारीरिक तथा मानसिक बेहतरी के लिए विभिन्न प्राकृतिक तथा सुगन्धित तेलों का प्रयोग करके अपने मूड को ठीक कर सकते हैं। यूनिवर्सिटी ऑफ पिट्सबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, खुशबू मानव मस्तिष्क में तत्काल बदलाव ले आती है। दरअसल, हमारे मस्तिष्क में सुगंध को पहचानने वाले न्यूरॉन्स होते हैं। ये न्यूरॉन्स ही मस्तिष्क को ऊजार्वान बनाते हैं।

**सुगंध से छूमंतर तनाव**

पुराने जमाने में मिस्र, यूनान एवं रोम में रहने वाले लोग कई मानसिक बीमारियों को ठीक करने के लिए अलग-अलग खुशबू वाले तेलों से उपचार करते थे। खस की जड़ों से निकले तेल से इत्र,परफ्यूम,शर्बत, दवाई, साबुन और कई कॉस्मेटिक बनाये जाते हैं। आज भी खस का इत्र अरब तथा अन्य कई देशों में बहुत पसंद किया जाता है। इसकी खुशबू रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाती है जिससे नर्व्स सिस्टम शांत रहता है। तनाव को दूर करके अच्छी नींद लाने में भी मददगार होती है।

# अब डिजिटल वोटर आइडी




**निर्वाचन** आयोग मतदाता पहचान पत्र डिजिटल रूप में मतदाताओं को उपलब्ध कराने की संभावनाओं पर विचार कर रहा है। आयोग के एक वरिष्ठ अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि इस संबंध में निर्वाचन आयोग ने अभी कोई फैसला नहीं किया है। उन्होंने कहा कि हमें क्षेत्र के अधिकारियों, (राज्य के) मुख्य निर्वाचन अधिकारियों के कार्य समूहों एवं जनता से विचार और सुझाव मिलते रहे हैं।

उनमें से यह एक विचार है जिसपर हम काम कर रहे हैं। उनसे जब पूछा गया कि क्या डिजिटल मतदाता पहचान पत्र का मतलब यह होगा कि कोई मतदाता उसे किसी ऐप के जरिए अपने मोबाइल फोन में रख सके, तो अधिकारी ने कहा कि आयोग पहले फैसला कर ले, उसके बाद इस तरह का ब्यौरा तय किया जाएगा।

अधिकारी ने बताया कि इसे मोबाइल, वेबसाइट, ई-मेल के जरिए रखा जा सकता है... विचार यह है कि इसकी (पहचान पत्र की) तेजी से आपूर्ति की जाए और उस तक आसानी से पहुंच हो। कार्ड के छपने और मतदाता तक पहुंचने में समय लगता है। आधार कार्ड, स्थायी लेखा संख्या (पैन) कार्ड और ड्राइविंग लाइसेंस भी डिजिटल माध्यम में उपलब्ध हैं।

डिजिटल माध्यम में, मतदाता की तस्वीर भी बिल्कुल साफ होगी, ताकि आसानी से उसकी पहचान की जा सके। आयोग के एक अन्य अधिकारी ने कहा कि प्रौद्योगिकी के दुरुपयोग को रोकने के लिए आयोग को कोई फैसला करने से पहले इसके सुरक्षा पहलुओं को देखना होगा। फोटो युक्त मतदाता पहचान पत्र 1993 में पहली बार लाया गया था और यह पहचान और पते के सबूत के तौर पर स्वीकार्य है।

# ई डब्लू एस आरक्षण का विरोध गलत



**त्रिपुरारी पाण्डेय**

आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग के परिवार अपने बच्चों को तालीम नहीं दे पाते हैं और इनके बच्चों की पढ़ाई पैसो के अभाव में रुक जाती है और फिर इन वर्गों के बच्चे भी शिक्षा से वंचित हो जाते हैं ! समाज में रहने वाले लोगों की स्थिति का सही आकलन तभी संभव है जब सभी को सही नजरों से देखा जायेगा !

**सभी** को उम्र ,अंक और शुल्क में छूट !

आर्थिक रूप से पिछड़े हुए सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए दस प्रतिशत आरक्षण की व्यवस्था की गयी है ! सामान्य वर्गों में आर्थिक रूप से पिछड़े हुए लोगों के लिए आर्थिक आधार पर आरक्षण स्वागत योग्य पहल है ! जैसा की विदित है की सामान्य वर्गों में भी अत्यंत ही गरीबी की स्थिति बनी हुई है या फिर यह कह सकते हैं की सामान्य वर्गों में भी अनगिनत ऐसे गरीब परिवार हैं जिनकी जीविका का आधार मजदूरी है !

सामान्य वर्गों में भी बहुत से ऐसे भी परिवार हैं जो भुखमरी एवं आभाव में जीवन व्यतीत कर रहे हैं ! सवर्णों में भी अनगिनत ऐसे परिवार हैं जो अथार्भाव के कारण गृहहीन हैं ! इन लोगों के लिए भी दो जून की रोटी मुश्किल है !

आर्थिक रूप से पिछड़े सामान्य वर्ग के परिवार अपने बच्चों को तालीम नहीं दे पाते हैं इनके बच्चों की पढ़ाई अर्थ के अभाव में रुक जाती है और फिर इन वर्गों के बच्चे भी शिक्षा से वंचित हो जाते हैं ! समाज में रहने वाले लोगों की स्थिति का सही आकलन तभी संभव है जब सभी को सही नजरों से देखा जायेगा ! सामान्य वर्ग के कई ऐसे भी घर हैं जो महज एक ही पहर का भोजन ग्रहण कर पाते हैं आर्थिक रूप से पिछड़े सवर्ण अथवा अनारक्षित वर्ग भी रोटी ,कपड़ा ,मकान और शिक्षा से वंचित हैं ! मगर खुद सरकार इस बात से समाज की इस सत्यता से अवगत होकर भी चुप है ?

गरीबी हर जात में ,गरीबी हर समुदाय में मौजूद है ! मगर सच्चाई सच रूप में तभी दिखेगी जब समाज के सभी लोगों की गरीबी एक नजर से देखि जाएगी ! गरीबी जात देखकर नहीं आती है इस कड़वी सच्चाई को सभी को समझनी चाहिए ! वातानुकूलित कमरों में बैठकर एवं ऐशोआराम की जिंदगी गुजारकर हकीकतों से अवगत हुए बगैर महज अपनी राजनैतिक रोटियां सेकने के लिए एहर आरक्षण का विरोध करना सर्वथा अनुचित है ! किसी को गरीबी रेखा से ऊपर लाने के लिए प्रयास ना करके उन्हें गरीबी रेखा से नीचे ही रखना घटिया मानसिकता और घृणित राजनीती का प्रमाण है !

आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों को 10% आरक्षण के तहत अन्य वर्गों के अभ्यर्थियों की भांति एहर वालों को भी उम्र ,अंक एवं शुल्क में अतिशीघ्र छूट देनी चाहिए !

जब आरक्षण पा रहे अन्य वर्गों को उम्र में छूट ,अंक में छूट ,शुल्क में छूट ,शिक्षा से जुड़े कोचिंग में छूट मिल रही है तो फिर 10% ईडब्लूएस वालों को उम्र में ,अंक में और शुल्क में छूट सभी प्रतियोगिता परीक्षाओं में क्यों नहीं मिल रही है ?

अक्सर या फिर यह कह सकते हैं की जब से एहर आरक्षण का प्रावधान किया गया है तभी से लोग जलन एवं नफरत की भावना से ग्रसित होकर आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों के लिए प्रावधानिक 10% आरक्षण का विरोध करते रहे हैं !

जबकि सत्यता यह है की आर्थिक रूप से पिछड़े लोगों को जल्द से जल्द सभी तरह की प्रतियोगी परीक्षाओं में उम्र ,अंक ,शुल्क और अन्य वर्गों की तरह अन्य संस्थानों में यथाशीघ्र छूट देनी चाहिए !

# ऑनलाइन क्लासेज का दौर



**नीतिन नवीन**

इस साल लोगों ने जो कभी सोचा ना था वह हर घटना घट गई इस साल। क्या कभी किसी ने सोचा था कि एक मोबाइल में पूरा स्कूल कॉलेज समा सकते हैं? इस वैश्विक महामारी कोरोना ने यह भी संभव करके दिखा दिया। 1 वर्ष पहले तक स्कूल कॉलेजों में मोबाइल फोन वर्जित थें, लेकिन अब मोबाइल के बिना स्कूल नहीं चल पाएंगे।

लॉकडाउन में जब सारे शिक्षण संस्थान बंद हो गए थे तब शिक्षण संस्थानों ने घर पर ही शिक्षा देने की नीति की पहल की और शुरूआत की ऑनलाइन क्लासेस की, विश्वविद्यालयों से लेकर प्ले स्कूल तक ऑनलाइन हो गए।

ऑनलाइन क्लासेस से अगर एक समस्या का समाधान हुआ तो साथ ही उसने दूसरी समस्या को भी जन्म दिया यह समस्या उनके लिए हुई जो मध्यमवर्गीय थे ,जो गरीब थे, जो दिहाड़ी मजदूर थे। लॉकडाउन में बहुत से लोगों ने परेशानी उठाकर स्मार्ट फोन खरीदे। ऐसे में जब स्कूल कॉलेजो ने ऑनलाइन क्लासेस की जोर पकड़ी तो बच्चों के लिए स्मार्टफोन अनिवार्य हो गए, मुसीबत तो तब होने लगी जब एक घर में 4 बच्चों के ऊपर 4 स्मार्टफोन की जरूरत पड़ने लगी। लोग ऐसे भी हैं जो दूसरों के घरों में काम कर अपना गुजारा करते हैं ऐसे में स्मार्टफोन और इंटरनेट का खर्चा वहन करना उनके बस के बाहर की चीज थी। सरकार ने ऑनलाइन क्लासेज तो जारी कर दिए लेकिन ऐसे लोगों के बारे में सोचना ही भूल गए।

संकट का सामना उनको भी करना पड़ा जिनके क्षेत्र में इंटरनेट सुविधा नहीं थी या इंटरनेट की गति काफी धीमी थी।अंतरराष्ट्रीय दूरसंचार संघ के अनुसार, इस गोलार्ध में इंटरनेट की पहुंच बहुत है और लगभग 360 मिलियन युवाओं तक इसकी पहुंच नहीं है।संयुक्त राष्ट्र विज्ञान और शिक्षा संगठन यूनेस्को के अनुसार कोविड-19 के कारण 850 मिलियन बच्चे और युवा- वयस्क दुनियाभर में स्कूल कॉलेज और विश्वविद्यालय मे नामांकित हैं जिसमें से आधे अभी शिक्षा या प्रशिक्षण नहीं है।

यदि ऑनलाइन शिक्षा को अधिक समावेशी सार्वजनिक शिक्षण संस्थान बनाना है तो जो इसके लिए जो निधि उपलब्ध कराते हैं उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि अधिक से अधिक शिक्षार्थी नई प्रौद्योगिकियों से लाभ उठा सकें। विद्यार्थियों के बीच ब्रॉडबैंड स्मार्ट फोन और लैपटॉप की पहुंच को प्राथमिकता दें।

(लेखक पारूल यूनिवर्सिटी गुजरात के काउंसलर हैं।)

संस्थापक
**स्व. डॉ अभय कुमार सिंह**
वृन्दा मीडिया पब्लिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए
मुद्रक, प्रकाशक
**मंजू सिंह**
द्वारा चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची (झारखंड) से मुद्रित एवं प्रकाशित।
संपादक
**अविनाश ठाकुर***
फोन : 94313-55233
पिनः -834006
e-mail
khabarmantra.city@gmail.com
R.N.I No.
JHAHIN/2013/51797
*पीआरबी एक्ट के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी। प्रकाशित खबरों से संबंधित किसी भी विवाद का निपटारा रांची न्यायालय में ही होगा।

# परीक्षा का मौसम और आप बने मददगार



**प्रशांत झा**

**परीक्षा** से कुछ दिन पहले व परीक्षाओं के दौरान बच्चों की जरूरतों को लेकर खास संवेदनशीलता बरती जानी चाहिये। जरूरी है कि इन दिनों में विद्यार्थियों को पढ़ने का अच्छा वातावरण प्रदान किया जाए। हालांकि हर समय ही परिवार व समाज की यह आवश्यक जिम्मेदारी है लेकिन परीक्षाओं के समय में इसकी उपेक्षा बिल्कुल नहीं की जा सकती। खास बात सिलेबस के टॉपिक को लेकर शंका समाधान, घर व आसपास का शांत माहौल, स्वास्थ्य का ख्याल और दिनचर्या को लेकर है। परिवार के सदस्यों के साथ ही गांव-नगर के नागरिकों व संस्थाओं का भी दायित्व है कि पढ़ने के अनुकूल वातावरण निर्मित हो।

**स्कूल में क्या करें**

स्कूल वह स्थान है, जहां बच्चे अध्यापकों के मार्गदर्शन में उपयुक्त वातावरण में पढ़ाई करते हैं। परीक्षा में सफलता के लिए अध्यापकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थी अपने सिलेबस की दोहराई करें। अध्यापक विद्यार्थियों की समस्याओं का समाधान करें। विद्यार्थियों को अपना टाइम-टेबल बनाकर स्व-अध्ययन के लिए प्रेरित करें। क्योंकि परीक्षाओं के दिनों में बच्चों को खुद ही तैयारी करनी होती है, इसलिए तैयारी में विद्यार्थी का आत्मनिर्भर हो जाना जरूरी है। हो सकता है स्कूलों में प्री-बोर्ड परीक्षा भी आयोजित हो चुकी हो। विद्यार्थी परीक्षा के लिए निर्धारित स्वरूप में प्रश्न-पत्र हल करने का अभ्यास करें। ऐसे में विद्यार्थियों को स्कूल व कक्षा पर निर्भर रहने की बजाय खुद ही तैयारी की योजना बना लेनी चाहिए। कोई दिक्कत होने पर विद्यार्थी अध्यापक से बात करें।



**घर का वातावरण**

जिन घरों में बच्चे परीक्षा की तैयारी कर रहे होते हैं, वहां सभी चीजों पर विशेष एहतियात बरतने की जरूरत है। पढ़ने के लिए हवादार कमरे का प्रबंध हो तो बेहतर है। घर में कमरे अधिक नहीं हैं तो कमरे का एक हिस्सा ऐसा हो, जिसमें बच्चे बैठ कर परीक्षा की तैयारी कर सकें। उस स्थान पर सभी लोगों की आवाजाही न हो। बच्चों की समय-सारिणी बनाने में अभिभावक मदद कर सकते हैं। यदि वे इसमें मदद न कर सकें तो विद्यार्थी द्वारा बनाई गई समय-सारिणी से अवगत अवश्य हों और विद्यार्थी की तैयारी के समय पढ़ने योग्य वातावरण बनाने में सहयोग करें। घर में कोई शोर न करे। टीवी आदि न चलाया जाए। चलाना अनिवार्य हो तो बहुत कम आवाज में, जिससे विद्यार्थी को कोई परेशानी न हो। पढ़ने को बैठने की अच्छी व्यवस्था हो। बेशक मेज-कुर्सी आदि का प्रबंध न हो पाए, लेकिन नीचे बैठने की भी उपयुक्त व्यवस्था हो।

**पौष्टिक और हल्का भोजन**

पौष्टिक भोजन यानी अच्छा व हलका भोजन जो बच्चे के शरीर को ऊर्जा प्रदान करे, जल्दी हजम हो जाये और सुस्त न बनाए। परिजनों द्वारा परीक्षाओं के दिनों में फास्ट फूड व जंक फूड न खाया जाये क्योंकि यदि परिवार का कोई सदस्य ऐसे भोजन का सेवन करेगा तो विद्यार्थी भी इसके लिए लालायित हो सकता है। साथ हल्का व्यायाम या सैर आदि भी आवश्यक है।

# युद्ध का परिणाम



# सुदेश महतो की पदयात्रा में उमड़ी भीड़

## आजसू प्रमुख ने एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के लिए मांगा वोट

**झूठी सरकार के झांसे में न आयें, एक भी वादा तीन साल नहीं हुआ पूरा : सुदेश**




**खबर मन्त्र संवाददाता**

गोला। एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में शनिवार को झारखंड के पूर्व उपमुख्यमंत्री सह आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो ने गोला में पदयात्रा कर समर्थन मांगा। पदयात्रा गोला के महादेव मंडा से शुरू होकर डीवीसी चौक, रजरप्पा चौक होते हुए पॉलिटिकल मोड़ आजसू कार्यालय तक किया गया। इस दौरान पदयात्रा में शामिल हजारों की संख्या में महिला पुरुष आजसू पार्टी जिंदाबाद, आजसू सुप्रीमो सुदेश कुमार महतो जिंदाबाद, चंद्रप्रकाश चौधरी जिंदाबाद, सुनीता चौधरी जिंदाबाद, आजसू भाजपा गठबंधन जिंदाबाद, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के जमकर नारे लगाये गये।

श्री महतो ने सड़क के दोनों ओर देखने वाले लोगों को हाथ जोड़कर अभिवादन किया। आजसू कार्यालय पहुंचने के बाद यात्रा को सभा में तब्दील कर दिया गया। जहां सभा को संबोधित करते हुए आजसू सुप्रीमो ने कहा कि झारखंड की सरकार झूठी है। इस झूठी सरकार के झांसे में न आयें। मुख्यमंत्री के द्वारा किये गये एक भी वादे तीन सालों में पूर नहीं किये गए। जिसका परिणाम राज्य के युवा साथियों को झेलना पड़ रहा है। अपने घर से दूसरे राज्यों में पलायन करने को विवश हैं।

मुख्यमंत्री ने राज्य के युवाओं को प्रत्येक वर्ष तीन लाख नौकरी देने के वादे किए थे। स्थानीय नीति, नियोजन नीति, 27 प्रतिशत आरक्षण सहित सैकड़ों वादे किए थे। लेकिन सरकार के द्वारा एक भी वादे पुरे नहीं किये गए। यहां तक की अपने तीन साल के कार्यालय में बालू का टेंडर नहीं करा सके। माफियाओं को छूट दे रखी है ताकि अपनी तिजोरी भरा जा सके। यहां के गरीब बेरोजगार युवाओं का कोई चिंता नहीं है। सिर्फ और सिर्फ अपने काम में मस्त हैं।

वहीं चंद्रप्रकाश चौधरी अपने 15 वर्षों के कार्यकाल में विकास की लंबी लकीर खींच दी। जिस कारण रामगढ़ विधानसभा एक नंबर में आकर खड़ा हो गया था। लेकिन वर्तमान सरकार के तीन साल के कार्यालय में रामगढ़ विधानसभा सबसे निचले पायदान पर आकर खड़ा हो गया है। कहा कि आजसू पार्टी का एक ही लक्ष्य है विकास। इसी लक्ष्य के अनुरूप पार्टी कार्य करती है। इसलिये जो विकास का काम करता है वोट उसे मिलना चाहिए। मौके पर गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो, एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी, जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी, गोला प्रमुख गीता देवी, जिप सदस्य जलेश्वर महतो, अशोक कुमार महतो, चंदर महतो, कपिल मुंडा, फंटूश महतो, यशोदा देवी, राजमोहन महतो, नित्यानंद महतो, बिंदेश्वर महतो, जयराम महथा, रणधीर बसरिया, जगत महतो, अखिलेश भारती, रमेश महतो, शंकरदयाल महतो, अनिल कुमार महतो, मणिलाल गोस्वामी सहित प्रखंड क्षेत्र के हजारों महिला पुरुष पदयात्रा में शामिल हुए।

### मोटरसाइकिल रैली में शामिल हुए जयंत सिन्हा

**रामगढ़।** एनडीए की उम्मीदवार सुनीता चौधरी के पक्ष में शनिवार को कैंट मंडल अध्यक्ष शिवकुमार महतो की अध्यक्षता में एमएमटी ग्राउंड से कॉलेज ग्राउंड तक विशाल मोटरसाइकल रैली निकाली गयी। रैली में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हजारीबाग सांसद जयंत सिन्हा सैकड़ों मोटरसाइकल सवार भाजपा कैंट मंडल कार्यकर्ताओं के साथ चट्टी बाजार,थाना चौक,सुभाष चौक होते हुए रामगढ़ कॉलेज के समीप पहुंचकर सभा के बाद अपनी रैली को संपन्न किया।बीच हीं सांसद जयंत सिन्हा की बाइक दुर्घटनाग्रस्त हो गई थी जिसमे उन्हे मामूली चोट लगी फिर भी वो प्राथमिक उपचार के बाद इस रैली में शामिल होने रामगढ़ कॉलेज गेट पर रैली संपन्न होने के बाद होने वाले सभा में उपस्थित हुए। जयंत सिन्हा ने कहा की आप सभी युवाओं के साथ काम कर मुझमें भी एक अलग स्फूर्ति आ जाती है और इसी का परिणाम है की रैली के बीच दुर्घटना में मुझे चोट लगने के बाद भी आप सब के बीच दुगुनी ऊर्जा के साथ खड़ा हूं साथ हीं उपस्थित युवाओं को हेलमेट पहनने की उपयोगिता पर बल दिया। उन्होंने कहा की इस उपचुनाव में जनता और कार्यकर्ताओं का जोश बताता है की एनडीए गठबंधन की जीत भारी मतों से होने जा रही है रैली में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष प्रणव वर्मा,पुरुलिया सांसद जोतिर्मय महतो,धनबाद विधायक राज सिन्हा, अर्चना सिंह,ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सह सांसद प्रतिनिधि प्रकाश मिश्रा, रोहित लाल,धनबाद विधायक राज सिन्हा, पूर्व बीससूत्री उपाध्यक्ष राकेश प्रसाद, सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू, खुशी लाल महतो,प्रो.आलोक सिंह, जिला मिडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी, आईटी सेल प्रवीण सोनू, सोशल मीडिया संतोष शर्मा, महामंत्री सूर्यवंश श्रीवास्तव, भाजयुमो पूर्व उपाध्यक्ष पप्पू यादव, संतोष साह,रविंद्र शर्मा,दीपक सोनकर, ऋषिकेश सिंह,सुशांत पांडे, जगदीश शर्मा,मणिशंकर ठाकुर, कीर्ति गौरव,शीतल सिंह, ऋषिकेश सिंह, अजीत गुप्ता, अरविंद सिंह आदि शामिल थे।

# उपचुनाव को लेकर थमा शोर

## आज डोर टू डोर जनसंपर्क करेंगे प्रत्याशी

**अमित सिन्हा**

**रामगढ़।** रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव को लेकर शनिवार को प्रचार समाप्त होते ही भोंपू का शोर बंद हुआ। प्रचार के अंतिम दिन सभी प्रत्याशी व उनके समर्थकों ने रोड शो, पदयात्रा एवं जनसंपर्क अभियान चलाकर लोगों से समर्थन की अपील की। आजसू के केंद्रीय अध्यक्ष सुदेश महतो ने एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के पक्ष में चितरपुर में रोड शो कर मतदाताओं से विजय बनाने की अपील की। साथ ही एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी व सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी भी प्रचार के अंतिम दिन जनसंपर्क करते नजर आए।

महागठबंधन प्रत्याशी बजरंग महतो व उनके समर्थक भी प्रचार के अंतिम दिन जनसंपर्क में सक्रिय दिखे। इस दौरान उनके द्वारा मतदाओं से अपने पक्ष में मतदान की अपील की गई। महागठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर सहित कई प्रमुख नेता चुनाव प्रचार के अंतिम दिन लोगों के बीच जाकर प्रत्याशी बजरंग महतो के पक्ष में जनसंपर्क करते नजर आए।

इधर, चुनाव प्रचार की अवधि समाप्त हो जाने के बाद रविवार को प्रत्याशी डोर टू डोर जाकर जनसंपर्क करते हुए मतदाताओं से समर्थन की अपील करते नजर आयेंगे। मतदान 27 फरवरी को होगा। जबकि चुनाव परिणाम 2 मार्च को आएगा।



एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी के समर्थन में निकाली गयी बाइक रैली में सांसद जयंत सिन्हा व अन्य।

# एनडीए प्रत्याशी को जिताकर ठगों को सबक सिखाएं : बाबूलाल

**रामगढ़ में दिनदहाड़े तीन व चार व्यवसायियों पर गोलीबारी होना ये दर्शाता है कि अपराधियों पर सरकार लागाम लगाने में विफल**

**खबर मन्त्र संवाददाता**




व्यवसायियों व बुद्धिजीवियों की बैठक को संबोधित करते बाबूलाल मरांडी।

रामगढ़। रोटरी क्लब के सभागार में उपचुनाव को लेकर व्यवसायियों व बुद्धिजीवियों की बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रवीण मेहता,प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार,रामगढ़ प्रभारी शशिभूषण भगत,ओबीसी मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष अमरदीप यादव, विजय मेवाड़ सहित मीडिया प्रभारी सत्यजीत चौधरी शामिल हुए। मरांडी ने कहा कि महागठबंधन ठगों की जमात है। उन्होंने कहा कि जनता इन ठगों को एनडीए प्रत्याशी को जिताकर सबक सिखाएं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन साल में हत्या,बलात्कार और भ्रष्टाचार के सबसे ज्यादा मामला झारखंड में दर्ज हुआ है जो चिंता का विषय है। रामगढ़ जिले में पिछले दिनों व्यवसाइयों पर विभिन्न जगहों पर हुई गोलीबारी पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा की बड़ी दुख की बात है की जिन अपराधियों और नक्सलियों का आतंक हमारी एनडीए की सरकार ने खात्म कर दिया था , महागठबंधन के मात्र तीन साल के शासन में चरम पर है। सबसे शांत और व्यवसाइयों के लिए सुरक्षित माने जाने वाले रामगढ़ जिले में शहर के बीच में दिनदहाड़े तीन से चार व्यवसाईयों पर ताबड़तोड़ गोलीबारी होना ये दर्शाता है अपराधियों पर सरकार लागाम लगाने में विफ ल है। एनडीए गठबंधन की सरकार में रामगढ़ सहित देश भर में हुए विकास का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा की हमारे गठबंधन की सरकार ने देश भर में विकास के कई इतिहास लिखें है। जम्मू से लेकर अयोध्या तक के मामले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एनडीए गठबंधन ने संवैधानिक तरीके से निपटाया है। कहा कि एनडीए के कार्यकाल में किसी का धर्म व जाति देखकर उन्हें योजनाओं का लाभुक नही बनाया गया। बल्कि आर्थिक स्तर और आवश्यकता के अनुरूप समाज के सभी धर्म, जाति और वर्ग के गरीबी स्तर को उठाने के लिए योजनाएं उचित लाभुकों तक पहुंचाई गई।

झारखंड अलग होते हीं मैने मुख्यमंत्री बनते हीं डीएमएफटी फंड के माध्यम से गरीबों हेतु योजनाओं को पटल पर उतरना शुरू किया । जिसका लाभ लोगों को मिला। मैंने अपने कार्यकाल में राज्य के सभी जरूरतमंदों को योजनाओं का लाभ दिया। गरीबों को प्रधानमंत्री आवास, शौचालय, सड़क, बिजली, पानी उपलब्ध करवाया। जिसे जनता आज भी स्वीकार करती है। कार्यक्रम का संचालन प्रो.संजय सिंह ने किया। जबकि समापन भाषण आईटी सेल प्रभारी प्रवीण सोनू ने दिया।

## चुनाव को लेकर उपायुक्त ने किया रामगढ़ महाविद्यालय का निरीक्षण



**रामगढ़।** विधानसभा उपचुनाव को लेकर शनिवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे के साथ रामगढ़ महाविद्यालय का निरीक्षण किया।जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने डिस्पैच के मद्देनजर रामगढ़ महाविद्यालय रामगढ़ में लगाए गए टेंट व बनाए गए विभिन्न काउंटरों का जायजा लिया। साथ ही उन्होंने बड़ी संख्या में मतदान पदाधिकारियों को सफलतापूर्वक मतदान कराने के लिए रवाना करने हेतु अन्य मूलभूत सुविधाओं आदि का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। मिश्रा ने डिस्पैच सेंटर पर पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम के माध्यम से नियमित रूप से मतदान पदाधिकारियों को डिस्पैच के दिन आवश्यक जानकारियां देने का निर्देश दिया । उन्होंने डिस्पैच एवं रिसिविंग कार्य में लगाए गए अधिकारियों एवं कर्मियों को उनके द्वारा किए जाने वाले कार्यो की विस्तार से जानकारी देते हुए उनकी सभी तरह की दुविधाओं को दूर कर देने का निर्देश दिया। माधवी मिश्रा ने पोस्टर/बैनर आदि के माध्यम से आवश्यक जानकारी मतदान पदाधिकारियों को देने व हेल्प डेस्क के माध्यम से किसी भी प्रकार की सहायता मतदान पदाधिकारियों को उपलब्ध कराने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश दिए।

# शतचंडी महायज्ञ में भक्तों का उमड़ा जनसैलाब

## इचाक में 5500 महिलाओं व कन्याओं ने उठाया कलश

**इचाक।** रांची पटना मार्ग पर दुर्गा नगर इचाक मोड़ स्थित नवनिर्मित दुर्गा मंदिर का उद्घाटन सह दुर्गा अष्ट परिवार का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर भव्य कलश जल यात्रा निकाली गई । यात्रा में 5500 महिला व कन्याओं ने कलश ली। इस दौरान भक्तों का जनसैलाब उमड़ पड़ा। इसके साथ ही 25 फरवरी से 5 मार्च तक चलने वाला श्री श्री 1008 दुर्गा देवी प्राण प्रतिष्ठा सह होमात्मक शतचंडी नौ दिवसीय महायज्ञ शुरू हो गया। शनिवार के अहले सुबह बाजे गाजे व जयजयकारा के साथ मंदिर प्रांगण से कलश यात्रा निकली जो एन एच 33 पथ होते हुए पांच किमी पैदल चलकर सेवाने नदी पहुंची वहां कांशी से आए यज्ञाचार्य तीर्थराज त्रिपाठी , उपाचार्य धर्मेंद्र कुमार शास्त्री समेत अन्य ब्राह्मणों ने वैदिक मंत्रोचारण के बीच गंगा माता की पूजा अर्चना के साथ कलश में जल भरवाया इसके बाद पुनः कलश यात्रा मंदिर प्रांगण पहुंची और विधि विधान के साथ यज्ञ मंडप में कलश स्थापित कराया गया। जल यात्रा में महायज्ञ समिति के अध्यक्ष सह जिप अध्यक्ष उमेश प्रसाद मेहता , पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव , भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रणव वर्मा, कांग्रेस नेता डा आर सी प्रसाद, दिगंबर कुमार मेहता , भाजपा नेता बटेश्वर मेहता , आर के मेहता ,जिप उपाध्यक्ष किशुन यादव,जिप सदस्य रेणु देवी, प्रमुख पार्वती देवी,उप प्रमुख सत्येंद्र मेहता , मुख्य पुजारी पूर्व उपप्रमुख चंद्रदेव मेहता एवम उनकी पत्नी, आजसू नेता प्रदीप कुमार मेहता, 20 सूत्री अध्यक्ष मनोहर राम, पूजा प्रभारी सह मुखिया रंजीत कुमार मेहता, चोहन महतो , उमेश प्रसाद , निशु कुमारी , अशोक राम, सांसद प्रतिनिधि सह उपाध्यक्ष भागवत मेहता, सुनील मेहता, महायज्ञ समिति के सचिव कैलाश प्रसाद मेहता, सहसचिव जागेश्वर प्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष चंद्रधारी प्रसाद मेहता, सह कोषाध्यक्ष राजबल्लभ प्रसाद मेहता, पूर्व मुखिया डेगनारायण प्रसाद मेहता, कुलदीप प्रसाद मेहता, बालेश्वर प्रसाद मेहता, ओमप्रकाश मेहता ,राजकुमार मेहता , यज्ञशाला प्रभारी फुलेश्वर प्रसाद मेहता, सीताराम मेहता, परमेश्वर मेहता, तालेश्वर राणा, सुखदेव प्रसाद मेहता, राधाकृष्ण मेहता , जयनारायण मेहता , झामुमो नेता दिगंबर मेहता के अलावा दर्जनों गांव के गणमान्य व्यक्ति समेत हजारों श्रद्धालु शामिल हुए ।



## बरकट्ठा में डीएल ब्रदर्स फूड एंड सर्विसेज खुला

**बरकट्ठा ।** बरकट्ठा बाजार चौक समीप डीएल ब्रदर्स फूड एंड सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड का उद्घाटन पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव ने फीता काटकर किया। उन्होंने ने कहा कि क्षेत्र में इस तरह के कार्यालय खुलने से क्षेत्र में पोल्ट्री फार्म में व्यवसाय करने वाले किसानों को काफी सहूलियत होगी। वही कंपनी संचालक जितेन्द्र प्रसाद एंव कैलाश यादव ने बताया कि यह कंपनी पोल्ट्री फीड गांव के व्यसायियों के लिए उच्च क्वालिटी का दाना तैयार करती है। कंपनी फूड उत्पादन बरकट्ठा और इचाक में करती है। उदघाटन में पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद, दयानंद चौधरी, अनिल कुमार पांडेय, बैजनाथ साव, कैलाश शर्मा, पिंकु कुमार, रानी कुमारी पांडेय, पुजा नायक, आलोक कुमार, सुनील गुप्ता, हरिहर दास समेत कई लोग उपस्थित थे।

## एक नजर में

### डिजिटल ट्रांजेक्शन से आत्मनिर्भर बन रही हैं महिलाएं : राजेंद्र प्रसाद



बरही। धनवार पंचायत के पैक्स कार्यालय में वित्तीय साक्षरता और डिजिटल ट्रांजैक्शन को दिया गया प्रशिक्षण। प्रशिक्षण में मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, पंसस संतोषी कुमारी, बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अविनाश आनंद शामिल हुए। ट्रेनिंग में महिलाओं को वित्तीय साक्षरता एवं डिजिटल ट्रांजेक्शन को बारीकी से समझाया गया। मुखिया राजेन्द्र प्रसाद ने कहा कि स्वयं सहायता समूह को जेएसएलपीएस से जोड़कर सभी पंचायत की महिलाओं के लिए एक वरदान साबित हुआ है। इसमें जुड़ने से महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर अपने परिवार का भरण पोषण कर सकती है। बैंक ऑफ इंडिया के शाखा प्रबंधक अविनाश आनंद ने महिलाओं से कहा कि आप सब नियमित बैंक शाखा से जुड़कर रहें। मौके पर प्रकाश साव, पंसस प्रतिनिधि विकास कुमार यादव, किरण देवी, बसंती देवी, आरती कुमारी, जोगनी देवी, सुलिया देवी, रेखा देवी, सुनीता देवी, गीता देवी, चंद्रावती देवी, रेणु देवी, मोनिका कुमारी, किरण देवी, रंजना कुमारी, संतोषी कुमारी, उषा देवी, रिंकी कुमारी, सजिया खातुन, उर्मिला देवी, संजू देवी, आसमा खातुन, चिंतामणि देवी, मोनिका देवी, रेहाना खातुन, गुड़िया देवी, गायत्री देवी, निशा कुमारी, देवन्ति देवी, चमेली देवी सहित अन्य महिलाएं मौजूद थे।

### बैंक ने मृत ग्राहक के नॉमिनी को दिया दो लाख

**दारू।** भारतीय स्टेट बैंक की दारू शाखा ने बैंक के ग्राहक की मौत के बाद उसके नोमिनी को दो लाख रुपये का मृत्यु दावा का भुगतान किया।इस मौके पर इरगा पंचायत भवन में एक कार्यक्रम आयोजित कर मृतक दिग्वार निवासी ललिता देवी के पति जयप्रकाश पासवान को रीजनल आफिस से आये सीएमपी सिंह और शाखा प्रबंधक विजय कुमार ने चेक सौपा। बैंक अधिकारी ने कहा कि सभी लोग बैंक में खाता खोला, ऋण ले और समय पर किस्त जमा करें। मृतक ललिता देवी ने प्रधानमंत्री सुरक्षा जीवन बीमा योजना के तहत 330 रुपये सालाना का बीमा लिया था जिसके बाद बीमारी से उनकी दुखद मौत हो गई और आज उनके नोमिनी को भुगतान किया गया इसलिए आप सभी लोग बीमा जरूर कराएं। इस मौके पर सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद,मुखिया अनिता देवी,मनोज अग्रवाल,विकाश यादव, महावीर यादब आदि मौजूद थे।

### बालिका आवासीय विद्यालय में अनियमितता

**दारू।** हरली में बालिका आवासीय विद्यालय और स्टाफ के लिए क्वाटर का निर्माण लगभग पांच करोड़ की लागत से किया जा रहा है। पांच वर्ष पूर्व आवासीय विद्यालय का कार्य शुरू किया गया था जिसका अब रंग रोगन कर दिया गया है पर इसमें लगाए गए लोहे की खिड़की दरवाजा, बिजली के तार स्विच, व टाइल्स बहुत ही निम्न गुणवत्ता के है। स्टाफ क्वार्टर का कार्य अभी चल रहा है जिसमे बहुत ही निम्न स्तर के ईंटे लगाए गए है साथ ही मिट्टी मिले बालू से प्लास्टर और टाइल्स लगाने का कार्य किया जा रहा है। इस बारे में शिकायत मिलने पर हरली मुखिया फरजाना खातून ने निर्माण स्थल जाकर कार्य का निरीक्षण किया और घटिया निर्माण की बात को सही पाया जिसे देखकर वो काफी नाराज हो गई। मुखिया ने कहा कि हमारे क्षेत्र के बच्चों के भविष्य के साथ ठिकेदार खिलवाड़ कर रहा है । वह इस बात की शिकायत उपायुक्त नैंसी सहाय से मिलकर करेंगी।

### मुखिया ने किया शैक्षणिक किट का वितरण

**विष्णुगढ़।** प्रखंडके गाल्होवार पंचायत के केंदुआडीह उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में शैक्षणिक किट का वितरण किया गया। वितरण गाल्होवार पंचायत के मुखिया मंजू देवी व मुखिया प्रतिनिधि छोटी शर्मा प्राचार्या के हाथों संयुक्त रूप से किया गया । मुखिया मंजू देवी ने कहा कि बच्चों को मन लगाकर पढाई करने की जरुरत है, साथ हीं शिक्षा के साथ अपने जीवन में डिसिप्लीन अपनाएं क्यों की शिक्षा से ज्ञान की प्राप्ति होती है और ज्ञान का मूल्य तभी है जब आपसे और आपके जीवन में विनम्रता का भाव बने । साथ हीं अपने समय पर स्कूल आएं साथ हीं शिक्षकों कों भी विद्यालय के बच्चों के प्रति विशेष ध्यान देने की भी जरूरत है। मौके पर विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापिका गीता देवी , सहयोगी शिक्षक नागेश्वर महतो हुलाश महतो, वार्ड सदस्य शांति देवी सरिता देवी, उपस्थित थे।

### आजसू नेता हत्याकांड के दो आरोपी गिरफ्तार



**रामगढ़।** बरकाकाना ओपी अंतर्गत लोवाडीह स्थित आजसू नेता मनोज मुंडा हत्या मामले को लेकर एसपी पीयूष पांडे ने प्रेस कॉन्फ्रेंस किया। उन्होंने बताया कि मामले की अनुसंधान को लेकर एसडीपीओ बिरेंद्र चौधरी के नेतृत्व में एसआईटी का गठन किया गया था। एसआईटी द्वारा लगातार मामले में शामिल आरोपियों को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही थी। इसी दौरान शुक्रवार की देररात मामले के दो आरोपी बिनोद गंझू व मुनेश्वर उरांव को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। जिन्हें शनिवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 6 बुलेट और दो मोबाइल बरामद किये गये हैं। एसपी ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि उग्रवादी संगठन जेजेएमपी द्वारा ठेकेदार मनोज मुंडा से लेवी की मांग की गई थी। लेवी की मांग को लेकर ही मनोज मुंडा की आरोपियों ने हत्या की।

### मजदूर की घर आने के दौरान मौत

**बड़कागांव।** चन्दोल निवासीमजदूर पप्पू राम होली मनाने मुंबई से घर आ रहा था लेकिन रास्ते में उड़ीसा के झारसुगुड़ा के लाजी वेरना रेलवे स्टेशन के पास कटकर उसकी मौत हो गई।रेलवे पुलिस के अनुसार यह घटना 24 फरवरी की 10 :00 पूर्वाह्न की है। इसकी सूचना रेलवे पुलिस के जीआर पीएफ के गोपाल कुमार द्वारा मोबाइल के माध्यम से मृतक के परिजनों को 2 :00 पूर्वाहन में दी गई। बड़कागांव प्रमुख प्रतिनिधि हेमंत भुईया के नेतृत्व में सात ग्रामीण पप्पू राम का शव लेने उड़ीसा गए। हेमंत ने बताया कि पप्पू राम मजदूरी करके घर का परिवार का भरण पोषण करता था । 8 माह पहले ही मजदूरी के लिए मुंबई गया था। 23 को घर के लिए चला और लाजे वरना रेलवे स्टेशन से 1 किलोमीटर पीछे रेलवे लाइन में पप्पू राम कट गया। रेलवे कर्मियों ने इसकी सूचना रेलवे पुलिस को दी पुलिस ने घर वालों को सूचना दी। पप्पू राम के शव को लेने के लिए हेमंत भुइया, महेश भुइया एवं मनु प्रजापति उड़ीसा 25 फरवरी को पहुंचे है। पप्पू राम अपने पीछे मां, पत्नी रूपा देवी मीनाक्षी कुमारी, पुत्र सुधीर कुमार , पुत्र रणधीर कुमार एवं पूरे गांव वाले 25 फरवरी को इंतजार दिनभर करते रहे । पत्नी रूपा देवी का कहना है कि मेरे पति घर आते समय मोबाइल द्वारा जानकारी दिए थे कि उनके पीछे मारपीट करने के लिए गुंडे लगे हुए हैं इसलिए मेरे पति को किसी ने हत्या कर रेलवे लाइन में फेंक दिए।

### पेपर एजेंट शिव कुमार सिंह का निधन

**भुरकुंडा।** सुंदरनगर निवासी पेपर एजेंट सह बुढ़वा महादेव सेवा विकास समिति भुरकुंडा के अध्यक्ष और पत्रकार राजकुमार सिंह के बड़े भाई शिवकुमार सिंह के आकस्मिक निधन से कोयलांचल भुरकुंडा ही नहीं जिले में शोक की लहर उमड़ पड़ी। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को गिद्दी दामोदर नदी शमशान घाट में किया गया। शमशान घाट पर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से दिवंगत के परिजनों को दु:ख की घडी में सहन शक्ति देने की प्रार्थना की गई। दिवंगत की एकलौती पुत्री प्राची सिंह उर्फ तन्नु ने पिता को मुखाग्नि दी। मुखाग्नि के दौरान बेटी की चित्कार ने लोगों को झकझोर कर रख दिया।

## स्पीड न्यूज

### कक्षा 5 से 8 तक के गरीब एवं मेधावी बच्चों को गोद लेगा स्कूल प्रबंधन : एनके तिवारी



विश्रामपुर पलामू। पूनम तिवारी एजुकेशनल एंड वेलफेयर ट्रस्ट द्वारा संचालित संत जोसेफ कॉन्वेंट स्कूल के बिश्रामपुर एवं पाटन शाखा में कक्षा 4 से 8 तक कि गरीब एवं मेधावी बच्चों को विद्यालय प्रबन्धन गोद लेगा। साथ ही शिक्षा के अधिकार के तहत 10वीं कक्षा तक उन बच्चों को बिलकुल नि:शुल्क शिक्षा दी जाएगी। उक्त जानकारी स्कूल के निदेशक एन के तिवारी ने दी। उन्होंने बताया कि इस क्षेत्र के आर्थिक रूप से कमजोर लोगों के बच्चे पैसे के अभाव में अच्छे स्कूल में नामांकन नहीं करा पाते जिस कारण गुणवत्तापूर्ण शिक्षा से वंचित रह जाते हैं ऐसे में क्षेत्र के किसी भी गरीब परिवार के बच्चे पैसे के अभाव में अशिक्षित न रह पाए उन बच्चों को चिह्नित कर 10वीं कक्षा तक नि:शुल्क शिक्षा दी जाएगी। स्कूल के सहायक निदेशक पूनम तिवारी ने लड़कियों को शिक्षा देने पर जोर दिया। स्कूल के प्रिंसिपल आरके सिंह ने यहां के जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि वे अपने क्षेत्र के ऐसे गरीब मेधावी बच्चों को चिह्नित कर विद्यालय से उन्हें लाभ दिलवा सकते हैं।

### पूर्व मुखिया के पिता का निधन

मोहम्मदगंज पलामू। प्रखंड के सोनबरसा गांव निवासी किसान पूर्व मुखिया परमेन्द्र कुमार सिंह के पिता बदन सिंह करीब 82 वर्षीय का निधन शनिवार को हो गया। जिनका दाह संस्कार कोल्हुआ गांव स्थित कोयल नदी घाट पर किया गया। जहां मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र अवधेश सिंह ने दिया। इस मौके पर भाजपा नेता कर्नल संजय कुमार सिंह, नीरज कुमार सिंह, धीरेन्द्र बैठा, कांग्रेस नेता कुश कुमार सिंह मिंटू, युवा समाजसेवी जिला पार्षद प्रतिनिधि अश्विनी कुमार सिंह,एन सी पी नेता अजीत कुमार सिंह, झामुमों नेता रामबचन बैठा, पूर्व उपमुखिया निरंजन कुमार सिंह के अलावा शंकर सिंह, श्रवण सिंह, मिथलेश सिंह, श्यामबिहारी सिंह, दिनेश यादव, कुंदन सिंह, अनिल सिंह सहित काफी संख्या में लोग शामिल थे।

### पिपरा के युवक का पेड़ से लटकता शव मिला, परिजनों ने जतायी हत्या की आशंका



हरिहरगंज पलामू। पिपरा थाना क्षेत्र अन्तर्गत सरैया पंचायत के रजोखर रोंघा (पोखरा पर) निवासी जटाधारी राम के 22 वर्षीय पुत्र सोनू कुमार का पेड़ से लटकता शव महाराष्ट्र के कोल्हापुर में मिला है। इसकी जानकारी उसके साथ रह रहे लोगों ने परिवार वाले को दूरभाष से दिया है। वहीं मृतक के परिजनों ने उसकी हत्या की आशंका जताई है। सोनू कुमार पिछले जुलाई माह में ही महाराष्ट्र के कोल्हापुर में मजदूरी करने गया था। परिजनों को मिली जानकारी के अनुसार शनिवार को करीब 11 बजे दिन में शौच करने की बात कह कर निकला था। काफी देर तक जब वह वापस नहीं आया। तब साथी मजदूरों ने उसकी खोज बीन की। इस दौरान आवास से करीब दो सौ मीटर की दूरी पर उसका शव गले में मफलर बंधे पेड़ से लटकता मिला। मृतक का पैर जमीन से सटा हुआ पाया गया है। वहीं पैरों में चप्पल और कान में ब्लूटूथ भी लगे है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों का रो-रो कर हाल बुरा है।

### गला रेतकर युवक की हत्या

पाटन पलामू। पाटन थाना अंतर्गत खैर दोहर निवासी कुर्बान अंसारी की गला रेत कर अपराधियों ने हत्या कर दी। जानकारी के अनुसार 70 वर्षीय कुर्बान अंसारी रात्रि में अपने खेत में लगे फसल की रखवाली करने गया था। उसी क्रम में अज्ञात लोगों ने तेज हथियार से गला रेत कर हत्या कर दिया। कुर्बान अंसारी प्रतिदिन रात में अपने खेत की रखवाली करने जाता था। सुबह में उसका क्षत विक्षत शव पाया गया। पाटन पुलिस ने अज्ञात लोगों पर मामला दर्ज किया है।

### रजवाडीह मध्य विद्यालय में अभिभावकों संग शिक्षकों की बैठक



मेदिनीनगर। रजवाडीह मध्य विद्यालय में तृतीय शिक्षक-अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया। इसमें बच्चों व शिक्षकों की उपस्थिति,शत-प्रतिशत नामांकन, पाठ्यक्रम, अधिगम, मूल्यांकन, माता-पिता व अभिभावकों की भागीदारी, विकास योजना, प्रबंधन समिति की बैठक, बाल संसद की सक्रियता, मध्याह्न भोजन योजना सहित अन्य छात्रोपयोगी योजनाओं की स्थिति व आठवीं बोर्ड की परीक्षा विषय चर्चा हुयी। इस मौके पर प्रधानाध्यापक परशुराम तिवारी ने कहा कि विद्यालय विकास व बच्चों की पढ़ाई के प्रति अभिभावकों की जागरूकता जरूरी है। अभिभावकों को अपने बच्चों की प्रगति व समस्या पर शिक्षकों से खुलकर बात करनी चाहिए। समाधान की हर कोशिश की जायेगी। अभिभावकों ने बैठक को सार्थक बताया। शिक्षिका निशा, प्रियंका कुमारी, पूनम रानी व विजय कुमार ठाकुर ने अपनी तत्परता व सक्रियता से कार्यक्रम को सफल बनाया। बैठक में वार्ड सदस्य अनिता देवी, उपाध्यक्ष सुषमा देवी, संयोजिका पार्वती देवी,रीमा विश्वकर्मा, चिंता देवी सहित कई अभिभावक शामिल थे।

### हुसैनाबाद में जिला स्तरीय स्टेडियम निर्माण से खिलाड़ियों को होगा फायदा : सूर्या



हुसैनाबाद पलामू। हुसैनाबाद प्रखंड के बाडेपुर मैदान में घोड़बंधा प्रीमियर लीग का फाइनल मैच टीम सूर्या दुलहर व टीम सूर्या दंगवार के बीच खेला गया। दुल्हर की टीम 24 रन से विजई हुई। फाइनल मैच का उदघाटन विधायक कमलेश कुमार सिंह व युवा नेता सूर्या सिंह ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहारगंज क्षेत्र खेल के मामले में हमेशा अग्रणी रहा है। यहां की महिला खिलाड़ी थ्रो बॉल में एक राष्ट्रीय और दूसरी राज्य टीम का नेतृत्व कर रही हैं। टीम सूर्या के संस्थापक एनसीपी के प्रदेश प्रवक्ता सूर्या सिंह ने कहा कि हुसैनाबाद हरिहरगंज के सभी पंचायतों में टीम सूर्या का गठन किया गया है। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों के लिए हुसैनाबाद में जिला स्तरीय स्टेडियम बनाया जायेगा। इसके लिए टेंडर हो चुका है। उन्होंने कहा कि इससे खिलाड़ियों को काफी सहूलियत मिलेगी, उनका मनोबल भी बढ़ेगा। टूर्नामेंट का आयोजक अशोक मेहता एवम पूरी कमिटी को सफल आयोजन के लिये सुर्या सिंह ने धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में सोनू पासवान, मनीष मेहता, ओमप्रकाश राजवंसी, गुड्डू पाल, गोरख पासवान, राधे मेहता, सतेंद्र चौहान, यश विश्वकर्मा,रमेश प्रजापति, हरि सिंह, चंचल सिंह आदि मौजूद थे।

### लोक अदालत में 57 मामले का हुआ निष्पादन

मेदिनीनगर। पलामू जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा व्यवहार न्यायालय परिसर में लोक अदालत का आयोजन किया गया । इसकी अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रदीप कुमार चौबे व संचालन सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने की। लोक अदालत में मामले निस्तारण के लिए नव पीठों का गठन किया गया था। इसमें सुलह समझौते के आधार पर कुल 57 मामले का निस्तारण किया गया। वही नौ लाख 77 हजार 900 रुपये के मामले सेटल हुए। पीठ संख्या एक में पारिवारिक विवाद से संबंधित दो मामले , पीठ संख्या दो में एमएसीटी व जिला सत्र न्यायाधीश कोर्ट के 33 मामले , पीठ संख्या तीन में 11 मामले का निस्तारण किया गया। इसी तरह पीठ संख्या चार में सिविल जज सीनियर डिवीजन कोर्ट के एक मामले का निष्पादन हुआ।

# चाचा ने भतीजे की गला दबाकर की हत्या

## पुलिस ने शव को सूखे नाला से किया बरामद, घटना में प्रयुक्त कपड़ा, बाइक व अन्य सामग्री बरामद

### घटना में संलिप्त तीन अभियुक्त गिरफ्तार, चाचा है फरार

खबर मन्त्र संवाददाता

**गुमला।** रायडीह थाना क्षेत्र के नवागढ़ पतराटोली निवासी बिरेन्द्र साहू ने तीन लोगों के साथ मिलकर अपने 15 वर्षीय भतीजे ज्ञानदीप साहू का अगवा कर गला घोंटकर निर्मम हत्या कर दी। हत्या कर शव को बैगाटोली के पास सुखा नाला में फेंक दिया। वहीं मृतक के पिता जितेंद्र साहु के द्वारा घटना को लेकर थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज करायी गई। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया।



गिरफ्तार अभियुक्तों के साथ डीएसपी व अन्य।

पुलिस ने रायडीह पतराटोली निवासी अमन राज, देवराज लोहरा व अनूप बेक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं चाचा बिरेंद्र साहु फरार है। इस संबंध में डीएसपी प्रदीप प्रणव ने शनिवार को रायडीह थाना में प्रेस कान्फ्रेंस करते हुए बताया कि घटना के अनुसंधान के क्रम में प्राथमिकी अभियुक्त अमन राज व देवराज लोहरा को पूछताछ के लिए रायडीह थाना लाया गया तो दोनों ने बताया कि घरेलू विवाद एवं आपसी रंजीश के कारण बिरेंद्र साहु उर्फ बिरू के कहने पर अमन राज, देवराज लोहरा, अनूप बेक व विरेंद्र साहु चारों ने मिलकर ज्ञान दीप साहु को नाक व गर्दन में कपड़ा दबाकर मार दिया। हत्या करने के बाद शव को ठिकाने लगाने के लिए विरेंद्र साहु व अनूप बेक ने शव को छिपा दिया। इस दौरान अनूप बेक को पकड़कर पुलिस ने पूछताछ किया गया तो उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया। वहीं अनूप बेक के निशानदेही पर ज्ञानदीप साहु का शव बैगाटोली गांव के पीछे एक सुखे नाला से बरामद किया गया। वहीं पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त गमछा, कपड़ा, बाईक, अमेरिकन टूरिस्ट बैग आदि आदि बरामद कर लिया।

### जातपात की राजनीति से ऊपर उठकर क्षेत्र का विकास है प्राथमिकता : कमलेश

**हुसैनाबाद/हैदरनगर।** हुसैनाबाद हरिहरगंज के विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ग्राम पोलडीह प्लस टू विद्यालय, हुसैनाबाद महिला प्लस टू विद्यालय और हैदरनगर में प्लस टू विद्यालय और भाई बिगहा और बलडीहरी के कब्रिस्तान की घेराबंदी योजना का शिलान्यास किया। उन्होंने कहा कि एनसीपी जात पात की राजनीति से दूर विकास की राजनीति की हिमायती है। उन्होंने कहा कि सबसे बड़ा धर्म इंसानियत का होता है। इंसानियत के रास्ते पर चलकर ही सभी का प्यार और सम्मान पाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि मंदिर और मस्जिद दोनो में ईश्वर का वास होता है।

## विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में किया जनसंपर्क

### एनडीए उम्मीदवार के पक्ष में मतदान की अपील की, कहा- एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी को मिल रहा है रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की जनता का अपार समर्थन



खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पाकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ शशि भूषण मेहता रामगढ़ विधानसभा उपचुनाव में एनडीए के उम्मीदवार सुनीता चौधरी के पक्ष में मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। वे रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न गांव प्रखंडों में घर घर जाकर जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। विधायक ने केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए लोगों से कहा कि वर्तमान सरकार जनविरोधी हो चुकी है। उसे आम जनता के सुख, सुविधा एवं परेशानियों से कोई लेना-देना नहीं है। झारखंड सरकार भ्रष्टाचार के आकंठ में डूब चुकी है। शशिभूषण मेहता ने 27 फरवरी को होने वाले मतदान में एनडीए उम्मीदवार सुनीता चौधरी के चुनाव चिन्ह केला छाप पर बटन दबाकर अपार मतों से विजई बनाने का आग्रह किया। मेहता ने कहा कि सुनीता चौधरी अपार मतों से चुनाव को जीतेगी। जनसंपर्क अभियान में अमर लाल महतो, लल्लन कुशवाहा, मोती लाल कुशवाहा, रोहित, टुमन राम दांगी, खिरोधर कुमार, आजसू के जिलाध्यक्ष दिलीप दांगी,भुषण दांगी अन्य उपस्थित थे।

## खुलेंगे मर्जर में बंद हुए सरकारी स्कूल, मांगी गई सूची

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जिलों में मर्जर के दौरान बंद हुए सरकारी स्कूल खोले जाएंगे। इसकी सूची उपायुक्तों से मांगी गई है। इस बाबत झारखंड शिक्षा परियोजना परिषद् की निदेशक किरण कुमारी पासी ने 24 फरवरी को सभी उपायुक्त को पत्र लिखा है। परियोजना निदेशक ने पत्र में लिखा है कि वर्ष 2016-17 और उसके बाद विभिन्न जिलों में 4096 विद्यालयों को निःशुल्क एवं अनिवार्य शिक्षा द्वारा निर्धारित मानक एक किलोमीटर के दायरे में एक प्राथमिक विद्यालय के स्थान पर एक से अधिक प्राथमिक विद्यालय रहने अथवा एक ही परिसर में एक से अधिक विद्यालय संचालित रहने के कारण प्रशासनिक एवं भौगोलिक रूप से मर्ज कर दिए गए है। इसी तरह ऐसे मध्य विद्यालय जो निर्धारित 3 किलोमीटर के परिधि में एक से अधिक विद्यालय रहने और छात्र संख्या जिन विद्यालयों में नगन्य थी, वैसे विभिन्न जिलों के 527 विद्यालयों को अवक्रमित कर प्राथमिक विद्यालय बनाया गया। ऐसे मध्य विद्यालय जो निर्धारित 3 किलोमीटर के परिधि में एक से अधिक विद्यालय रहने और छात्र संख्या जिन विद्यालयों में नगन्य थी, वैसे विभिन्न जिलों के 527 विद्यालयों को अवक्रमित कर प्राथमिक विद्यालय बनाया गया। विभागीय मंत्री के समक्ष विभिन्न जिलों के जनप्रतिनिधियों द्वारा बताया गया है कि इन मर्जर होने वाले विद्यालयों में से कई ऐसे विद्यालय मर्ज हो गए है, जो भोगोलिक दृष्टिकोण से कठिन क्षेत्र में हैं। ऐसे विद्यालयों में मर्जर हो गया है, जहां मर्ज किए गए विद्यालयों के बच्चों को जाने में अत्याधिक कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। मर्ज / अवक्रमित किए गए विद्यालयों के छात्र-छात्राओं को दुर्गम क्षेत्रों अथवा राष्ट्रीय / राज्य मार्गों को पार कर विद्यालयों जाना पड़ता है, जिसके कारण विशेष कर छोटे बच्चों एवं छात्राओं कि सुरक्षा प्रभावित होती है। उक्त के आलोक में कहना है कि सभी जिलों के उपायुक्त छात्र हित में अपने जिले के वर्ष 2016-17 एवं उसके बाद मर्ज किए गए विद्यालयों की समीक्षा अपने स्तर से एक माह के अंदर कराते हुए यह देख ले कि अगर ऐसा कोई विद्यालय जो पूर्व में मर्ज अथवा अवक्रमित किया गया हो और इस मर्जर के कारण संबंधित विद्यालय के छात्र-छात्रायें को पठन-पाठन में कठिनाई हो रही हो। ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर इसकी सूची कारणों सहित निदेशक प्राथमिक शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक को उपलब्ध कराने का कष्ट करे, ताकि इसपर सरकार के स्तर से इन्हें पुनः खोलने के संबंध में विचार किया जा सके।

## क्षेत्र के विकास का पैमाना होता है बेहतर पथ : पुष्पा

### विधायक ने किया पथ निर्माण का शिलान्यास

मनीष दूबे



**पाटन पलामू।** छतरपुर विधानसभा अंतर्गत पंडवा-पाटन पथ का शिलान्यास पाटन-छतरपुर विस क्षेत्र की विधायक पुष्पा देवी और पूर्व सांसद भाजपा नेता मनोज कुमार ने किया।

यह पथ करीब 6:45 करोड़ की लागत से बनाया जायेगा। मौके पर विधायक पुष्पा देवी ने कहा कि बेहतर पथ बन जाने से लोगों का आवागमन सुलभ होगा। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के विकास का पैमाना बेहतर पथ होता है। पथ निर्माण से आवागमन में लोगों की दूरी कम होगी। पूर्व सांसद मनोज कुमार ने कहा कि विधायक पुष्पा देवी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास के लिए संकल्पित है। जनसमस्याओं का समाधान हर हाल में होगा। कार्यक्रम में पड़वा प्रखंड अध्यक्ष जमुना सिंह, जिला कार्यकारिणी सदस्य विधायक प्रतिनिधि अशोक तिवारी, भाजपा युवा अध्यक्ष अभिषेक सिंह, अनंत सिंह, ओम प्रकाश पांडे, बबल शाह, रविंद्र सिंह, कविता सिंह, राकेश पांडे, रंजय सिंह, जैनेंद्र यादव, राधेश्याम सिंह समेत सैकड़ों कार्यकर्ताओं और ग्रामीण शामिल थे।

## चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहन चालक ने हवलदार को रौंदा

खबर मन्त्र संवाददाता

**हुसैनाबाद पलामू।** हुसैनाबाद थाना अंतर्गत देवरी ओपी में चेकिंग अभियान चला रहे शुक्रवार की शाम एक हवलदार को एक मोटरसाइकिल चालक ने रौंद दिया। इस घटना में हवलदार दुर्गा प्रसाद मांझी 52 वर्ष गंभीर रूप से जख्मी हो गये। समाचार के अनुसार देवरी ओपी चेकपोस्ट पर पुलिस वाहन जांच कर रही थी तभी एक अपाची मोटरसाइकिल जिसका बीआर24 ए डी 8604 पर सवार ट्रिपल लोडिंग में मुकेश कुमार, सनी



घायल हवलदार मेदिनीनगर रेफर किया गया।

कुमार व विक्रान्त कुमार सभी थाना नबीनगर जिला औरंगाबाद बिहार के द्वारा तेज रफ्तार में चेकपोस्ट पर तैनात पुलिसकर्मियों को रौंदते हुए आगे जाकर गिर गया। ओपी प्रभारी और अन्य पुलिसकर्मियों के सहयोग से उक्त हवलदार को अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद मेदिनीनगर रेफर कर दिया गया।

## उप नगर आयुक्त की अध्यक्षता में राजस्व शाखा की समीक्षा बैठक

### प्रतिनिधियों ने अबतक लगभग 60 करोड़ का राजस्व संग्रहण किए जाने तथा मार्च तक 75 करोड़ के लक्ष्य को पूरा करने की दी जानकारी

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** उप नगर आयुक्त रजनीश कुमार की अध्यक्षता में शनिवार को राजस्व शाखा की समीक्षात्मक बैठक हुई। जिसमें उप नगरआयुक्त द्वारा इस वित्तीय वर्ष में अबतक किए गए राजस्व संग्रहण की जानकारी ली। जिसमें कर संग्रहण के लिए कार्यरत एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि अबतक लगभग 60 करोड़ का संग्रहण किया जा चुका है एवं 75 करोड़ के लक्ष्य को मार्च महीने में पूर्णतः प्राप्त कर लिया जाएगा। उप नगर आयुक्त ने यह भीजानकारी मांगी कि ट्रेड लाइसेंस के मद में कितनी राशि का संग्रहण किया गया है जिसपर एजेंसी के प्रतिनिधियों ने अब तक लगभग 2.5 करोड़ के वसूली किए जाने की जानकारी दी। एजेंसी के प्रतिनिधियों द्वारा बताया गया कि कुछ बड़े बकाएदारों के द्वारा होल्डिंग टैक्स देने में रुचि नहीं दिखायी जा रही है तथा सरकारी भवनों में लगभग 30 करोड़ बकाया है। बैठक में उप नगर आयुक्त ने मार्च महीने में राजस्व बढ़ोतरी के लिए निम्नांकित आदेश पारित किए गए जिसमें कैंब्रियन पब्लिक स्कूल एवं अंजुमन प्लाजा की नापी निगम द्वरा स्वयं किया जाएगा और राशि की वसूली की जाएगी। चूंकि अनेको बार निर्देशित करने परभी इन प्रतिष्ठानों ने अपना स्वकर निर्धारण नहीं कराया था। बड़े बकाएदारों से टैक्स वसूली के लिए पूरे मार्च माह बड़े पैमाने पर टैक्स की वसूली की जाएगी। पूरे मार्च माह प्रत्येक वार्ड कार्यालय में होल्डिंग टैक्स की वसूली के लिए कैंप लगाया जाएगा जो रविवार को भी कार्यरत होगा। सरकारी भवनों में टैक्स प्राप्त करने के लिए नगर प्रबंधक की अध्यक्षता में स्पेशल टीमका गठन किया गया जिसमें एजेंसी के टैक्स कलेक्टर, निगम के टैक्स कलेक्टर, पीएमसी के प्रतिनिधि संयुक्त रुप से सरकारी भवनों से टैक्स प्राप्त करने का काम करेगी। यह भी कहा गया कि जितने भी भवन मालिक अपने परिसर में किराए पर दुकान कासंचालन करवा रहे है यह उनकी निजी जिम्मेवारी होगी कि उनके सभी किराएदार के पास म्यूनिसिपल लाइसेंस प्राप्त कर लिया गया है। जिस परिसर में बिना लाइसेंस के व्यवसाय संचालित है पकड़े जाने पर वैसे परिसर को सील कर दिया जाएगा। इसके अलावा जितने भी व्यवसायिक प्रतिष्ठान म्यूनिसिपल लाइसेंस ले चुके है वह लाइसेंस अपने परिसर में एसे स्थापित करे जिसका अवलोकन वेरिफिकेशन के क्रम में सहजता से किया जा सके। उपस्थित लोगो में राजस्व शाखा पदाधिकारी, नगर प्रबंधक, एजेंसी के प्रतिनिधि एवं अन्य शामिल थे।

## केंद्रीय संचार ब्यूरो ने किया चैनपुर के श्री सद्गुरु प्रताप हरि प्लस टू उच्च विद्यालय में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन



मेदिनीनगर। बड़े सपने देखना और उन्हें हकीकत में बदलने के लिए लगातार मेहनत करने से सपने हकीकत में बदल सकते हैं। विद्यार्थियों को विद्या धर्म का पालन करते हुए रोज स्कूल आना, मेहनत से पढ़ाई करना और स्वच्छता पर विशेष ध्यान चाहिए, तभी बड़े होकर उनमें अच्छा व्यक्ति बनने की प्रेरणा विकसित होगी। उक्त बातें गिरवर प्लस टू उच्च विद्यालय के पूर्व प्रचार्य चंद्रबली चौबे ने बतौर मुख्य अतिथि कहीं। वे शनिवार को श्री सद्गुरु प्रताप हरि प्लस टू उच्च विद्यालय, चैनपुर में केंद्रीय संचार ब्यूरो, डालटनगंज द्वारा आयोजित विशेष जागरूकता कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस मौके पर विद्यालय के प्राचार्य ब्रजकिशोर तिवारी ने कहा कि भारत आज हर क्षेत्र में तरक्की कर रहा है। पलामू केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य दिनेश चंद्र ठाकुर ने छात्र छात्राओं को पर्यावरण की रक्षा करने एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने की बात कही। इससे पहले क्षेत्रीय प्रचार सहायक मनोज कुमार ने उपस्थित सभी लोगों को एक भारत श्रेष्ठ भारत, फिट इंडिया, जी-20 की बैठक, स्वच्छ भारत अभियान, आजादी का अमृत महोत्सव एवं केंद्र सरकार की अन्य लाभकारी योजनाओं की जानकारी दी।

## खैराट में किरण और हरतुआ में एकता बनीं आंगनबाड़ी सेविका

खबर मन्त्र संवाददाता



**नीलांबर पीतांबरपुर।** प्रखंड के सांगबार पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र खैराट के लिए शनिवार को ग्राम सभा का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता पंचायत के मुखिया गीता देवी ने की। ग्राम सभा में आंगनबाड़ी केंद्र खैराट के लिए रिक्त हुए सेविका पद के लिए चयन प्रक्रिया शुरू की गई। मौके पर आंगनबाड़ी पर्यवेक्षिका अपर्णा कुमारी मिश्रा ने चयन संबंधित नियमावली को पढ़कर सुनाया। मौके पर 4 अभ्यार्थी सरस्वती देवी, दुर्गावती कुमारी, किरण कुमारी तथा सीमा कुमारी के द्वारा ग्राम सभा में अपना आवेदन दिया गया। अनुसूचित जाति बहुल पोषक क्षेत्र होने के कारण ओबीसी वर्ग के सरस्वती देवी का आवेदन निरस्त कर दिया गया। शेष बचे 3 अभ्यर्थियों में योगिता के आधार पर सबसे अधिक 26 अंक लाने पर किरण कुमारी का चयन आंगनबाड़ी सेविका के लिए किया गया। मौके पर सीडीपीओ सह बीडीओ अनिल कुमार के द्वारा नव चयनित सेविका किरण कुमारी को चयन से संबंधित प्रमाण पत्र दी गई। इसके पूर्व शुक्रवार को प्रखंड के हरतुआ पंचायत सचिवालय में सेविका पद के लिए ग्राम सभा आयोजित की गई थी। जहां एकता कुमारी का चयन किया गया था।

# अवैध नर्सिंग होम के खिलाफ प्रशासन का चला डंडा, दो को किया गया सील

खबर मन्त्र संवाददाता

**इटखोरी।** प्रखंड में अवैध निजी नर्सिंग होम के खिलाफ शनिवार को प्रशासन का डंडा चला है। उपायुक्त अबु इमरान के आदेश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी अन्वेषा ओना ने चार सदस्यीय टीम के साथ थाना क्षेत्र के पितीज में छापेमारी कर अवैध रूप से संचालित दो निजी नर्सिंग होम को सील कर दिया। छापामारी दल का नेतृत्व प्रखंड विकास पदाधिकारी अन्वेषा ओना कर रही थी। उनके साथ प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा सुमित जयसवाल, थाना प्रभारी निरंजन कुमार मिश्रा भी पुलिस बल के साथ थे। छापामारी दल ने सर्वप्रथम पितीज के डाक बंगला के समीप संचालित आशीर्वाद नर्सिंग होम में छापा मारा। छापामारी के वक्त नर्सिंग होम में कोई



मरीज नहीं था। लेकिन आपरेशन थिएटर के साथ आपरेशन करने के चिकित्सीय उपकरण वहां मौजूद पाए गए। इसके बाद पितीज में ही अवैध रूप से संचालित राधिका सेवा सदन में छापामारी की गई। छापामारी दल ने वहां भी आपरेशन थिएटर तथा आपरेशन करने के चिकित्सीय उपकरण मौजूद पाया। दोनों नर्सिंग होम में छापामारी के वक्त नर्सिंग होम के संचालक वहां से फरार हो गए थे। ऐसी स्थिति में प्रशासन ने दोनों नर्सिंग होम में ताला लगाकर सील बंद कर दिया। मालूम हो कि प्रखंड में बड़ी संख्या में अवैध रूप से नर्सिंग होम संचालित है। जिसमें झोलाछाप चिकित्सकों के द्वारा आपरेशन भी किया जाता है। जिससे कई महिला, पुरुष व नवजात बच्चे की जान भी चली जाती है। इस बात की जानकारी जब उपायुक्त को हुई तो उन्होंने पूरे जिले में अवैध नर्सिंग होम के विरुद्ध छापामारी करने का आदेश जारी कर दिया। सरकारी चिकित्सक का मिला नेमप्लेट व लेटर पैड : छापामारी के दौरान छापामारी दल को एक अवैध नर्सिंग होम से एक सरकारी चिकित्सक का नेम प्लेट तथा लेटर पैड प्राप्त हुआ है। जिसे छापामारी दल ने जब्त कर लिया है। उम्मीद की जा रही है कि संबंधित सरकारी चिकित्सक के विरुद्ध विभागीय कार्यवाई होना तय है।

## पुलिस ने 70 बोतल अंग्रेजी शराब के साथ एक को किया गिरफ्तार



खबर मन्त्र संवाददाता

**डोमचांच (कोडरमा)।** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना के आधार पर शुक्रवार बीती रात डोमचांच पुलिस ने डोमचांच थाना के समीप से वाहन चेकिंग के दौरान 70 बोतल अंग्रेजी शराब लदा एक कार को जप्त किया है। वहीं इसमें संलिप्त एक व्यक्ति अजीत कुमार पिता कुलदीप यादव अंबातरी (रजौली) निवासी को गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में थाना प्रभारी अब्दुल्ला खान ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि अंग्रेजी शराब लदा एक लाल रंग के सेंट्रो कार डब्ल्यूबी12ए/7101 डोमचांच की ओर आ रही है, तत्पश्चात थाना के समीप वाहन चेकिंग अभियान चलाकर उक्त वाहन को रोककर जांच किया। जिसमें कार के पीछे केबिन में अलग से बॉक्स बनाकर रखी गई अंग्रेजी शराब की 70 बोतलें बरामद की गई। जिसमे 42 पीस 750 एमएल व 28 पीस 375 एमएल का एंपरियल ब्लू (सेल फर पंजाब) शामिल है।

## अफीम की खेती को पुलिस ने किया नष्ट



**लोहरदगा।** जिले में नशे का कारोबार अब पांव पसारने लगा है। जिले में भी अब अफीम की खेती हो रही है। जिसकी जानकारी मिलने पर लोहरदगा पुलिस ने नक्सल प्रभावित जोबांग थाना क्षेत्र के कुलदाग जंगल के एक एकड़ में लगे अफीम की खेती को नष्ट किया है। मामले में जोबांग थाना पुलिस एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है। जानकारी अनुसार एसपी आर रामकुमार को गुप्त सूचना मिली थी कि पहाड़ी इलाकों में अफीम की खेती की जा रही है। इसी सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एक टीम का गठन किया गया।

# युवा मॉडर्न बन जायें, लेकिन अपनी सनातन संस्कृति को न भूलें : गौरांगी गौरी

**सूर्यमंदिर परिसर में संगीतमय श्रीराम कथा का चतुर्थ दिन**

**विशेष संवाददाता**




भगवान श्रीराम की बाल लीला पर प्रकाश डालतीं सुश्री गौरांगी गौरी। कथा सुनते श्रद्धालु।



कथा सुनते पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, कर्मवीर सिंह व अन्य।

**जमशेदपुर।** सिदगोड़ा सूर्य मंदिर कमिटी द्वारा श्रीराम मंदिर स्थापना के तृतीय वर्षगांठ के अवसर पर सात दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा के चतुर्थ दिन कथा प्रारंभ से पहले वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सूर्य मंदिर समिति के मुख्य संरक्षक सह पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास, संरक्षक चंद्रगुप्त सिंह, भाजपा झारखंड प्रदेश के प्रांतीय संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, आरएसएस के विभाग प्रचारक सत्यप्रकाश जी, हटिया के विधायक नवीन जायसवाल, पूर्व मंत्री सह विधायक अमर बाउरी, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कुणाल षाड़ंगी, धनबाद के निवर्तमान मेयर शेखर अग्रवाल एवं अन्य ने व्यास पीठ एवं व्यास का विधिवत पूजन किया गया। पूजन पश्चात श्री अयोध्याधाम से पधारीं मर्मज्ञ कथा वाचिका सुश्री गौरांगी गौरी जी का स्वागत किया गया। स्वागत के पश्चात कथा व्यास पंडित गौरांगी गौरी ने श्रीराम कथा के चतुर्थ दिन भगवान राम के बाल लीला का कथा प्रसंग सुनाया। व्यास पूज्य पंडित गौरांगी गौरी जी ने भगवान राम की सुंदर बाल लीलाओं का वर्णन करते हुए बताया कि बचपन से ही लक्ष्मण जी की राम जी के चरणों में प्रीति थी। और भरत और शत्रुघ्न दोनों भाइयों में स्वामी और सेवक की जिस प्रीति की प्रशंसा है, वैसी प्रीति हो गई। वैसे तो चारों ही पुत्र शील, रूप और गुण के धाम हैं लेकिन सुख के समुद्र श्री रामचन्द्रजी सबसे अधिक हैं। माँ कौशल्या कभी गोदी में लेकर भगवान को प्यार करती है। कभी सुंदर पालने में लिटाकर प्यारे ललना! कहकर दुलार करती है, जो भगवान सर्वव्यापक, निरंजन (मायारहित), निर्गुण, विनोदरहित और अजन्मे ब्रह्म हैं, वो आज प्रेम और भक्ति के वश कौसल्याजी की गोद में खेल रहे हैं। सुमधुर संगीत के बीच सुश्री गौरांगी गौरी जी ने बताया कि एक बार माता कौशल्या ने श्रीराम को स्नान और श्रृंगार करा कर झूला पर सुला दिया और स्वयं स्नान कर अपने कुलदेव की पूजा कर नैवेद्य भोग लगाकर पाक गृह गई। जब वह पुनः लौट कर पूजा स्थल पर आई तो उन्होंने देखा कि देवता को चढ़ाए गए नैवेद्य शिशुरूपी भगवान राम भोजन कर रहे हैं। जब उन्होंने झूला पर जाकर देखा तो वहां भी उन्होंने श्री राम को झूले पर सोते पाया। इस दृश्य को देखकर कौशल्या डर गई और कांपने लगी। माता की अवस्था देख श्री राम ने माता को अपना विराट रूप दिखाकर उनकी जिज्ञासा को शांत किया। भगवान का विराट रूप देखकर कौशल्या माता प्रफुल्लित हो उन के चरणों पर गिर पड़ी। बालरूप भगवान की भक्ति में देवता भी मगन थे। जिनका नाम सुनना ही शुभ है उनका साक्षात दर्शन का फल कौन प्राप्त करना नही चाहेगा? कथाव्यास पंडित गौरांगी गौरी ने कहा कि जिस भगवान की गोद में ब्रह्माण्ड खेलता है, वह भगवान बालरूप में माता कौशल्या की गोद में खेलते हैं। जिनकी गोंद में दुनियां हंसती रोती है वे माता कौशल्या की गोद में कभी रोते हैं तो कभी हंसते है। भगवान की बाललीला अदभुत और मनमोहक है। कथा में आगे वर्णन करते हुए पंडित गौरांगी गौरी जी कहती हैं कि आज भारत का बचपन नष्ट हो रहा है। बचपन नष्ट करने वाले कोई और नहीं, बल्कि उनके परिवार ही हैं। यदि बचा सके तो आज बचपन बचाएं बच्चे अपने परिवार की पाठशाला में ही सर्वप्रथम सीखतें हैं। हमारा पारिवारिक जीवन जैसा होगा, भावी पीढ़ी भी वैसी ही होगी। परिवार में जैसे संस्कार होगें, वैसा ही संस्कार बालक सीखता है। कथाव्यास कहते है कि यदि वृक्ष को हरा-भरा देखना है तो उसके मूल में पानी डालों, पत्ते सींचने से क्या होगा। अतः यदि देश में संस्कारवान पीढ़ी खड़ा करनी हो तो बच्चों के बचपन को संस्कारवान बनाया जाय। आगे, कथा में महाराजा दशरथ के चारों पुत्रों का नामकरण संस्कार सम्पूर्ण हुआ। महर्षि वशिष्टि द्वारा चारों पुत्रों का नामकरण और उनकी महिमा का उल्लेख कथा का केन्द्र बिन्दु बना और इसी के साथ कथा व्यास पंडित गौरांगी गौरी ने कथा को विस्तार देते हुए कथा को विश्वामित्र द्वारा भगवान राम के मांगे जाने की ओर वर्णन किया। अयोध्या नरेश दशरथ के दरबार में विश्वामित्र राक्षसों के वध के लिए राम को मांगते है। महाराजा दशरथ विश्वामित्र के आने का कारण पूछते हुए कहते है- केहि कारण आगमन तुम्हारा, विश्वामित्र ने महाराजा दशरथ से कहा - अनुज समेत देहु रघुनाथा, निशिचर बधै मैं हो हुं सनाथा। महाराजा दशरथ ने तो यह माना था कि विश्वामित्र धन सम्पदा मांगने आये हैं परंतु उन्हें कहां पता था की एक ऋषि राष्ट्र की रक्षा के लिए उनके प्राणों के प्रिय राजकुमारों को मांगने आये हैं। उन्होंने कहा कि वास्तव में संत धरती पर धर्म की रक्षा के लिए आते हैं, राष्ट्र की रक्षा के लिए आते हैं। संत परमात्मा की करूणा के अवतार हैं। संत चलते-फिरते साक्षात तीर्थ हैं। गुरु वशिष्ट के समझाने पर वे राम-लक्ष्मण को विश्वामित्र के साथ भेजते है। इस बहाने विश्वामित्र द्वारा अपनी तपस्या में प्राप्त सभी दिव्यास्त्रों को रामलक्ष्मण को सुपुर्द करते है। ताड़का का बध, मारिच से यज्ञ की रक्षा और अहिल्या का उद्धार पर कथा आगे बढ़ती है। इस दौरान 5 सदस्यीय गायक मंडली भजन आदि सुना कर श्रद्धालुओं का मन मोह रहे थे। कथा में मंच संचालन राकेश सिंह ने किया।

**श्रीराम विवाह प्रसंग आज**

**आज राम कथा के पंचम दिवस में प्रभु श्रीराम विवाह के प्रसंग का वर्णन किया जाएगा। कथा दोपहर 3:30 बजे से प्रारंभ होती है।**

स्पीड न्यूज

## अक्षर फाउंडेशन ने बच्चों में बांटी पाठ्य सामग्री



**जमशेदपुर।** शनिवार को सरायकेला-खरसावां जिला के गम्हरिया प्रखंड में स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय स्कूल में लगभग 40 बच्चों के बीच पाठ्य सामग्री एवं अन्य उपहार के वितरण कार्य किया गया। अक्षर फाउंडेशन, सद्गुरु सदाफलदेव विहंगम योग संस्थान की मातृ-शक्ति द्वारा संचालित सेवा संगठन है जो कि बाल कल्याण की दिशा में कार्यरत है। उत्क्रमित मध्य विद्यालय कुलूडीह, गम्हरिया स्कूल के प्रभारी प्राचार्य बंकिम दास जी ने अक्षर फाउंडेशन के प्रति आभार जताया। विद्यालय में शिक्षक अनूप कुमार महतो, लखिन्द्र टुडू एवम शिक्षिका प्यारी लिली बिरुआ मौजूद थे। आयोजन में कोल्हान महिला प्रमुख सुष्मिता पाण्डेय, निर्मला मिश्रा, प्रचारक रीना पाण्डेय, नीरज मिश्रा, तरुण पाण्डेय, बिरेंदर पाण्डेय, वेदांशी आदि का विशेष सहयोग रहा।

## टाटा मोटर्स यूनियन प्रांगण में धूमधाम से मनेगी संस्थापक जयंती



**जमशेदपुर।** शनिवार को यूनियन प्रांगण में एक बैठक बुलाई गई जिसमे 3 मार्च को गत वर्ष की तरह से इस बार भी टाटा साहब के जयंती पर हर्षोउल्लास से प्रकाशपर्व मनाने का फैसला लिया गया। बैठक में महामंत्री आर के सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गत वर्ष की तरह इस बार भी 3 मार्च को दिवाली जैसा माहौल बनाया जाएगा। हर घर में दिया जलाये जाएंगे। अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने अपने संबोधन में कहा पिछले वर्ष से शुरू शुरू हुआ अभियान इस बार और बढ़-चढ़कर होगा और दिये जलाकर हम अपनी श्रद्धांजलि टाटा साहब को अर्पित करेंगे। इसके बाद इंटक के राष्ट्रीय अधिवेशन में अध्यक्ष गुरमीत सिंह और महामंत्री आर के सिंह को इंटक के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य बनाने के लिए अध्यक्ष और महामंत्री जी को माला पहनाकर बधाई दी गयी। बैठक में सभी आफिस बेयरर, कमिटी मेम्बर, आर के सिंह फैंस क्लब के सभी लोग उपस्थित थे।

## अनूप मिश्रा बने फोटोग्राफी में झारखंड के पहले रुडसेटी सर्टिफाइड ट्रेनर



**जमशेदपुर।** सरायकेला-खरसावां के गम्हरिया निवासी फोटोग्राफर अनूप मिश्रा फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी में रूडसेटी के पहले सर्टिफाइड ट्रेनर बन गए हैं। उन्हें रूडसेटी द्वारा प्रमाण पत्र भी जारी कर दिया गया है। बताते हैं कि अनूप मिश्रा ने भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय से संबद्ध रूरल सेल्फ इम्प्लॉयमेंट ट्रेनिंग इंस्टिट्यूट से प्रशिक्षण प्राप्त किया है।

## एसएसपी ने किया गोविंदपुर थाने का निरीक्षण



**गोविंदपुर।** गोविंदपुर थाना का एसएसपी प्रभात कुमार के द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना अभिलेखों की गहनता से जांच करते हुए वहां उपस्थित पदाधिकारियों/कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

# लघु उद्योग भारती के एनके सिंह को सुप्रीम कोर्ट से मिला न्याय

- भाइयों ने सीए के सहयोग से कंपनी हड़प ली और बोर्ड से हटा दिया था
- इंडिका कंपोजिट प्रा लि. के मामले में कोर्ट ने सुनाया फैसला

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



उद्योगपति नंद कुमार सिंह।

**जमशेदपुर।** माननीय सर्वोच्च न्यायालय की माननीय न्यायाधीश अजय रस्तोगी और माननीय न्यायाधीश बेला एम त्रिवेदी की बेंच ने दिनांक 21.02.2023 को इंडिका कंपोजिट प्राईवेट लिमिटेड बनाम नंद कुमार सिंह मामले में फैसला सुनाते हुए नंद कुमार सिंह के चार भाईयों राजीव रंजन सिंह, अभिजीत सिंह, संजय सिंह और राकेश सिंह को आदेश दिया कि वे इंडिका कंपोजिट कंपनी की कुल जमा छः परिसंपत्तियों - 1. C-43, इंडस्ट्रियल एरिया, आदित्यपुर, 2. C-4, इंडस्ट्रियल स्टेट, इंडस्ट्रियल एरिया, आदित्यपुर, 3. H-7 चिनहट, इंडस्ट्रियल एरिया, लखनऊ, 4. 22, गोयला इंडस्ट्रियल एरिया, लखनऊ, 5. ऑफिस फ्लैट T6-504, पारस्वनाथ प्लानेट गोमती नगर, लखनऊ, और 6. फ्लैट नंबर 703, श्री सुमुख हाईट्स आनंद नगर, जोगेश्वरी, मुंबई के 01.04.2009 के मूल्यांकन के आधार पर नंद कुमार सिंह को कंपनी में उनके 23 % शेयर का भुगतान करें और शेयर के कुल मूल्यांकन पर 01.04.2009 से 31.03.2023 तक या भुगतान तक 12% ब्याज दर पर ब्याज का भी भुगतान करें। माननीय सर्वोच्च न्यायालय ने नंद कुमार सिंह के चारों भाईयों को नंद कुमार सिंह की दूसरी कंपनी इनोवा एंटरप्राइजेज द्वारा दिये गये ऋण को भी 14 साल के 12% ब्याज सहित वापस लौटाने का आदेश दिया। बता दें कि नंद कुमार सिंह लघु उद्योग भारती के प्रदेश अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय कार्य समिति के पदाधिकारी रहे हैं। जमशेदपुर में उनकी विशिष्ट पहचान एक इमानदार सामाजिक व्यक्ति के रुप में हैं और उद्योग जगत में भी उन्हें प्रतिष्ठा की नजर से देखा जाता है। ज्ञातव्य है कि नंदकुमार सिंह ने इंडिका कंपोजिट प्राईवेट लिमिटेड कंपनी में अपनी दूसरी कंपनी इनोवा एंटरप्राइजेज प्राईवेट लिमिटेड के द्वारा सारा निवेश किया और अपने भाईयों को काम देने और उन्हें उनके परिवारों के भरण पोषण करने लायक बनाने के उद्देश्य से इंडिका कंपोजिट कंपनी में न केवल उनके नाम से शेयरों का आबंटन किया बल्कि उन्हें अपनी कंपनी में निदेशक भी बना दिया। अपनी इस स्थिति का फायदा उठाकर 2010 के अगस्त और सितम्बर महीने के महज 39 दिनों के अंदर चार्टर्ड अकाउंटेंट रमाकांत गुप्ता के साथ मिलकर फजीर्वाड़ा कर नंद कुमार सिंह के भाईयों ने नंद कुमार सिंह को कंपनी से बाहर कर दिया और उनके सारे शेयर अपने नाम कर लिया और रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी में फर्जी वैधानिक दस्तावेजों को जमाकर नंद कुमार सिंह की कंपनी लूट ली थी। ज्ञातव्य है कि कंपनी लॉ बोर्ड ने 24.09.2013 में अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव की जिरह को मंजूर करते हुए नंद कुमार सिंह के भाईयों द्वारा किये गये शेयर आबंटनों और हस्तांतरणों को गैरकानूनी करार दिया था पर नंद कुमार सिंह को निदेशक पद पर पुनर्बहाल नहीं किया था और उन्हें कंपनी से अलग हो जाने के लिए कहा था। ज्ञातव्य है कि माननीय उच्च न्यायालय, झारखंड ने अपील में अधिवक्ता अखिलेश श्रीवास्तव के दलीलों को स्वीकार करते हुए न केवल नंद कुमार सिंह को निदेशक के पद पर बहाल किया बल्कि यह भी कहा कि नंद कुमार सिंह का शेयर 79% है और उन्हें कंपनी से बाहर नहीं किया जा सकता है और नंद कुमार सिंह के भाईयों द्वारा किये गये फजीर्वाड़े को अवैध करार दिया।

## श्रीनाथ यूनिवर्सिटी ने ऑटो क्लस्टर के साथ किया एमओयू

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को आदित्यपुर स्थित श्रीनाथ विश्वविद्यालय ने ऑटो क्लस्टर आदित्यपूर के साथ एमओयू किया। इस एमओयू में श्रीनाथ विश्वविद्यालय और ऑटो क्लस्टर आदित्यपूर दो पक्ष के रूप में कार्य करेंगे। इसमें पहला पक्ष श्रीनाथ विश्वविद्यालय होगा तथा दूसरा पक्ष ऑटो क्लस्टर आदित्यपुर होगा जो विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को कई तरह की औद्योगिक जानकारी देने में सहायता करेगा। इसमें श्रीनाथ विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों को ऑटो क्लस्टर कई तरह की सुविधाएं प्रदान करेगा, जैसे औद्योगिक प्रशिक्षण और दौरे, उद्योग और संस्थान के बीच बातचीत होगी तथा उद्योगों के नवीनतम विकास/आवश्यकताओं के बारे में एक अंतर्दृष्टि प्रदान करेगी, द्वितीय पक्ष प्रथम पक्ष के संकाय और छात्रों को अपनी समूह कंपनियों का दौरा करने और प्रथम पक्ष के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों में शामिल होने की अनुमति देगा।

## अरका जैन विवि में एलुमिनाई मीट ऐक्यम आयोजित

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** अरका जैन विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग द्वारा अलम्नाई मीट- ऐक्यम का आयोजन किया गया। यह एक ऐसा मौका था जहां सभी अलम्नाई ने अपने पुराने समय की यादें ताजा की और अपने दोस्तों, साथियों एवं सहपाठियों से मिलकर एक शैक्षणिक परिवार के होने का बोध किया। इस मीटिंग में सारे अलम्नाई एक साथ आये और अपने अनुभवों को साझा किया। यह एक बहुत अच्छा संयोग था जहां सभी अलम्नाई ने अपने पूर्व शिक्षा संस्थान अरका जैन विवि से जुड़े हुए संबंधों को फिर से ताजा किया तथा एक दूसरे से जुड़कर अपने अधिकारिक और अनौपचारिक जीवन में हुए घटनाक्रमों के बारे में बातें की। इस अलम्नाई मीटिंग के दौरान सभी अपने जीवन के नए-पुराने अनुभवों को साझा कर भावुक हो गए। इस अलम्नाई मीट ने सभी विद्यार्थियों को एक नए आयाम और दृष्टिकोण से जोड़ दिया। विभाग के वर्तमान विद्यार्थियों के और शिक्षकों के इस प्रयास के लिए उनलोगों ने धन्यवाद ज्ञापित किया। कुलपति डॉ एस एस रजी ने कहा इस मीटिंग में हम अपने पूर्व शिक्षकों से अपने करियर और अन्य महत्वपूर्ण फैसलों के बारे में भी बात कर सकते हैं। उनसे हम उनके विषय में राय और उनसे सलाह ले सकते हैं। इसके अलावा, इस मीटिंग में हम अपने पूर्व शिक्षकों से उनकी संस्कृति, संस्कार और अन्य जीवन अनुभवों के बारे में भी बात कर सकते हैं।

## मास्टर एथलिटों को किया गया सम्मानित



**जमशेदपुर।** मास्टर एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया से मान्यता प्राप्त एसोसिएशन-मास्टर एथलेटिक्स एसोसिएशन ऑफ झारखंड के महासचिव सह अंतरराष्ट्रीय पदक विजेता (मास्टर एथलीट) संजीव कुमार तोमर के कुशल नेतृत्व में झारखंड के मास्टर एथलीटों ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता में आयोजित 14 फरवरी से 18 फरवरी 2023 तक संपन्न हुए 43 वें राष्ट्रीय मास्टर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में भाग लेते हुए उम्दा प्रदर्शन के बल पर 04 स्वर्ण ,10 रजत 15 कांस्य कुल 29 पदक जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि अर्जित किया। इस ऐतिहासिक जीत के उपरांत शनिवार को प्रतियोगिता के पदक विजेताओं की टीम ने मास्टर एथलेटिक एसोसिएशन ऑफ झारखंड के सचिव एस के तोमर के नेतृत्व में पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग-झारखंड सरकार (खेल विभाग) के निदेशक सरोजिनी लकडा से उनके रांची स्थित कार्यालय में औपचारिक मुलाकात किया।

## जमशेदपुर पश्चिम के सात सरकारी विद्यालयों को चमकायेंगे बन्ना गुप्ता

**खबर मन्त्र ब्यूरो**



**जमशेदपुर।** शनिवार को टाटा वर्कर्स उच्च विद्यालय कदमा जमशेदपुर में विधायक बन्ना गुप्ता के विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष जमशेदपुर पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के नेतृत्व में एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमें कुल सात विद्यालय- जमशेदपुर उच्च विद्यालय बिष्टुपुर, उत्क्रमित प्लस टू जमशेदपुर बालिका उच्च विद्यालय साकची, सरदार माधव सिंह उच्च विद्यालय बिस्टुपुर, मिथिला उच्च विद्यालय सोनारी, उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय टाटा वर्कर्स यूनियन उच्च विद्यालय कदमा, राजस्थान उच्च विद्यालय साकची, कबीरिया उर्दू उच्च विद्यालय धातकीडीह के प्रधानाध्यापक प्रबंधन समिति के सदस्य एवं शिक्षकों ने भाग लिया। जिसमें सभी विद्यालयों की समस्याओं पर चर्चा की गई तथा सभी विद्यालयों से मांगा गया कि किस विद्यालय की क्या आवश्यकता है। यह भी निर्देश दिया गया की विद्यालय कोई भी निर्णय विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष के नेतृत्व की बैठक के बाद ही लेगा। सभी विद्यालयों ने अपनी-अपनी मांगो को भी लिखित रूप में विधायक प्रतिनिधि को समर्पित किया। बैठक में माननीय विधायक बन्ना गुप्ता जी के शिक्षा प्रतिनिधि अर्जुन सिंह, मनोज झा, सांसद प्रतिनिधि चितरंजन वर्मा, क्षेत्रीय प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी जमशेदपुर वन अनीता सिंह तथा जमशेदपुर टू से बीआरपी विनोद कुमार उपस्थित थे।

## ब्रम्होत्सव में तीसरे दिने कलश अभिषेकम



**जमशेदपुर।** शुक्रवार को सिद्धगोरा कावरियाधाम बालाजी मंदिर में ब्रम्होत्सव का शनिवार को तीसरा दिन सुबह : 5.30, मंगलध्वनि से शुरु हुआ। सुबह : 6.00, सुप्रभात सेवा, सुबह 7.25 से श्रीवारी आराधना, सुबह 8.45 बजे से ध्वजारोहण अग्निप्रतिस्तापना सुबह, 10.00 बजे से भगवान बालाजी का कलश अभिषेकम कराया गया। इस अभिषेकम में 60 महिलाएं उपस्थित थे। अभिषेकम के बाद प्रसाद वितरण किया गया, और शाम 5:00 बजे से पालकी यात्रा निकाला गया जो कांवरिया बालाजी मंदिर से लेकर सूर्य मंदिर तक ले जाया गया। वहां पूजा-अर्चना करने के बाद फिर लौट गए हैं, और शाम 7:00 से सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्कृतिक कार्यक्रम में तेलुगु गाना और महिलाओं द्वारा भरतनाट्यम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर कमला शर्मा, आर यस यान राजू , आर प्रभाकर राव, डी रामु, इ रविकिरण, टी रवि रामचंद्रन, मूर्ति गरु, यस प्रसाद राव, यस मुकुंद राव, उमा माहेश्वरी, यस भानु रेखा, वी पदमा, यस लक्ष्मी, यस उषा, टी नूतन, इ अरुणा, आर साधना, टी प्रमिला, शामिल थे।

# क्लासिक और विंटेज कार तथा बाइक रैली देखने के लिए लोगों की उमड़ी भीड़

**खबर मन्त्र ब्यूरो**





प्रदर्शनी में एक्टर जैकी श्राफ से खरीदी क्लासिक कार ट्रम्फ प्रदर्शित करते सेन। प्रदर्शित पुराने जमाने की बाइक। रैली देखने पहुंचा एक परिवार।

**जमशेदपुर।** टाटा समूह के संस्थापक जेएन टाटा के 184 वीं जयंती समारोह के हिस्से के तहत आयोजित जमशेदपुर क्लासिक और विंटेज कार एंड बाइक रैली के दूसरे संस्करण को देखने के लिए आज बड़ी संख्या में स्टील सिटी के नागरिक गोपाल मैदान में उमड़े। लगभग 70 वाहन पहले ही दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए आयोजन स्थल पर पहुंच चुके हैं। कुछ और वाहन रास्ते में हैं और कल सुबह रैली में सीधे भाग लेंगे, जिसे कंपनी के अन्य वरिष्ठ लीडर्स और जमशेदपुर के प्रमुख हितधारकों की उपस्थिति में टी वी नरेंद्रन, सीईओ और प्रबंध निदेशक, टाटा स्टील द्वारा हरी झंडी दिखाई जाएगी। प्रदर्शित वाहनों की निर्माण अवधि 1926 से 1983 के बीच है। इस आयोजन को पिछले वर्ष की तुलना में अधिक उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। पिछले साल, प्रतिभागी केवल झारखंड - जमशेदपुर, रांची और चाईबासा से थे। इस साल, पश्चिम बंगाल और ओडिशा (क्योंझर) से भी प्रविष्टियां आई हैं। कल रैली के दौरान जिन लैंडमार्क्स को कवर किया जाएगा उनमें भरूचा मेंशन, जुबली पार्क, यूनाइटेड क्लब, सर दोराबजी टाटा पार्क, कीनन स्टेडियम और सेंट जॉर्ज चर्च शामिल हैं। इस वर्ष भाग लेने वाला सबसे पुराना वाहन 1926 का संस्करण ऑस्टिन 7 कार है जिसे क्लासिक और विंटेज वाहन के शौकीन लोगों के बीच बेबी ऑस्टिन के रूप में भी जाना जाता है। रैली के दूसरे संस्करण में भाग लेने वाला सबसे कम उम्र का वाहन 1983 का फिएट होगा। ये वाहन न केवल जमशेदपुर के हैं बल्कि रांची, चाईबासा, कोलकाता, बड़ाजामदा और क्योंझर सहित झारखंड, ओडिशा और पश्चिम बंगाल राज्यों के भी हैं।

**जैकी श्राफ से खरीदी रायम्फ स्पीट फायर कार प्रदर्शित :** रायम्फ स्पीटफायर : यह कार 1963 की है और इसके ऑनर कोलकाता निवासी सैकत दत्ता हैं। उन्होंने बताया कि इस कार के पहले ओनर फिल्म स्टार जैकी श्रॉफ थे। 2006 से उनके पास यह कार है। उन्होंने इसे जैकी श्रॉफ से खरीदी थी। फिल्म जो जीता, वही सिकंदर में इस कार पर आमिर कार और पूजा बेदी ने एक गाना भी फिल्माया था।

## खबर एक नजर में

### एड एजेंसी इलेवन ने मीडिया इलेवन को 10 रनों से हराया



**जमशेदपुर।** वकील उद्दीन के घातक गेंदबाजी और श्रीनिवास के बेहतरीन कीपिंग के बदौलत 'एड एजेंसी इलेवन' ने प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के तत्वाधान में खेले जा रहे मीडिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के एक मुकाबले में 'मीडिया इलेवन' को 10 रनों से हरा दिया। शनिवार को बिष्टुपुर आर्मरी ग्राउंड में खेले गए मैच में एड एजेंसी इलेवन के कप्तान अभिजीत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। एड एजेंसी इलेवन ने 10 ओवर में 2 विकेट पर 53 रन बनाए। जिसमे अभिजीत ने 9 रन, विकास ने 5 रन और सुमित राजहंस ने 2 चौके की मदद से सबसे ज्यादा नाबाद 13 रन एवम मोहम्मद राशिद का नाबाद 11 रन का योगदान दिया। मीडिया इलेवन के राजेश और श्रीनिवास ने 1-1 विकेट लिए। दूसरे पारी में उतरी मीडिया इलेवन ने जीत का लक्ष्य 54 रन का पीछा करते हुए 7 विकेट पर मात्र 43 रन ही बना पाई और मैच 10 रन से हार गई। एड एजेंसी इलेवन के गेंदबाज वकील उद्दीन के घातक गेंदबाजी और अभिजीत के सटीक गेंदबाजी के सामने विपक्षी टीम के कोई भी बल्लेबाज टीक नहीं सके। प्रमोद ने 9 रन, राजेश ने 11 रन और प्रियरंजन ने 8 रन बनाए। एड एजेंसी इलेवन के वकील उद्दीन ने 3/15 विकेट, अभिजीत 2/11 विकेट और धर्मवीर ने एक विकेट लिए और श्रीनिवास ने बेहतरीन कीपिंग का प्रदर्शन करते हुए 5 कैच लपके।

### एल्टीग्रीन ने खोला अपना पहला रीटेल एक्सपीरिएंस सेंटर



**जमशेदपुर।** भारत में कमर्शियल इलेक्ट्रिक वाहनों के जाने-माने निमार्ता एल्टीग्रीन ने टाटा-कांड्रा मेन रोड़ गम्हरिया में अपने नए रीटेल एक्सपीरिएंस सेंटर का उद्घाटन किया। यह भारत में कंपनी का 20वां रीटेल डीलरशिप है, इससे पहले कंपनी मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद और बैंगलोर जैसे महानगरों में अपना स्टोर खोल चुकी है। एल्टीग्रीन ने इस साझेदारी के लिए जमशेदपुर की सर्वश्रेष्ठ डीलरशिप-स्वास्तिक सेल्स को चुना है। स्वास्तिक ने लोगों के सपने साकार करने के सरल कॉर्पोरेट दृष्टिकोण के साथ 5 साल पहले अपनी शुरूआत की। गम्हरिया में एल्टीग्रीन रीटेल एक्सपीरिएंस स्टोर का उद्घाटन झारखण्ड के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता की पत्नी समाजसेविका सुधा गुप्ता, एल्टीग्रीन प्रोपल्जन लैब्स के सीईओ डॉ अमिताभ सरन और स्वास्तिक सेल्स की मैनेजिंग डायरेक्टर रश्मि चौधरी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर एवं दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से जमशेदपुर पूर्वी के विधायक सरयू राय, पूर्व विधायक अरविंद सिंह, कुणाल षाड़गी, पूर्वी सिंहभूम जिला परिषद अध्यक्ष बारी मुर्मू, विश्व चैंपियन मुक्केबाज अरुणा मिश्रा, प्रेस क्लब ऑफ जमशेदपुर के अध्यक्ष प्रशांत सिह, समाजसेवी बंटी सिंह समेत काफी संख्या में गणमान्य लोग मौजूद थे। मौके पर डॉ अमिताभ सरन ने कहा कि हमें खुशी है कि हमें स्टील सिटी औधोंगिक नगरी को भारत की स्वच्छ, हरित एवं प्रदूषण रहित शहर के रूप में विकसित करने में योगदान देने का मौका मिला है।

### आनंद मार्ग के मासिक शिविर में 40 यूनिट रक्तदान



रक्तदाताओं को सम्मानित करते वरिष्ठ पत्रकार संजय मिश्रा।

**जमशेदपुर।** आनंद मार्ग यूनिवर्सल रिलीफ टीम ग्लोबल की ओर से एक दिवसीय 76वा मासिक रक्तदान शिविर का आयोजन जमशेदपुर ब्लड बैंक में किया गया जिसमें लगभग 40 यूनिट रक्त संग्रह हुआ। इस अवसर पर 100 पौधे रक्तदाताओं एवं ब्लड बैंक कैंपस में उपस्थित लोगों के बीच वितरण हुआ। आनंद मार्ग के रक्त दाताओं को पुलिस यूनियन के पूर्व महामंत्री चंद्रगुप्त सिंह एवं वरिष्ठ पत्रकार एवं संपादक संजय मिश्रा ने प्रशस्ति पत्र एवं पौधा देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में समीर सरकार, राकेश कुमार, भुक्ति प्रधान सुधीर आंनद, योगेश देव एवं सुनील आनंद का सहयोग रहा।

### एसएसपी ने मनोज शर्मा को सम्मानित किया



**जमशेदपुर।** संयुक्त मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो झारखंड के वरिष्ठ सदस्य मनोज शर्मा को शनिवार को पूर्वी सिंहभूम के वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने उन्हें इमानदारी के लिए इमानदारी सम्मान पत्र दिया। ज्ञात हो कि 18 फरवरी को एसएसपी ऑफिस के पास एटीएम से पैसा निकालने गए तो उन्हें एटीएम मशीन से 9000/- की राशि निकला हुआ मिला था। यानी अंजान व्यक्ति ने रुपए छोड़ कर चला गया था। मनोज शर्मा ने इमानदारी का मिसाल पेश करते हुए उक्त घटना की सूचना देते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में 19 फरवरी को जमा उक्त राशि जमा कर दिया। शर्मा के सराहनीय कार्य व ईमानदारी को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार जी ने 25 फरवरी को प्रशस्ति पत्र देकर मनोज शर्मा जी को सम्मानित किया। संयुक्त मानवाधिकार एवं अपराध नियंत्रण ब्यूरो के राष्ट्रीय कार्यक्रम प्रभारी रुपेश शर्मा ने मनोज शर्मा जी के इमानदारी एवं सराहनीय कार्य के लिए उनकी प्रशंसा की और कहा कि ब्यूरो से जुड़े लोगों की यही पहचान है।

## चीन लाल व पीओके भईल कंगाल...मोदी जी खेलस होली

**शहर में रिलीज की गयी होली गीत 56 इंच का पिचकारी**

**जमशेदपुर** । होली में आपको ढेर सारे गीत मिल जाएंगे लेकिन शहर के कलाकारों ने इस बार एक अलग तरह की होली गीत तैयार किया है, जिसकी सराहना खूब हो रही है। बुधवार को साकची गांधी घाट पर 56 इंच का पिचकारी गीत लांच किया गया। इसे रिलीज करते ही सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी। इस गीत की विशेषता होली में देशभक्ति दिखाया गया है। इसमें मोदी जी की पिचकारी से चीन लाल और पाकिस्तान कंगाल हो गया है, जिसे खूब पसंद किया जा रहा है। इतना ही नहीं, इस गीत में योगी जी की बुलडोजर से भी खूब रंग बरस रहा है। शहर के जाने-माने निर्देशक मनोज पांडे ने कहा कि ऐसा होली गीत पहली बार सुनने को मिल रहा है। इस गीत को बिहार-झारखंड के चर्चित गायक अजीत अमन ने गाया है। अजीत अमन ने कहा कि गीत के बोल काफी जोशीले और चीन, पाकिस्तान को संदेश देने वाले हैं, जो लोगों को काफी पसंद आ रहा है। वीडियो एल्बम के निमार्ता शिक्षक आलोक राज सिंह और नेहीश सॉफ्ट वेयर सोल्यूशन के चेयरमैन अवनीश श्रीवास्तव है वहीं संगीत प्रभाकर पांडे, एडिटिंग उदय लाल, डीओपी गौतम लोहार व रोहित ने किया है।

## स्पीड न्यूज

### तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने टोटो को मारी टक्कर, चार लोग घायल

**दुमका।** जिले के शहर से सटे गिधनी पहाड़ी रोड़ में शनिवार को देर शाम ट्रैक्टर के चपेट में टोटो सवार आ गया। जिसमें सवार सभी चार व्यक्ति घायल हो गये। गंभीर अवस्था में घायलों को फुलो-झानों मेडिकल में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार घायलों में गोड्डा जिले के पोड़ैयाहाट निवासी विवेक साह और ममता देवी है। जो अपने रिस्तेदार मुफस्सिल थाना क्षेत्र के हरणाकुंडी निवासी छोटू साह और गीता देवी अपने रिस्तेदार के घर गिधनी पहाड़ी रोड़ जा रहा था। जहां गिधनी पहाड़ी रोड में सामने से आ रही ट्रैक्टर ने धक्का मार दिया। बीते 23 फरवरी को छोटू साह के घर में बड़े भाई रमेश साह शादी समारोह में पौड़ेयाहाट निवासी विवेक दुमका आया था। स्थानीय लोगों की मदद से पुलिस घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया। घटना के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़ फरार हो गया। पुलिस दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को जप्त कर थाने ले आयी है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवती घायल

**जामा।** दुमका-भागलपुर रोड़ में जामा थाना क्षेत्र के लकड़मोड़ गांव के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से स्कूटी सवार युवती घायल हो गई। घायल युवती थाना क्षेत्र के नाचनगड़िया निवासी सोनाली हेम्ब्रम है। जानकारी के अनुसार किसी काम से युवती दुमका आ रही थी। रास्ते में लकड़ामोड़ के समीप अज्ञात वाहन ने ठोकर मार दिया। सूचना पर पुलिस स्थानीय लोगों की मदद से एंबुलेंस से फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया।

### सड़क हादसे में भाजपा कार्यकर्त्ता की मौत, एक गंभीर

**मसलिया।** थाना क्षेत्र के साहिबगंज-गोविंदपुर स्टेट हाइवे के जामताड़ा-दुमका मुख्य मार्ग पर गोलबंधा मोड़ के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाईक सवार दो गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना गोलबंधा मोड़ से करीब दो सौ मीटर दूरी धनबासा गांव के तिरछे मोड़ के पास घटी। गंभीर अवस्था में फुलो-झानों मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिसमें बाइक चला रहे व्यक्ति मसलिया थाना क्षेत्र के गुमरो गांव के भाजपा नेता कामदेव सिंह (47) की मौत हो गई। अन्य सवार मानदेव सिंह की स्थिति गंभीर बतायी जा रही है।

### विजेताओं को डीआइजी ने किया सम्मानित

**दुमका।** शनिवार को राजकीय जनजातीय हिजला मेला खेलकूद समिति द्वारा 12 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए 50 मीटर की दौड़ एवं 100 मीटर की दौड़ आयोजित हुई। इसके अलावा 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए क्रमशः जलेबी दौड़, बोड़ा दौड़ एवं तीन पैर की दौड़ आयोजित हुई। 50 मीटर की दौड़ में हरवाडीह के नरेश मुर्मू पहले स्थान रहे। जबकि हिजला के सूरज सोरेन दूसरे स्थान पर एवं तीसरे स्थान पर अर्पण मरांडी रहे। 100 मीटर की दौड़ में कुरूमटांड के संतोष सोरेन प्रथम, भुट्टोकोरिया के रंजीत कुमार दूसरे एवं रंगा के राज किशोर मुर्मू तीसरे स्थान पर रहे। 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों के लिए आयोजित जलेबी दौड़ प्रतियोगिता में कमारदुधनी के पंकज हांसदा प्रथम, राहुल सोरेन दूसरे और तीसरे स्थान पर भीमसेन हांसदा रहे।

# बांग्लादेशी युवक गिरफ्तार

## बतायी सिलहट बॉर्डर से भारत में घुसने की पूरी कहानी

खबर मन्त्र संवाददाता



**साहिबगंज।** साहिबगंज में बांग्लादेशी युवक गिरफ्तार किया गया है। शुक्रवार रात तालझारी रेलवे स्टेशन के पास वो जख्मी हालत में मिला था। जिसके बाद उसे हिरासत में लेकर पुलिस द्वारा बांग्लादेशी युवक से पूछताछ की जा रही है। गिरफ्तार बांग्लादेशी युवक साहिबगंज जिला में गिरफ्तार बांग्लादेशी युवक से साहिबगंज पुलिस लगातार पूछताछ कर रही है। शनिवार को भी संदिग्ध युवक से कई तरह के सवाल कर रही है, लेकिन युवक अपनी भाषा में ही सवालों का जवाब दे पा रहा है। जिससे पुलिस को भी थोड़ी परेशानी हो रही है। ये पूरा मामला तालझारी रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार रात का है। जहां रेलवे ट्रैक के पास जख्मी हालत में एक युवक स्थानीय लोगों को मिला। लोगों ने इसकी जानकारी लोकल थाना को दी। जिसके बाद युवक का इलाज कराया गया और थाना में उससे पूछताछ की जा रही है। तालझारी थाना प्रभारी प्रमोद टुडू के अनुसार युवक ने अपना नाम नाजमूल, पिता इनायत और खुन्ना जिला के थाना मारिलगंज बांग्लादेश बताया है। वहीं पुलिस की गिरफ्त में आये बंगलादेशी युवक ने पुलिस के सामने कई बड़े-बड़े राजों का खुलासा किया है।

शिकंजे में आये बांग्लादेशी युवक ने बताया कि भारत और बांग्लादेश के बीच सिलहट बॉर्डर से बांग्लादेशी युवक को भारत में काम दिलाने के प्रलोभन देकर कोई सागर नामक गैंगस्टर द्वारा बीस हजार रुपए लेकर बॉर्डर पर तैनात जवानों की मिलीभगत से उसे पार कराकर भारत लाया गया। इसके बाद उसे काम दिलाने के बहाने भारत की राजधानी नई दिल्ली ले जाया गया। दिल्ली में दलाल के द्वारा उससे कबाड़ी के दुकान में काम पर लगाया गया, उसने बताया कि इस काम के लिए उसे प्रतिदिन 100 रुपया मिलते थे। इसके अलावा उसने बताया कि उसे खाना नहीं दिया जाता था, हर दिन के अत्याचार से नाराज होकर युवक वहां से भाग गया। ट्रेन में लोगों ने उसे चोर समझकर ट्रेन से धक्का दे दिया। इसी के बाद वो पटरी के सहारे आगे चलने लगा। जिसके बाद वह शुक्रवार को तालझारी रेलवे स्टेशन के पास जख्मी हालत में मिला।

यह कोई नयी बात नहीं है कि साहिबगंज में बांग्लादेशी घुसपैठ का मामला सामने आया हो। इस मुद्दे को राजमहल विधायक अनंत ओझा हमेशा उठाते रहते हैं। जिला के राजमहल अनुमंडल क्षेत्र के अंतर्गत उधवा प्राणपुर सहित अन्य क्षेत्रों में बांग्लादेशी घुसपैठिए बस रहे हैं। ये सभी फर्जी तरीके से योजना का लाभ ले रहे हैं। हाल ही में उधवा प्रखंड में पत्नी पेंशन का लाभ ले रही है और पति को राशन मिल रहा है। जांच में सही पाए जाने पर जिला उपायुक्त की तरफ उन 6 महिला के खिलाफ एफआईआर दर्ज किया गया।

# चाईबासा से छह नक्सली गिरफ्तार विस्फोटक सामग्री हुआ बरामद

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** चाईबासा पुलिस ने शनिवार को नक्सलियों के खिलाफ बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नक्सली विरोधी अभियान के तहत 6 नक्सलियों को गिरफ्तारी की है। नक्सलियों के पास से विस्फोटक सामग्री और एक मोटरसाइकिल बरामद किया है। इस संबंध में चाईबासा के एसपी आशुतोष शेखर ने संवाददाता सम्मेलन में बताया कि जानकारी मिली थी कि प्रतिबंधित भाकपा माओवादी, नक्सली संगठन के कमांडर को विस्फोटक सामग्री कुछ भाकपा सक्रिय सदस्य पहुंचाने वाले हैं और पिछले दिनों सड़क निर्माण में लगे गाड़ियों को जलाने वाले नक्सलियों की सूचना मिली थी। सूचना महत्वपूर्ण था इसलिए तत्काल एसपी ने अलग अलग चार टीम का गठन किया। टीम ने चाईबासा मुफस्सिल थाना अंतर्गत बारीपोखरी जाने वाले सडक पर नाकाबंदी कर भाकपा भाकपा माओवादी नक्सली बोंज हेम्ब्रम उर्फ किशुन हेम्ब्रम को पुलिस ने देखा। बाद में पुलिस को देखकर वह भागने लगा तो पुलिस ने उसे दौड़ाकर पकड़ लिया। पकडे गये नक्सली बोंज हेम्ब्रम उर्फ किशुन हेम्ब्रम तुम्बाहाका का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से विस्फोट किये जाने वाले आईईडी ब्लास्ट हेतु प्रयुक्त दो डेटोनेटर एवं दो जिलेटिन बरामद किया गया। पूछताछ के आधार पर उसके अन्य सहयोगी डुबराज हेम्ब्रम उर्फ डुबराज पिता- जयपाल हेम्ब्रम, तुरी देवगम, पिता मांगता देवगम, ग्राम- सारजोमबुरु, पालसिंह हेम्ब्रम, पिता- कयरा हेम्ब्रम तुम्बाहाका सभी थाना टोन्टों, जिला- प० सिंहभूम, चाईबासा को भी आईडी ब्लास्ट हेतु प्रयुक्त किये जाने वाले डेटोनेटर और जिलेटिन के साथ गिरफ्तार किया गया। डेटोनेटर एवं जिलेटिन के साथ पकडे गये चारों व्यक्तियों द्वारा अपने स्वीकारोक्ती बयान में बताया गया कि ये प्रतिबंधित संगठन भाकपा माओवादी के सक्रिय सदस्य है।

## एसकेएमयू के समाज विज्ञान शोधार्थियों में कोर्स वर्क को लेकर उत्साह

खबर मन्त्र संवाददाता



कोर्स वर्क में क्लास लेते कोऑर्डिनेटर डॉ विनोद शर्मा।

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय में समाज विज्ञान के पीएचडी कोर्स को लेकर शोधार्थियो में हर्ष व उत्साह का वातावरण है। शोधार्थी केवल फील्ड वर्क की प्रस्तुति से बेहतर रिसर्चर की काबिलियत को ही नहीं दर्शा रहे है, बल्कि खुद को वैसा ही शोध के सांचे में ढालने का प्रयास भी कर रहे है। मौके पर कोर्स वर्क कार्डिनेटर सह स्नातकोत्तर मनोविज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ विनोद कुमार शर्मा ने शुक्रवार को स्टजेज ऑफ साइंटिफिक रिसर्च पर एक सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किया। डॉ शर्मा ने शीर्षक से लेकर निष्कर्ष तक की बातें शोधार्थियों को विस्तार से बताया। डॉ शर्मा ने प्रतिदर्श चयन में सावधानियां बरतने, स्पष्टता, यादृक्षिकरण, परिशुद्धता आदि बातों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए शोध विधियों के तहत टूल्स के चयन में सूझ व सतर्कता की बातें दुहराई। शोध डिजाइन पूरे शोध का ब्लू प्रिंट माना जाता है। प्राप्त परिणाओं का सही समान्यीकरण हो और उसकी सामाजिक उपयोगिता सर्वाधिक रहे। उन्होंने कहा कि जरूरत है शोध को वैज्ञानिकता की कसौटी पर कसते हुए निष्पक्षता व ईमानदारी के साथ क्षेत्र अध्ययन करे। कार्यक्रम के दौरान शोधार्थियों ने प्रश्न किया। जिसका क्रमशः उत्तर दिया गया। यहां बता दें कि यह कोर्स वर्क कुलपति डॉ सोना झरिया मिंज के संरक्षण में व समाज विज्ञान संकायाध्यक्ष डॉ जैनेंद्र यादव व कॉओर्डिनेटर डॉ विनोद कुमार शर्मा के नवंबर 2022 से सफलतापूर्वक संपादित किया जा रहा है। जिसमें मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, राजनीतिक विज्ञान, इतिहास, अर्थशास्त्र व कॉमर्स के कुल 95 शोधार्थी अध्ययनरत है।

# उड़ती धूल से परेशान ग्रामीणों ने पानी छिड़काव को लेकर सड़क को किया जाम

खबर मन्त्र संवाददाता



जाम में खड़े वाहन।

**बारियातू।** प्रखंड के सीसीएल प्रभावित क्षेत्र फूलबसिया के ग्रामीणों ने अमरवाडीह से गोलीटांड तक साढ़े आठ घंटे तक कोयला ढूलाई ठप कर दिया। सीसीएल पीओ द्वारा दूरभाष पर नियमित पानी छिड़काव कराने की आश्वासन दिए जाने पर हटा जाम, फूलबसिया के ग्रामीण जमुना गंझू, उमेश उरांव, योगेंद्र उरांव, गंगाधर गंझू, बिजय उरांव, धर्मदेव, राजेश, किशन सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया की सीसीएल के अलावे आरकेटीसी, पीएनएम, सैनिक, टायकोंन सभी पांच कंपनियां की फूलबसिया साइडिंग से प्रतिदिन सैंकड़ो वाहन से कोयला ढुलाई का काम करती है। जिससे धूल का अम्बार उड़ते रहता है। धूल से यहां के लोगों को जीना मुहाल हो गया है। सीसीएल कभी कभार पानी छिड़काव करवाती है। नियमित पानी छिड़काव नहीं किए जाने से सड़क किनारे निवास करने वाले लोगों को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

**आक्रोषित ग्रमीणों ने साढ़े आठ घंटा सड़क को किया जाम :** आक्रोषित ग्रामीणों ने शनिवार सुबह छह बजे से दोपहर ढाई बजे तक सड़क जाम कर कार्य को ठप कर दिया। उपरोक्त सीसीएल व कम्पनी से प्रतिदिन नियमित पानी छिड़काव की मांग कर रहे थे साथ ही बनाए गए नियम के तहत वाहनों मे तिरपाल ढक कर चलने की आग्रह व सड़क पर पड़े कचरा डस्ट को साफ करवाने की मांग को लेकर साढ़े आठ घंटे तक फूलबसिया साइडिंग से गोलीटांड सड़क को जाम कर दिया। जाम की सूचना मिलने के बाद सीसीएल मैनेजर अशोक कुमार ने दूरभाष पर नियमित छिड़काव करने व वाहनों मे त्रिपाल ढकवा कर चलने की आश्वासन पर जाम को हटाया गया।

## एक नजर में

### मासिक लोक अदालत में 54 वादों का निपटारा करते हुए 23 लाख से अधिक की हुई वसूली

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय के न्याय सदन में शनिवार को मासिक लोक अदालत का आयोजन हुआ। लोक अदालत प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष अनिल कुमार मिश्र के अध्यक्षता में आयोजित हुई। लोक अदालत में गठित 2 बेंचो 54 वादों का आपसी सुलह-समझौता से निपटारा करते हुए 23 लाख से अधिक की वसूली हुई। प्राधिकार सचिव विश्वनाथ भगत ने इसकी जानकारी देते हुए बताया कि लोक अदालत में न्यायालय में लंबित वादों के अलावा जिले के विभिन्न विभागों के फौजदारी संबंधी मामलों का आपसी सुलह समझौता के आधार पर निपटारा हुआ। बेंच नंबर 1 से डीजे वन रमेश चंद्र, अधिवक्ता शशांक शेखर भुई एवं नेहा पांडेय ने आपसी सुलह-समझौता के आधार पर 2 वादों का निष्पादन करते हुए 23,10,000 रुपए का समझौता किया। बेंच नंबर 2 में जेएम वन परिधी शर्मा, कार्यपालक दंडाधिकारी नूपुर कुमारी एवं अधिवक्ता किंकर कुमार मिश्रा ने सुलह समझौता से 52 वादों का निष्पादन करते हुए 39,700 रुपए का समझौता कराया। इस तरह कुल 54 वादों का निष्पादन दो बेंचों में 23,49,700 रुपये का वसूली हुई।

### डालसा ने मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**दुमका।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वाधान में व्यवहार न्यायालय के न्याय सदन में मध्यस्थता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान जज सह प्राधिकार अध्यक्ष अनिल मिश्रा के अध्यक्षता में आयोजित हुई। जागरूकता कार्यक्रम झालसा, रांची के निदेर्शानुसार आयोजित हुई। जिसमें आज रेफरल न्यायाधीशों और मध्यस्थों ने भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित जनसमूह को विस्तारपूर्वक समझाते हुए सीजेएम धर्मेंद्र कुमार सिंह ने मध्यस्थता से संबंधित कार्य प्रणाली एवं उससे होने वाले लाभों से अवगत कराया। साथ ही उनसे मध्यस्था की कार्रवाई में आवश्यक सहयोग प्रदान करने का अनुरोध किया। उन्होंने रेफरल जजेज की मध्यस्थता के लिए रेफर किए जाने वाले प्रकरणों की कार्रवाई एवं मध्यस्थता की प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी।

# पांच साल से लापता खुशबू लौटी घर

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने के कारण चक्रधरपुर की खुशबू गागराई बड़ाबाम्बो स्टेशन से ओडिशा चली गई थी। ओडिशा के सुंदरगढ़ स्थित आस्था आश्रय गृह में रहने के बाद पांच साल बाद वह वापस अपने घर लौट आई है। इस कार्य में पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई, टोकलो के पूर्व थाना प्रभारी रघुनाथ किस्कू के प्रयास से खुशबू अपने परिजनों से मिली। जानकारी के अनुसार खुशबू गागराई, उम्र- 18 वर्ष, पिता-सुरेश गागराई, माता- ललिता गागराई, ग्राम-लौजोड़ा कलां पोस्ट -गोपीनाथपुर थाना-टोकलो चक्रधरपुर प्रखंड निवासी जो वर्ष 2018 को मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने पर बड़ाबांबो रेलवे स्टेशन से लापता हो गई थी। टोकलो थाना के पूर्व थाना प्रभारी रघुनाथ किस्कु द्वारा लौजोड़ा कला गांव के मुंडा मारकुस गागराई को लापता लड़की के बारे जानकारी दी। मारकुस गागराई द्वारा इसकी जानकारी लड़की के माता-पिता को दी गई। मारकुस गागराई और लड़की के माता-पिता ने इसकी जानकारी पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई को दी गई। तत्काल डा. गागराई द्वारा सुंदरगढ़ ओड़िशा स्थित आस्था आश्रय गृह से संपर्क कर संस्था के सक्रिय सदस्य मारकुस गागराई को लड़की के परिजनों के साथ सुंदरगढ़ भेजा। मारकुस गागराई ने अपने संरक्षण में खुशबू गागराई को सकुशल लौजोड़ा गांव पहुंचाया। लड़की अपने माता-पिता, परिजनों और ग्रामीणों से मिलकर काफी खुश हुए। डा. विजय सिंह गागराई ने खुशबू तथा उसके परिजनों को हर संभव मदद देने की इच्छा जताई। खुशबू आगे पढ़ना चाहती है और पढ़ाई के साथ सिलाई- कढ़ाई की ट्रेनिंग भी लेना चाहती है। डा. गागराई ने खुशबू को चक्रधरपुर स्थित सिलाई सेंटर में भर्ती करवाने की आश्वासन दिया। मौके पर रामराई सामड, संतोष सिंह देव, कुशल गागराई, शंकर गागराई, सुनिया गोप, धन सिंह गागराई सहित कई लोग शामिल रहे।

# झूठ से नफरत और सच से मुहब्बत करें : मौलाना अबु

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर के दंदासाई स्थित मदरसा फैजुल कुरान में जलसा-ए-दस्तारबंदी का आयोजन हुआ। जिसमें मदरसा के 13 छात्रों के हाफिज-ए-कुरान (कुरान को कंठस्थ याद करना) होने पर दस्तारबंदी की गई। इस मौके पर एक बड़ा दिनी जलसा का आयोजन हुआ। जिसमें दूसरे प्रदेशों से आए उलेमा व मौलाना ने लोगों को संबोधित करते हुए अच्छे और नेक इंसान बनने को कहा। उलेमाओं ने कहा कि अच्छा इंसान बनने के लिए कुरान का अध्ययन करें और कुरान में बताए गए तरीके से जिंदगी गुजारे। जलसा में विशेष रूप से शिरकत करने पहुंचे मौलाना अबु तालिब रहमानी ने मौजूद लोगों से कहा के आप अपने बच्चों की दुनिया के साथ साथ दीन की भी इतनी तालीम दें। ताकि आपका बेटा आपका जनाजा का नमाज पढ़ा सके। और अपनी बेटी को दुनिया की खूब पढ़ाई करवाओ, लेकिन दीन की इतनी तालीम हो कि बेटी अपनी मां को जनाजा का गुस्ल दे सकें। मौलाना अबु तालिब ने कहा की आप झूठ से नफरत और सच से मोहब्बत कीजिये। उन्होंने नौजवानों से खास अपील करते हुए नशाखोरी से दूर रहने को कहा। इमारत-ए-शरिया केंद्रपाड़ा ओडिशा से आए मौलाना फारूख ने कहा के जब तक एक भी ईमान वाला इस दुनिया में जिंदा है तबतक ये दुनिया बाकी रहेगी। आखिर में मौलाना सलमान बिजनौरी जो बड़े उस्ताद दारूल-उलूम-देवबंद से आए थे, उन्होंने मुल्क के अमन-व-शांति के दुआ के साथ जलसा का समापन किया। जलसे में मौलाना अब्दुल समद, मुफ्ती अरशद कासमी, कारी निसार दानिश, कारी अतहर गजाली आदि ने शिरकत की। जलसे को कामयाब बनाने में चक्रधरपुर हाजी मौलाना रूकनुद्दीन, हाजी अल्ताफ हुसैन, मौलाना लुकमान समेत कई का महत्वपूर्ण योगदान रहा। जलसे में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने शिरकत की।

**इन हाफिजों की हुई दस्तारबंदी :** हाफिज मोहम्मद जुनैद असगर, हाफिज मोहम्मद बाकी बिल्लाह, हाफिज मोहम्मद तल्हा, हाफिज मोहम्मद जिबरैल, हाफिज मोहम्मद दस्तागीर, हाफिज मोहम्मद अकील, हाफिज अब्दुल वहाब, हाफिज मोहम्मद अरशद, हाफिज मोहम्मद अफ्फान, हाफिज मोहम्मद तौहिद, हाफिज मोहम्मद आमिर, हाफिज मोहम्मद आबिद, हाफिज अब्दुलाह।

## बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक संपन्न, योजनाओं की स्थिति व कार्य प्रगति की हुई समीक्षा

# आरइओ, विद्युत व भूमि संरक्षण विभाग को शोकॉज

खबर मन्त्र संवाददाता



**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय सभागार में शनिवार को लगभग चार महीने के बाद प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति की बैठक हुई। बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष ताराकांत सिजुई की अध्यक्षता में हुई बैठक में चक्रधरपुर के बीडीओ संजय कुमार सिन्हा के अलावा विभिन्न विभागों के अधिकारी शामिल हुए। लेकिन इस बैठक में भी पथ प्रमंडल व भूमि संरक्षण विभाग से अधिकारी अनुपस्थित रहे। प्रखंड अध्यक्ष ताराकांत सिजुई और सदस्यों के निर्णय पर बैठक में अनुपस्थित रहने वाले आरईओ, विद्युत तथा भूमि संरक्षण विभाग को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। बैठक में सभी विभागों की स्थिति एवं प्रगति की समीक्षा की गई। इस बैठक में मनरेगा कानून के तहत अधिकाधिक लोगों को रोजगार से जोड़ने, प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ जरुरतमंदों को पहुंचाने, प्रधानमंत्री किसान राहत योजना का लाभ देने, मुख्यमंत्री पशुधन योजना समेत सरकार की कल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा की गई। बैठक में अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सा पदाधिकारी डा. अंशुमन शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों में मौसमी बीमारी, मलेरिया रोकने को लेकर ग्रामीणों को जागरुक करने को कहा। क्षेत्रीय शिक्षा पदाधिकारी अविनाश राम ने सरकारी विद्यालयों में बच्चों को दी जाने वाली मध्याह्न भोजन व अन्य सुविधाओं की जानकारी दी। वहीं उन्हें छात्रवृत्ति तथा साइकिल वितरण योजना में तेजी लाने को कहा गया, ताकि सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के छात्र-छात्राओं को समय पर योजना का लाभ मिल सके। बैठक में पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल के अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि ग्रामीण क्षेत्र में खराब पड़े चापाकल व सोलर जल मीनार में आई खराबी को जल्द ही दुरूस्त कर लिया जाएगा। बैठक में प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी तथा प्रखंड कल्याण पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि मुख्यमंत्री पशुधन योजना अंतर्गत बत्तख चूजा योजना, मुर्गी योजना तथा सुकर योजना में तेजी लाते हुए लाभुकों के बीच वितरण करें। सामाजिक सुरक्षा सर्वजन पेंशन योजना के तहत सुयोग्य व्यक्तियों को यथाशीघ्र पेंशन का लाभ दिया जाए। बैठक के दौरान मनरेगा, 15वें वित्त आयोग, अंचल कार्यालय, बाल विकास परियोजना कार्यालय समेत विभिन्न विभागों की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य रूप से प्रखंड विकास पदाधिकारी संजय कुमार सिन्हा, अंचलाधिकारी सह बाल विकास परियोजना पदाधिकारी बाल किशोर महतो, बाल? विकास परियोजना पर्यवेक्षिका, मनरेगा बीपीओ, कनीय अभियंता, सहायक अभियंता समेत बीस सूत्री के सदस्य उपस्थित रहे।

# हो समाज की संस्कृति, विरासत व परंपरा को बचाना है : डॉ विजय



खबर मन्त्र संवाददाता

**चक्रधरपुर।** चक्रधरपुर प्रखंड के ईटोर पंचायत के पारिया गांव में पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई द्वारा ग्रामीण मुंडा और दिऊरी के हाथों एक जोड़ी मांदर और नगाड़ा सौंपा। इसके अलावा ग्रामीण मुंडा और दिऊरी को धोती, साड़ी और गंजी देकर सम्मानित किया। इस मौके पर उन्होंने ग्रामीणों को मागे परब की शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि अपनी विरासत, परंपरा ,रीति-रिवाज और संस्कृति को बचाने के लिए हो समाज के लोगों की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस संदर्भ में उन्होंने हो समाज की एक कहावत सेन गे सुसुन कजि गे दुरंग और तपिंग गे ताड़ो तथा रामदयाल मुंडा की कथन जे नाची से बांची को आगे बढ़ाने की बात कही। मौके पर मनीष बांदिया, जितेंद्र सिंह मुंडरी, अंतु दिग्गी, नंदलाल मुंडरी, गुड्डू बांदिया सहित कई ग्रामीण मौजूद रहे।




# तीसरे टेस्ट में कौन होगा टीम इंडिया का उप कप्तान? राहुल की जगह हरभजन ने जडेजा का सुझाया नाम

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट मैच इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले के भारतीय टीम की घोषणा हो चुकी है। हालांकि तीसरे मैच में टीम इंडिया ने अपने उप कप्तान का नाम नहीं बताया है। इससे पहले के दो मैचों में केएल राहुल टीम के उप कप्तान थे। ऐसे में अब यह चर्चा तेज हो गई है कि राहुल की जगह तीसरे मैच उप कप्तानी की जिम्मेदारी किसे मिलेगी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच सीरीज का तीसरा मैच 1 मार्च से 5 मार्च के बीच खेला जाना है। ऐसे में टीम इंडिया के पूर्व स्पिन गेंदबाज हरभजन सिंह का मानना है कि ऑलराउंडर रविंद्र जडेजा को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बाकी बचे दो टेस्ट मैचों में उप कप्तान बनाया जाना चाहिए। हरभजन ने कहा, 'रविंद्र जडेजा जिस तरह के फॉर्म में हैं और वह जैसा खेल रहे हैं उसे देखते हुए उन्हें टीम की उप कप्तानी दी जानी चाहिए।' उन्होंने कहा, 'जडेजा को अगर इस समय में टीम में यह जिम्मेदारी मिलती है तो वह और भी अच्छा कर सकते हैं। वह टीम के सीनियर खिलाड़ियों में से एक हैं। इसके अलावा जडेजा अपने करियर के सबसे पीक पर हैं जहां वह ना सिर्फ अपनी गेंदबाजी से बल्कि बल्लेबाजी से भी धमाल मचा रहे हैं।



## दुनिया का बेस्ट ऑलराउंडर हैं जडेजा

हरभजन का मानना है कि मौजूदा समय में रविंद्र जडेजा से बेहतर दुनिया में और कोई ऑलराउंडर नहीं है। उन्होंने कहा, 'रविंद्र जडेजा जब भी मैदान पर उतरते हैं ऐसा लगता है कि वह हर मैच में टीम के लिए रन भी बनाएंगे और विकेट भी लेंगे। वह एक मैच विनर खिलाड़ी हैं। हालांकि हरभजन सिंह ने इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स को रविंद्र जडेजा की बराबरी की मानते हैं। उनका मानना है कि स्टोक्स और जडेजा का ऑलराउंडर के तौर इस समय कोई जोड़ नहीं है। ऐसे में टीम इंडिया में जडू को उप कप्तानी दी जानी चाहिए।

### सीरीज में टीम ने इंडिया ने 2-0 की बढ़त बनाई

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच खेले गए अब तक दो टेस्ट मैचों में मेजबान टीम को जीत मिली है। सीरीज का पहला मैच नागपुर में खेला गया था। नागपुर में टीम इंडिया ने ऑस्ट्रेलिया को पारी और 132 रन से मात दी थी। वहीं दिल्ली खेले गए मैच में भी भारत ने मेहमान टीम को 6 विकेट से हराया था। दोनों ही टेस्ट मैच तीन दिन के भीतर समाप्त हो गया था। इस तरह टीम इंडिया ने ना सिर्फ सीरीज में 2-0 की बढ़त बना ली है बल्कि बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी को भी अपने पास बरकरार रखा है।

### क्या है इंदौर टेस्ट के लिए भारतीय टीम

रोहित शर्मा (कप्तान), केएल राहुल, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, केएस भरत (विकेटकीपर), ईशान किशन (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा, मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, उमेश यादव, जयदेव उनादकट।

## कोहली का खुलासा: बुरे वक्त में धोनी ने साथ दिया

**बेंगलुरु।** विराट कोहली ने एक बार फिर से पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की तारीफ की है। धोनी इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले चुके हैं। वह IPL अभी भी खेल रहे हैं और चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान हैं। वहीं कोहली क्रिकेट के तीनों फॉर्मेट में टीम इंडिया के सदस्य हैं। वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु से खेलते हैं। विराट कोहली ने 2023 से पहले महेंद्र सिंह धोनी से अपने रिश्ते को लेकर बड़ा खुलासा किया है। कोहली ने पॉडकास्ट को दिए इंटरव्यू में बताया है कि उनके बुरे दौर में कैसे धोनी मददगार बने थे। कोहली का यह इंटरव्यू कुछ दिन पहले का है, लेकिन RCB पॉडकास्ट ने इस आज जारी की है। कोहली ने इंटरव्यू में आगे बताया, 'बुरे दौर में अनुष्का मेरी सबसे बड़ी ताकत रहीं। वे हर वक्त मेरे साथ खड़ी रहीं।' वहीं बचपन के कोच और फैमिली के अलावा एकमात्र व्यक्ति धोनी थे, जिन्होंने मुझसे संपर्क किया था।

## ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खिताबी जंग

**केपटाउन।** आइसीसी महिला टी20 विश्व कप का फाइनल मुकाबला ऑस्ट्रेलिया और मेजबान दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाना है। ऑस्ट्रेलिया की टीम रिकॉर्ड सातवीं बार फाइनल खेलने उतरेगी जबकि दक्षिण अफ्रीका पहली बार टी20 विश्व कप के खिताब के लिए अपना दम लगाएगी। सेमीफाइनल में दक्षिण अफ्रीका ने अपनी जुझारूपन का बेजोड़ नमूना पेश करके इंग्लैंड को उलटफेर का शिकार बनाया और उसे ऑस्ट्रेलिया पर जीत दर्ज करने के लिए इसी तरह के प्रदर्शन की जरूरत पड़ेगी। ऑस्ट्रेलिया को हराना किसी भी तरह से आसान नहीं होगा। दक्षिण अफ्रीका ने पिछले 12 महीनों में अच्छी प्रगति की है। उसकी टीम पिछले साल वनडे विश्वकप के सेमीफाइनल में पहुंची थी और अब उसने आईसीसी की किसी प्रतियोगिता के फाइनल में पहली बार जगह बनाई है।

## अश्विन का हाय तौबा वाले को करारा जवाब

**नयी दिल्ली।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 4 मैचों की खेली जा रही दिलचस्प बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा मैच 1 मार्च शुक्रवार से इंदौर के होल्कर स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं सीरीज के शुरूआती दोनों मैच टीम इंडिया ने 3-3 दिन में ही जीत लिए। जिसमें दिग्गज ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा ने अहम भूमिका निभाई। ऐसे में दिल्ली में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के बाद आर अश्विन ने अपने यूट्यूब चैनल पर एक बड़ा खुलासा किया है।

## भारत-पाक मैच महिला टी-20 WC में सबसे ज्यादा देखा गया

**नयी दिल्ली।** भारत और पाकिस्तान के बीच ग्रुप-2 का मैच विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप में सबसे ज्यादा देखा गया। महिला क्रिकेट में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले टी-20 मैचों में यह दूसरे नंबर पर रहा। वहीं, भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी का पहला टेस्ट पिछले 5 सालों में भारत में सबसे ज्यादा देखे जाने वाले स्पोर्ट्स इवेंट में तीसरे नंबर पर रहा। पिछले 5 सालों में भारत-पाकिस्तान मैच से ज्यादा व्यूअरशिप भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2020 के विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल को मिली थी। तब मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर हुआ फाइनल मुकाबला 90 लाख लोगों ने देखा था। डिजनी हॉटस्टार के स्पोर्ट्स हेड संजोग गुप्ता ने कहा कि भारत-पाकिस्तान के बीच इस विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का ग्रुप मैच महिला क्रिकेट में टीवी पर दूसरा सबसे ज्यादा देखे जाने वाला मैच रहा। पहले नंबर पर 2020 विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप का फाइनल था। ये दोनों ही इवेंट बड़े इवेंट्स हैं। लाइव स्पोर्ट्स में इस तरह के इवेंट्स होने से टीवी व्यूअरशिप नेचुरली बढ़ती है। स्टार ने बताया कि विमेंस टी-20 वर्ल्ड कप शुरू होने से पहले स्टार के टीवी चैनल पर भारतीय महिलाओं के सभी मैचों को लाइव दिखाया गया। ऑस्ट्रेलिया सीरीज के बाद वेस्टइंडीज और साउथ अफ्रीका से ट्राई सीरीज के मैच भी दिखाए गए।

# वर्ल्डकप से भी दोगुना होगा रोमांच, 4 मार्च से एक्शन में नजर आएंगी विश्व की महिला दिग्गज क्रिकेटर्स

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइसीसी महिला टी20 विश्वकप 2023 के पहले सेमीफाइनल में हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली भारतीय क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया से महज 5 रन से हार गई। जिसके चलते महिला टीम का एक बार फिर वर्ल्डकप जीतने का सपना, सपना बन कर ही रह गया। ऑस्ट्रेलिया ने एक बार फिर भारतीय फैंस के सपनों पर पानी फेर दिया। हालांकि वहीं अब विश्वकप के बाद अब महिला आईपीएल यानी वीमेंस प्रीमियर लीग का भी आगाज होने जा रहा है। जो भारतीय महिला क्रिकेट को अलग उचाईयों पर ले जाने में अहम भूमिका निभाएगा।

## मुंबई इंडियंस ने रिलीज की अपनी नई जर्सी




वुमेंस प्रीमियर लीग के शुरू होने के ठीक एक हफ्ते पहले मुंबई इंडियंस ने अपने पहले सीजन की जर्सी लॉन्च की है। जोकि पुरुष टीम की तरह ही नली थीम पर है। वहीं जर्सी पर सुनहरे रंग का भी इस्तेमाल किया गया है। मुंबई के फैंस को उम्मीद होगी कि पुरुष टीम की तरह महिला टीम भी कई ट्रॉफी अपने नाम करे। बहरहाल, मुंबई के खिलाड़ियों ने गुजरात के खिलाफ होने वाले पहले सीजन के लिए अपनी तैयारियां भी शुरू कर दी हैं।

### शुरू होगा डब्ल्यूपीएल का पहला सीजन

आपको बता दें कि 04 मार्च 2023 से वुमेंस प्रीमियर लीग का पहला सीजन शुरू होने जा रहा है। जिसमें विश्व भर के दिग्गज खिलाड़ी खेलते हुए नजर आएंगे। फैंस का रोमांच इस ऐतिहासिक टूनार्मेंट के लिए चरम पर है। शनिवार 4 मार्च को टूनार्मेंट का पहला मुकाबला गुजरात जायंट्स और मुंबई इंडियंस के बीच मुंबई के डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेला जाएगा। वहीं अब सभी टीमें जल्द ही महिला आईपीएल के लिए अपनी तैयारियां भी शुरू कर देंगी।

# बवाल के बाद अब मैदान पर पृथ्वी मचाएंगे धमाल गेंदबाजों का बुखार उतारने की तैयारी हो चुकी है शुरू

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** भारत के युवा ओपनर बल्लेबाज पृथ्वी साव हाल के दिनों में काफी चर्चा में थे। हालांकि उनकी यह चर्चा उनकी बल्लेबाजी या खेल के कारण नहीं था। इसी महीने पृथ्वी साव का एक रेस्टोरेंट में कुछ लोगों के साथ झगड़ा हो गया था। इस झगड़े में सोशल मीडिया इंफ्लूएंसर सपना गिल नाम की एक लड़की का नाम सामने आया था। मामला पुलिस और कोर्ट तक भी पहुंचा लेकिन अब पृथ्वी साव इन सभी बातों को पीछे छोड़कर क्रिकेट के मैदान पर धमाल मचाने की तैयारी में जुट गए हैं। दरअसल अगले महीने 31 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग के नए सीजन के लिए पृथ्वी साव अपने फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स



के साथ जुड़ चुके हैं। दिल्ली कैपिटल्स ने नए सीजन की तैयारी के लिए अपने कैंप की शुरूआत कर दी है, जिसकी जानकारी उसने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर दी है। दिल्ली कैपिटल्स के साथ जुड़ते ही पृथ्वी ने साव बल्लेबाजी के अभ्यास में जुट गए हैं। कोच प्रवीण आमरे के अगुवाई में पृथ्वी के अलावा तेज गेंदबाज खलील अहमद, विकी ओस्तवाल, सरफराज खान और चेतन सकारिया जैसे खिलाड़ी कैंप में हिस्सा लिए।

### क्या था सपना गिल के साथ विवाद

हाल ही में पृथ्वी साव अपने कुछ दोस्तों के साथ मुंबई के एक रेस्टोरेंट में डिनर के लिए गए। यहां सपना गिल और उनके कुछ दोस्तों ने पृथ्वी से सेल्फी की मांग की। सेल्फी के लेने के बाद दोनों के बीच में कुछ विवाद शुरू हो गया। हालांकि शुरूआत में मामले को शांत कर दिया गया था लेकिन पृथ्वी के रेस्टोरेंट से बाहर निकलने के बाद सपना अपने कुछ अन्य दोस्तों के साथ उनके साथ हाथापाई उतर पाई। सका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुआ था। मामला पुलिस तक पहुंचा और सपना गिल को पुलिस हिरासत में भी जाना पर लेकिन बाद उन्हें जमानत मिल गई।

## शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं लॉर्ड शार्दुल



**नयी दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार क्रिकेटर शार्दुल ठाकुर जल्द ही शादी के बंधन में बंधने जा रहे हैं। ऐसे में अब शार्दुल ठाकुर भी अब अपनी नई पारी की शुरूआत करने जा रहे हैं। कोविड महामारी के दौरान ट्रैवलिंग में होने वाली दिक्कतों के कारण शार्दुल ने अपनी शादी को गोवा में करने का फैसला टाल दिया था। हालांकि अब अब मुंबई में शादी की तैयारियों में जुट गए हैं। शार्दुल ठाकुर मिताली मिताली पारुलकर के साथ सात फेरे लेंगे। इन दोनों ने साल 2021 में ही सगाई की और गोवा में शादी की पूरी प्लानिंग भी तय हो गई थी लेकिन किसी कारण उनकी शादी टल गई। ऐसे में ये दोनों अब इसी महीने 27 फरवरी को शादी रचाएंगे।

# इंग्लैंड की शेर जैसी दहाड़, न्यूजीलैंड पस्त

एजेंसी

**वेलिंगटन।** हैरी ब्रुक और जो रूट की बड़ी शतकीय पारियों के बाद जेम्स एंडरसन के शानदार प्रदर्शन से इंग्लैंड ने बारिश से प्रभावित दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली है। बारिश के कारण पहले दिन केवल 65 ओवर का खेल हो पाया था लेकिन तब भी इंग्लैंड ने तीन विकेट पर 315 रन बना लिए थे। हैरी ब्रुक ने 186 रन की जबर्दस्त पारी खेली जबकि रूट ने नाबाद 153 रन बनाए। इन दोनों ने 302 रन की साझेदारी की जिससे इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 435 रन बनाकर समाप्त घोषित की। बारिश ने शनिवार को मैच के दूसरे दिन भी खलल डाला लेकिन तब तक न्यूजीलैंड 138 रन पर सात विकेट गंवा चुका था। वह अभी इंग्लैंड से 297 रन पीछे है और उस पर फॉलोऑन का खतरा मंडरा रहा है। जब दिन का खेल समाप्त करने की घोषणा की गई तब टॉम ब्लंडेल 25 और टिम साउदी 23 रन पर खेल रहे थे। एंडरसन ने अब तक 37 रन देकर तीन विकेट लिए हैं। उन्हें स्पिनर जैक लीच का अच्छा सहयोग मिला जिन्होंने 45 रन देकर तीन विकेट हासिल किए हैं। मैच के पहले दिन ब्रूक ने न्यूजीलैंड के गेंदबाजों पर दबदबा बनाया और बारिश के आने तक उन्होंने 184 रन बना लिए थे। दूसरे दिन हालांकि वह अपने इस स्कोर में दो रन ही जोड़ पाए और केवल सात गेंदों का सामना करके पवेलियन लौट गए।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट: गिल और कोहली इंदौर पहुंचे, प्रैक्टिस सेशन आज

**इंदौर।** भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच खेली जा रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा मुकाबला एक मार्च से होलकर स्टेडियम में खेला जाएगा। इस मुकाबले के लिए भारतीय खिलाड़ियों इंदौर पहुंचने लगे हैं। शनिवार दोपहर तक पूर्व भारतीय कप्तान विराट कोहली और टॉप ऑर्डर बल्लेबाज शुभमन गिल इंदौर पहुंचे। शाम तक शेष खिलाड़ी भी पहुंच जाएंगे, क्योंकि रविवार दोपहर को टीम इंडिया का प्रैक्टिस सेशन है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में महिला की मौत

**बक्सर।** बक्सर में एक महिला की संदिग्ध हालत में मौत हो गई। पति ने बताया कि पत्नी ने दुपट्टे से फांसी लगा आत्महत्या की है। वहीं, मायके वालों द्वारा बताया गया कि महिला की बीमार होने की जानकारी ससुराल वालों द्वारा दी गई थी। मायके वालों द्वारा पति पर ही मारपीट कर हत्या करने का आरोप लगा रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हत्या या आत्महत्या की जांच में बक्सर पुलिस जुट गई है। लेकिन पुलिस को इसकी जनकारी देर रात को हुई।

## कार और ट्रक में टक्कर, युवक की मौत

**बक्सर।** बक्सर के रामगढ़ में शनिवार की सुबह 8 बजे भीषण सड़क हादसा में कार सवार एक युवक की मौत हो गई। बक्सर से आरा की तरफ जा रही कार विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से टकरा गई। टक्कर इतनी जोरदार था की कार के परखच्चे उड़ गये। हालांकि इस घटना के बाद ट्रक और कार दोनों के चालक मौके से अपनी वाहन छोड़ फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ट्रक और कार को अपनी अभिरक्षा में ले लिया। साथ मृतक कार सवार के शव को कब्जे में ले पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। इसकी जानकारी पर परिजनों भी पहुंच गए।

## गोली मारकर एक की हत्या

**जहानाबाद।** जहानाबाद जिले के घोसी थाना क्षेत्र के चीरी गांव के बधार में एक किसान को अपराधियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। चिरी गांव निवासी मनोरंजन कुमार (48) गांव के बधार में फसल की रखवाली कर रहा था। तभी गांव के ही कुछ लोगों ने मनोरंजन कुमार को गोली मारकर घायल कर दिया। आनन-फानन में उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया, जहां इलाज के क्रम में उसकी मौत हो गई। पूर्व से ही गांव के रामेश्वर यादव एवं रामाशीष यादव से विवाद चल रहा था। इसी विवाद को लेकर फायरिंग की घटना हुई। जैसे ही गांव में गोलीबारी की घटना हुई अफरातफरी का माहौल कायम हो गया।

## मुझको ये तेरी बेवफाई मार डालेगी

**औरंगाबाद।** इश्क में हम तुम्हे क्या बताएं, किस कदर चोट खाए हुए हैं। वैसे तो ये फिल्मी गाने की लाइन है। औरंगाबाद में एक प्रेम प्रसंग के मामले में प्रेमिका कुछ ऐसे ही दौर से गुजरी। प्रेमी ने जब धोखा दिया तो उसने अपनी व्यथा किसी से नहीं बताई। उसने प्रेमी की बेवफाई का दर्द खुद झेला। अंत में उठाया खौफनाक कदम। जी हां, ये कहानी औरंगाबाद जिले की है। इस कहानी में प्यार, तकरार और इजहार के साथ धोखा भी है। मामला जिले के फेसर थाना क्षेत्र के रूपरखाप गांव का है। जहां पांच साल तक प्रेम के बाद प्रेमिका ने खतरनाक कदम उठा लिया। प्रेमी की बेवफाई से तंग आकर प्रेमिका ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। प्रेमिका के मौत के बाद गांव में सनसनी फैल गई और उसके परिजनो का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

# बिहार के करवट लेने से बदलती है देश की हवा' पूर्णिया रैली में गरजे लालू

एजेंसी

**पूर्णिया।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के प्रमुख लालू प्रसाद ने शनिवार को बीजेपी पर जमकर निशाना साधा। लालू यादव ने कहा कि बीजेपी राजनीतिक पार्टी नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का मुखौटा है। उन्होंने बीजेपी को आरक्षण विरोधी बताते हुए कहा कि उनके खिलाफ सभी को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। पूर्णिया के रंगभूमि मैदान में महागठबंधन की ओर से शनिवार को एक रैली आयोजित की गई है। इस रैली में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और उप मुख्यमंत्री तेजस्वी उपस्थित रहे। इस रैली में लालू प्रसाद दिल्ली से वर्चुअल रूप से जुड़े और लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि इस बात काफी खुशी है कि पूर्णिया में महागठबंधन के सभी दलों के लोग एक मंच पर नजर आए। यही एकजुटता इस बात को प्रमाणित करता है कि अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव में महागठबंधन पूरी तरह से तैयार है।

### बिहार से ही बदल जाती है देश की हवा: लालू

लालू ने सभी दलों से एकजुट रहने की अपील करते हुए कहा कि देश को बचाने के लिए सभी को एकजुट होकर लड़ाई लड़नी होगी। सभी एकजुट रहेंगे तो किसी में हिम्मत नहीं है कि वह देश को तोड़ सके। लेकिन अगर कमजोर पड़ गए तो देश नहीं बचेगा। उन्होंने कहा कि बिहार में आरएसएस के रथ को रोकने का काम हमने किया था। बिहार जब-जब करवट बदलता है तो इसका असर देश के ऊपर होता है। बिहार से ही देश की हवा बदल जाती है।



### हमारा गठबंधन विचारधारा का है: लालू यादव

उन्होंने कहा कि लालू और नीतीश एक हो गए हैं। कोई भी किसी तरह के भ्रम में नहीं रहे। हमारा गठबंधन विचारधारा का है। हमने हमेशा साथ रहने का संकल्प लिया है। देश और लोकतंत्र बचेगा तभी कोई भी दल राजनीति कर सकेगा। उन्होंने पूर्णिया रैली में सशरीर उपस्थित नहीं रहने पर अफसोस भी जताया।

लालू ने कहा कि साल 2014 के चुनाव में ही उन्होंने कहा था कि अगले चुनाव में भारत रहेगा या टूटेगा। आठ साल के बाद देश की जो हालत हो गई है, उसे सभी लोग देख रहे हैं। उन्होंने कहा कि आरएसएस जो चाह रही है, वही नरेंद्र मोदी की सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि आज देश टुकड़े-टुकड़े होने की कगार पर पहुंच चुका है। देश की तानाशाह सरकार के कारण गरीबी चरम पर पहुंच गई है। लोकतंत्र की हत्या हो रही है और किसी का सम्मान नहीं बचा है।

## मिड डे मील खाने से दो दर्जन बच्चे बीमार

**आरा।** भोजपुर जिले के तरारी प्रखंड के भुलूकुआं प्राथमिक विद्यालय में मिड डे मील खाने से लगभग दो दर्जन बच्चे बीमार हो गए। स्कूल के शिक्षकों ने बिना देर किए सभी बच्चे को आनन-फानन में पीरों रेफरल अस्पताल में दाखिल कराया। जहां सभी बच्चों का उपचार जारी है। जानकारी के अनुसार मिड डे मील के भोजन करने के बाद बच्चों को उल्टी पेट दर्द होने लगा। जिसके बाद सभी बच्चे को अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना के संदर्भ में विद्यालय के शिक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि प्राथमिक विद्यालय में बच्चों को खाना परोसा गया था।

## चमकी बुखार को लेकर विभाग अलर्ट

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर में अभी गर्मी की शुरूआत सही से हो भी नहीं पायी थी किचमकी बुखार का प्रभाव दिखने लगा है। श्रीकृष्ण मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के पीकू वार्ड में भर्ती सकरा बिद्दीपुर गांव के 3 वर्षीय बच्चे मो. फरहान में AES की पुष्टि हुई है।

## अभद्र गाना गाने वाले पर कार्रवाई की मांग




**पटना।** बिहार में इन दिनों अश्लील गाना गाने वाले गायकों पर पुलिस सख्त कदम उठा रही। अश्लील गाना गाने के बाद कई गायकों पर पुलिस सख्त कार्रवाई करने में जुट गई हैं। इसी बीच एक और भोजपुरी सिंगर ने होली को लेकर अश्लीलता की सभी हदें पार कर एक गाना गया। जिसके बाद से बिहार की राजनीति भी गरमा गई हैं। सिंगर की गिरफ्तारी के लिए एएसपी के पास लिखित में आवेदन भी दे दिया गया हैं। जिस यूट्यूब साइट पर गाना पोस्ट किया गया था, उसे प्राइवेट कर दिया गया है। हालांकि ऐसे कई साइट हैं जिसपर यह गाना अभी भी सुना जा रहा। दरअसल, पूरा मामला बिहार के भोजपुर जिले से जुड़ा हुआ है। जहां प्रमोद प्रेमी नाम के एक सिंगर द्वारा विवादित और अश्लील गाना गाने पर जिले के एएसपी ने जांच कर प्राथमिकी दर्ज करने का आदेश दे दिया हैं। भोजपुर लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास के जिला अध्यक्ष राजेश्वर पासवान और बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष रविंद्र कुमार दोनों पार्टी के जिलाध्यक्ष द्वारा सदर एएसपी हिमांशु के समक्ष आवेदन दिया है। दोनों नेताओं ने डीएम, एएसपी, एससी एसटी थाना, सिन्हा ओपी, कृष्णगढ़ ओपी में आवेदन दिया हैं।

## पेज 1 का शेष...

### प्रशांत बोस समेत...

उल्लेखनीय है कि नक्सलियों के खिलाफ देशविरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में 16 दिसंबर, 2018 को टोकलो थाना में केस दर्ज हुआ था। पुलिस को इस बात की सूचना मिली थी कि संबंधित नक्सली देश विरोधी गतिविधियों को अंजाम देने के लिए थाना क्षेत्र के एक नक्सल प्रभावित इलाके में जुटे हैं। केस दर्ज करने के बाद जब पुलिस ने अनुसंधान शुरू किया, तब पुलिस ने आरोप को सही पाया।

**मुठभेड़ में छह नक्सली :** इस दौरान दोनों ओर से करीब आधे घंटे तक गोलीबारी में तीन जवान शहीद हो गये। श्री शर्मा ने बताया कि नक्सली बटालियन में मौजूद पांच से छह नक्सली भी मारे गये हैं। घटनास्थल पर तलाशी के दौरान भारी मात्रा खून के धब्बे मिले। पिछले एक साल से इस क्षेत्र में पुलिस कैंप शुरू होने के विरोध में ग्रामीण लगातार आंदोलन कर रहे हैं।

### सोनिया ने दिये राजनीति से ...

भाजपा-संघ के खिलाफ और दल शामिल होंगे : कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा हैं कि कांग्रेस आगामी लोकसभा चुनावों से पूर्व संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन(यूपीए) में भाजपा एवं संघ के खिलाफ लड़ने को तैयार और दलों को शामिल करने को तैयार हैं। वह 85वें राष्ट्रीय अधिवेशन में में अध्यक्षीय भाषण में बोल रहे थे।

**पार्टी संविधान में कई बदलाव :** कांग्रेस महाधिवेशन में पार्टी संविधान में कई बड़े बदलाव किये गये। इसके तहत अब कांग्रेस में सिर्फ डिजिटल तौर पर सदस्यता दी जायेगी। डिजिटल रिकॉर्ड ही रखे जायेंगे।

राहुल कांग्रेस में पीएम पद का चेहरा : छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव की एक बार फिर गांधी परिवार के प्रति निष्ठा दिखी है। मीडिया से चर्चा में उन्होंने कहा कि मेरे लिए तो कांग्रेस की तरफ से राहुल गांधी प्रधानमंत्री के चेहरे हैं। सोनिया गांधी, राहुल गांधी के रायपुर पहुंचते ही कांग्रेस नेताओं की बयानबाजी शुरू हो गयी है।

### एनडीए में नीतीश की ...

**बिहार का बंटाधार कर दिया :** अमित शाह ने कहा कि नीतीश बाबू की प्रधानमंत्री बनने की महत्वाकांक्षा ने बिहार का बंटाधार कर दिया है। नीतीश कुमार राज्य का पैसा विमान खरीदने में लगा रहे हैं। आज पूरे बिहार की स्थिति अराजक हो गयी है। अपराध फिर से चरम पर जा रहा है। कानून व्यवस्था ध्वस्त है। हत्या, अपहरण, डकैती, बलात्कार दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहे हैं। पत्रकारों की हत्या हो रही है। बालू माफिया, शराब माफिया के ग्रुप जिंदा हो रहे हैं। हथियारों के जखीरे पकड़े जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि बिहार को दो लाख 38 करोड़ रुपये दिया गया है। केंद्र सरकार के इस राशि का उपयोग अब राजद करेगी।

### आठ हजार पारा मेडिकल...

वार्ता के दौरान स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सभी विषयों पर बातचीत हुई है। मांगों पर गंभीरतापूर्वक विचार किया गया है। समायोजन को लेकर उचित निर्णय लेने का निर्देश विभाग को दिया गया है।

### कल वोटिंग, थमा चुनावी शोर...

विधानसभा क्षेत्र उपचुनाव के मद्देनजर शनिवार शाम 5 बजे के बाद रामगढ़ जिले में शराब की सभी दुकानें बंद हो जाएंगी। निर्वाचन आयोग के निर्देश के आलोक में रामगढ़ डीसी ने यह आदेश जारी कर दिया है।

## स्पीड न्यूज

### ओडिशा में सड़क हादसे में सात लोगों की मौत

भुवनेश्वर। ओडिशा में जाजपुर जिले के धर्मशाला थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के एनएच-16 पर भीषण सड़क हादसा हो गया, जिसमें सात लोगों की मौत हो गयी। हादसा उस समय हुआ जब कोलकाता से आ रहा एक ट्रक नेउलपुर सेंट्रल बैंक के पास सड़क किनारे खड़े एक अन्य ट्रक से टकरा गया। यह ट्रक एक दिन पहले शुक्रवार को हादसे का शिकार होने के बाद सड़क पर खड़ा कर दिया गया था। हादसे में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि एक अन्य ने अस्पताल ले जाते समय दम तोड़ दिया। वे सभी कोलकाता क्षेत्र के रहने वाले थे। मृतकों में टक्कर मारने वाले ट्रक का चालक भी शामिल है।

### सांबा सीमा पर टैंक रोधी सुरंग मिली

सांबा/जम्मू। जम्मू-कश्मीर के सांबा जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास एक पुरानी टैंक-रोधी बारूदी सुरंग मिली है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि सीमा सुरक्षा बल के गश्ती दल को शुक्रवार देर रात मावा गांव के पास बसंतर नदी के किनारे जंग लगी सुरंग मिली। उन्होंने कहा कि बम निरोधक दस्ता मौके पर है और विस्फोटक को निष्क्रिय करने के प्रयास जारी हैं।

### चेन्नई हवाई अड्डे पर दो करोड़ का सोना जब्त

चेन्नई। सीमा शुल्क विभाग ने शनिवार को बताया कि चेन्नई हवाई अड्डे पर विभिन्न घटनाओं में दो करोड़ रुपये मूल्य का तीन किलोग्राम से अधिक सोना जब्त किया गया।विभाग ने बताया कि पहली घटना में 22 फरवरी को अधिकारियों ने बैंकॉक से यहां पहुंचे एक यात्री को रोका और उसके सामान में छिपाई गई कीमती धातु बरामद की।

### दिल्ली दंगा मामले में चार आरोपी बरी

नयी दिल्ली। दिल्ली की एक अदालत ने उत्तर-पूर्वी दिल्ली में 2020 में हुए दंगों के दौरान भागीरथी विहार में भीड़ द्वारा दंगा, तोड़फोड़ और आगजनी करने के मामले में चार व्यक्तियों को यह कहते हुए बरी कर दिया कि आरोपी संदेह के लाभ के हकदार हैं। अदालत दिनेश यादव, साहिल, संदीप और टिंकू के खिलाफ एक मामले की सुनवाई कर रही थी, जिनपर 25 फरवरी 2020 को कुछ दुकानों में लूट और आगजनी में शामिल होने का आरोप था।

### तेलंगाना में एमबीबीएस के छात्र ने की आत्महत्या

निजामाबाद। एमबीबीएस अंतिम वर्ष के एक छात्र ने अपने छात्रावास के कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। हर्ष शुक्रवार रात कमरे में गया और सुबह बाहर नहीं निकला। उसके दोस्तों ने दरवाजा तोड़ा तो उसका शव फंदे से लटका मिला। उन्होंने तुरंत अधिकारियों को सूचना दी। कॉलेज के अधिकारी ने बताया कि हर्ष शनिवार को एक पेपर देने वाला था।

### प्रचंड सरकार से आरपीपी के चार मंत्रियों का इस्तीफा

काठमांडू। राष्ट्रीय प्रजातंत्र पार्टी (आरपीपी) के अध्यक्ष और उप प्रधानमंत्री एवं ऊर्जा मंत्री राजेंद्र लिंगडेन समेत पार्टी के चार मंत्रियों ने शनिवार को प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड को इस्तीफा सौंप दिया। राष्ट्रपति पद के लिए नेपाली कांग्रेस के नेता रामचंद्र पौडेल की उम्मीदवारी का समर्थन करने के लिए नेपाली कांग्रेस, सीपीएन-माओवादी केंद्र समेत आठ दलों का नया गठबंधन बनाने को लेकर आरपीपी ने सरकार से हटने का फैसला किया है। आरपीपी ने औपचारिक रूप से सरकार से समर्थन वापस लेने की घोषणा नहीं की है।

# भारतीय प्रतिभाओं के लिए जर्मनी में खुलेंगे रोजगार के द्वार

## यूक्रेन में किसी भी शांति प्रक्रिया में योगदान देने को भारत तैयार : पीएम मोदी

**खाद्य, ऊर्जा सुरक्षा, जलवायु परिवर्तन व सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में मिलकर काम करेंगे भारत-जर्मनी**

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारत एवं जर्मनी ने देश में आर्थिक सहयोग के नये अवसरों के संबंध अपनी साझीदारी एवं निवेश बढ़ाने का शनिवार को संकल्प लिया तथा खाद्य एवं ऊर्जा सुरक्षा के साथ साथ जलवायु परिवर्तन एवं सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्रों में मिल कर काम करने का इरादा जताया।

जर्मनी ने भारतीय प्रतिभाओं के लिए रोजगार के द्वार खोलने की भी घोषणा की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज के बीच हैदराबाद हाउस में हुई द्विपक्षीय बैठक में ये इरादे एवं संकल्प व्यक्त किये गये। श्री मोदी ने कहा कि भारत और जर्मनी के मजबूत संबंध, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों, और एक दूसरे के हितों की गहरी समझ पर आधारित हैं। दोनों देशों के बीच सांस्कृतिक और आर्थिक आदान-प्रदान का लंबा इतिहास रहा है। विश्व की दो बड़ी लोकतांत्रिक अर्थव्यवस्थाओं के बीच बढ़ता सहयोग, दोनों देशों की जनता के लिए लाभकारी तो है ही, आज के तनावग्रस्त विश्व में इससे एक सकारात्मक संदेश भी जाता है। उन्होंने कहा कि जर्मनी यूरोप में हमारा सबसे बड़ा व्यापारिक साझीदार होने के साथ भारत में निवेश का भी महत्वपूर्ण स्रोत है।

**मेक इन इंडिया से खुल रहे हैं अवसर :** मेक इन इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान की वजह से भारत में सभी क्षेत्रों में नए अवसर खुल रहे हैं। इन अवसरों के प्रति जर्मनी की रुचि से हम उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि जर्मनी के कारोबारी प्रतिनिधिमंडल और भारतीय व्यापारियों के बीच एक सफल बैठक हुई, और कुछ अच्छे एवं बड़े महत्वपूर्ण समझौते भी हुए हैं। डिजीटल ट्राँसफॉर्मेशन, फिनटेक, आईटी, टेलीकॉम और आपूर्ति श्रृंखला के विविधीकरण जैसे विषयों पर चर्चा हुई।

श्री मोदी ने कहा कि भारत और जर्मनी त्रिकोणीय विकास सहयोग के तहत तीसरे देशों के विकास के लिए आपसी सहयोग बढ़ा रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में हमारी जनता के बीच पारस्परिक संबंध भी सुदृढ़ हुए हैं।

उन्होंने कहा कि गत वर्ष जर्मनी में हमने हरित एवं सतत विकास साझीदारी की घोषणा की थी। इसके माध्यम से, हम जलवायु परिवर्तन कार्रवाई और सतत विकास लक्ष्य के क्षेत्रों में सहयोग बढ़ा रहे हैं। सुरक्षा और रक्षा सहयोग हमारी रणनीतिक साझीदारी का एक महत्वपूर्ण स्तम्भ बन सकता है। इस क्षेत्र में हमारे अनछुई क्षमताओं का पूरी तरह दोहन करने के लिए हम साथ मिलकर प्रयास करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और अलगाववाद के खिलाफ लड़ाई में भारत और जर्मनी के बीच सक्रिय सहयोग है।



नयी दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मिलते जर्मनी के चांसलर ओलोफ शोल्ज।

**आतंकवाद पर कार्रवाई जरूरी:** दोनों देश इस बात पर भी सहमत हैं कि सीमापार आतंकवाद को समाप्त करने के लिए ठोस कार्रवाई आवश्यक है।उन्होंने कहा कि यूक्रेन के घटनाक्रम के शुरूआत से ही भारत ने संवाद और कूटनीति के माध्यम से इस विवाद को सुलझाने पर जोर दिया है। भारत किसी भी शांति प्रक्रिया में योगदान देने के लिए तैयार है। हमने इस बात पर भी सहमति दोहराई कि वैश्विक वास्तविकताओं को बेहतर तरीके से दशार्ने के लिए बहुपक्षीय संस्थाओं में सुधार आवश्यक है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधार लाने के लिए जी-4 के अंतर्गत हमारी सक्रिय भागीदारी से यह स्पष्ट है।

जर्मन चांसलर श्री शोल्ज ने कहा कि भारत ने काफी तरक्की की है और यह दोनों देशों के संबंधों के लिए बहुत अहम बात है। आज दुनिया रूस की आक्रामकता के परिणामों को भोग रहीं है। इस समय खाद्य एवं ऊर्जा आपूर्ति सुनिश्चित रखना हमारी प्राथमिकता है।

उन्होंने कहा कि हमें प्रतिभाओं एवं कुशल कामगारों की जरूरत है। सूचना प्रौद्योगिकी एवं सॉफ्टवेयर डेवेलपमेंट भारत में बहुत तेजी से विकास कर रहा है और यहां बहुत सारी सक्षम कंपनियां हैं। उन्होंने कहा कि भारत के पास बहुत प्रतिभा है और हम इसका सहयोग एवं लाभ लेना चाहते हैं। हम भारत की प्रतिभाओं को जर्मनी में आकर्षित एवं भर्ती करना चाहते हैं।

# सीडब्ल्यूसी में 35 स्थायी सदस्य

## कांग्रेस का महाधिवेशन : 85 छोटे-बड़े संशोधन होंगे

- **अनुसूचित जाति-जनजाति ओबीसी और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को संगठन के सभी पदों पर 50 % आरक्षण**
- **अब डिजिटल सदस्यता होगी और डिजिटल रिकॉर्ड होगा**

एजेंसी

नवा रायपुर। कांग्रेस ने अपने संविधान में संशोधन का प्रस्ताव करते हुए पार्टी की कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) के स्थायी सदस्यों को बढ़ाकर 35 करने और अनुसूचित जाति-जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को संगठन के सभी पदों पर 50 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला किया है। पार्टी के 85वें महाधिवेशन में 85 छोटे-बड़े संशोधन किए जा रहे हैं। कांग्रेस महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने इन संशोधनों के बारे में जानकारी दी। कांग्रेस के संविधान में आखिरी बार संशोधन 17 नवंबर, 2007 को हुआ था और 2010 में इसे स्वीकार किया गया था। कांग्रेस की वरिष्ठ नेता अंबिका सोनी की अध्यक्षता वाली समिति ने संविधान में संशोधन की अनुशंसा की। एक परिवार, एक टिकट के सवाल पर सुरजेवाला ने कहा कि यह नीति का हिस्सा है, लेकिन संविधान का हिस्सा नहीं है।पार्टी संविधान में प्रस्तावित संशोधन के तहत अब सीडब्ल्यूसी में 25 के स्थान पर 35 स्थायी सदस्य होंगे और कांग्रेस से जुड़े प्रधानमंत्री, पूर्व प्रधानमंत्री और पार्टी के पूर्व अध्यक्ष स्वतः इसके सदस्य होंगे।

कांग्रेस के संविधान के अनुसार, अब तक सीडब्ल्यूसी में 12 निर्वाचित और 11 नामित सदस्य होते हैं। इनके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष और संसदीय दल के नेता स्वतः इसके सदस्य होते हैं। कांग्रेस की ओर से किए गए अन्य संशोधनों के मुताबिक, अब अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक वर्ग के लोगों को संगठन में सभी पदों पर 50 प्रतिशत आरक्षण दिया जाएगा। सुरजेवाला ने कहा कि यह एक सामाजिक



न्याय की क्रांति का आगाज है, जो कोई दल नहीं करता। संशोधन के मुताबिक, संगठन के आरक्षित और

**महिलाओं और युवाओं को भी आरक्षण:** गैर आरक्षित पदों में से 50 प्रतिशत अलग आरक्षण महिलाओं और युवाओं के लिए होगा। कांग्रेस ने यह फैसला किया है कि अब सिर्फ डिजिटल सदस्यता होगी और डिजिटल रिकॉर्ड होगा। सुरजेवाला ने कहा कि पार्टी को संगठित करने के लिए बूथ कमेटी, पंचायत कांग्रेस कमेटी, शहरों में वार्ड कमेटी, इंटरमीडिएट कांग्रेस कमेटी (मंडल कमेटी), ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, जिला कांग्रेस कमेटी और प्रदेश कांग्रेस कमेटी भी होगी।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस के सदस्यता आवेदन पत्र में ट्रांसजेंडर के लिए अलग से कॉलम होगा तथा सदस्यों के पिता के साथ माता और पत्नी/पति का भी नाम होगा। उन्होंने कहा कि ये सारे प्रगतिशील संशोधन किए गए हैं। सुरजेवाला ने कहा कि चुने हुए कांग्रेस प्रतिनिधि पीसीसी डेलीगेट होंगे। कांग्रेस के संविधान में किए जा रहे संशोधनों के मुताबिक, अब छह (पीसीसी प्रदेश कांग्रेस कमेटी) डेलीगेट पर एक एआईसीसी सदस्य होगा तथा कुल निर्वाचित एआईसीसी सदस्यों में 25 प्रतिशत सहयोजित (कॉ-ऑप्टेड) सदस्य होंगे। पहले आठ पीसीसी डेलीगेट पर एक एआईसीसी सदस्य बनाया जाता था और कुल निर्वाचित सदस्यों में से 15 प्रतिशत सहयोजित सदस्य होते थे। सुरजेवाला ने एक सवाल के जवाब में कहा कि कांग्रेस सदस्यता के लिए नशीले पदार्थों के सेवन पर रोक से जुड़े सवाल पर उन्होंने कहा, ह्यह्यसमाज में बदलाव आया है, अलग-अलग तरह के नशीले पदार्थ आ गए हैं। हमने बदलते समय के साथ इसके (नशीले पदार्थ) दायरे को और आगे बढ़ाया है।इसमें हर प्रकार के नशे की चीज को शामिल किया गया है। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा, ह्यह्यकुछ ऐसे जर्दा भी होते हैं, जिनसे कैंसर होता है और वो नशीले पदार्थ की श्रेणी में आएंगे।

# यूक्रेन पर बड़े हमले की तैयारी में है रूस

**अमेरिकी जनरल का खुलासा पुतिन के आदेश का इंतजार कर रही है रूसी एयरफोर्स**

एजेंसी

वॉशिंगटन। रूस-यूक्रेन युद्ध को एक साल पूरे हो चुके हैं। इस बीच एक अमेरिकी जनरल ने चेतावनी दी है कि रूस बसंत की शुरूआत में यूक्रेन पर जबरदस्त हवाई हमला कर सकता है। इसमें रूसी वायु सेना के सैकड़ों लड़ाकू विमान और हेलीकॉप्टर हिस्सा लेंगे। अमेरिकी जनरल ने यह भी कहा कि यूक्रेनी एयर डिफेंस लगभग तबाह हो चुका है। ऐसे में रूस को अपने लड़ाकू विमानों और हेलीकॉप्टरों की सुरक्षा की उतनी फिक्र नहीं है, जितनी पहले थी। जनरल सर रिचर्ड बैरोन्स ने कहा कि रूस, यूक्रेन में अपनी गलतियों से सीखने में अविश्वसनीय रूप से धीमा है, लेकिन उसने एक चीज जो बदली है, वह है वायु शक्ति के प्रति अपना दृष्टिकोण। उन्होंने कहा कि इस युद्ध में दोनों ही पक्षों को भारी नुकसान हुआ है, लेकिन बार-बार होने वाले अपने अपमान से बचने के लिए रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन नया दृष्टिकोण अपनाने के लिए मजबूर हो सकते हैं।

यूक्रेनी एयर डिफेंस हुआ तबाह यूनाइटेड स्टेट ज्वाइंट फोर्सेज कमांड के पूर्व कमांडर जनरल सर रिचर्ड बैरोन्स ने कहा कि आज तक यूक्रेनी एयर डिफेंस का आसमान पर नियंत्रण था। इसी वजह से रूसी लड़ाकू विमान यूक्रेनी आसमान में अंदर तक घुसने की हिम्मत नहीं करते थे। लेकिन, अब यह मानने के कई कारण है कि रूस बड़ा हवाई हमला करने की कोशिश कर रहा है। उन्होंने कहा कि रूसी शायद बसंत की शुरूआत में आक्रामक हवाई हमला करें। ऐसे में साफ है कि यूक्रेनी एयर डिफेंस अब पहले जितनी कारगर नहीं रही है। उन्होंने कहा कि एकव एक चीज जो अभी अलग है कि रूस भारी तादाद का इस्तेमाल करेगा। अभी भी यूक्रेन की सीमा के भीतक बहुत सारे रूसी विमान हैं।

# नेपाल में पौडेल का राष्ट्रपति बनना तय

**कांग्रेस नेता रामचंद्र पौडेल को आठ पार्टियों ने दिया समर्थन**



काठमांडू। नेपाली कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रामचंद्र पौडेल का राष्ट्रपति पद के लिए आठ राजनीतिक दलों ने समर्थन किया, जिससे उनका इस शीर्ष पद के लिये निर्वाचित होना लगभग तय हो गया है। प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड ने गठबंधन सरकार में साझेदार पार्टी के प्रत्याशी से किनारा कर विपक्षी नेपाली कांग्रेस के नेता पौडेल का इस शीर्ष पद के लिए समर्थन किया है। पौडेल नौ मार्च को होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में सीपीएन (एमाले) के उम्मीदवार सुबास नेमवांग के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। पौडेल (78) और नेमवांग (69) ने शनिवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल किया।पौडेल के राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी का उत्तराधिकारी बनने की प्रबल संभावना है क्योंकि आठ दलों, नेपाली कांग्रेस, नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीएन)-माओवादी केंद्र, सीपीएन-यूनिफाइड सोशलिस्ट, राष्ट्रीय जनता पार्टी, लोकतांत्रिक समाजवादी पार्टी, राष्ट्रीय जनमोर्चा, नागरिक उन्मुक्ति पार्टी और जनमत पार्टी ने उनके पक्ष में मतदान करने का फैसला किया है।

# पाकिस्तान में बिल और वेतन भुगतान पर रोक

इस्लामाबाद। नकदी संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान में सरकार ने महालेखाकार को वेतन समेत सभी बिलों की मंजूरी पर रोक लगाने का निर्देश दिया है। शनिवार को एक मीडिया रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। समाचार पत्र द न्यूज इंटरनेशनल ने आधिकारिक सूत्रों के हवाले से बताया कि वित्त एवं राजस्व मंत्रालय ने भी पाकिस्तान राजस्व महालेखाकार (एजीपीआर) को केंद्रीय मंत्रालयों/खंडों और संबंधित विभागों के सभी बिलों की मंजूरी पर अगला आदेश आने तक रोक लगाने का निर्देश दे दिया है।समाचार पत्र के अनुसार, देश में आर्थिक संकट के कारण संचालन संबंधी कोष को जारी करने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। कुछ सप्ताह पहले पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार 2.9 अरब डॉलर तक लुढ़क गया था। अब यह थोड़ा सुधरकर चार अरब डॉलर हो गया है। इस बीच पाकिस्तान आईएमएफ से राहत पैकेज के 1.1 अरब डॉलर जारी होने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है। वित्त मंत्री इसहाक डार ने कहा कि यह खबर गलत भी हो सकती है। हालांकि उन्होंने खबर की पुष्टि होने पर सही तथ्य बताने का वादा किया।

# आइआइटी छात्र की खुदकुशी पर सीजेआइ ने जतायी चिंता

## कहा- संस्थानों से कहां गलती हुई कि छात्र दे रहे हैं जान

हैदराबाद। भारत के प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ ने छात्रों द्वारा कथित तौर पर आत्महत्या किए जाने की घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए शनिवार को कहा कि आखिर संस्थानों से कहां गलती हुई है कि विद्यार्थी खुद की जान लेने के लिए मजबूर हो गये हैं। आईआईटी-बॉम्बे में पिछले दिनों एक छात्र की कथित आत्महत्या के संदर्भ में उन्होंने कहा कि मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति वह संवेदना व्यक्त करते हैं।

उन्होंने कहा कि वह इस बात से चकित हैं कि संस्थानों ने कहां गलती की है जिसके चलते छात्र अपनी जान लेने को मजबूर हैं। हाल ही में आईआईटी बॉम्बे में एक दलित छात्र की आत्महत्या की जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पिछड़े वर्ग के लोगों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाएं आम होती जा रही हैं। प्रधान न्यायाधीश ने द नेशनल एकेडमी ऑफ लीगल स्टडीज एंड रिसर्च में आयोजित दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सामाजिक परिवर्तन के लिए अदालतों के अंदर और बाहर समाज से संवाद स्थापित करने में न्यायाधीशों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि हाल ही में मैंने आईआईटी बॉम्बे में एक दलित छात्र की आत्महत्या के बारे में पढ़ा। इसने मुझे पिछले साल ओडिशा में राष्ट्रीय विधि विवि में एक जनजातीय छात्र की आत्महत्या की घटना याद दिला दी। सीजेआई ने कहा कि मैं इन छात्रों के परिवार के सदस्यों के प्रति संवेदना प्रकट करता हूं। लेकिन मैं यह भी सोच रहा हूं कि हमारे संस्थानों ने कहां गलती की है, जिसके चलते छात्रों को अपना बहुमूल्य जीवन खत्म करने को मजबूर होना पड़ रहा है। गुजरात के रहने वाले प्रथम वर्ष के छात्र दर्शन सोलंकी ने 12 फरवरी को आईआईटी में आत्महत्या कर ली थी।

### घरेलू हिंसा के खिलाफ प्रधान सचिवों की बैठक बुलायें : कोर्ट

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने केंद्र से ह्यघरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के कार्यान्वयन से संबंधित मुद्दों पर विचार करने के लिए सभी राज्यों के प्रधान सचिवों की बैठक बुलाने को कहा है। न्यायालय ने इस बात पर गौर किया कि एक जुलाई, 2022 तक देश में घरेलू हिंसा के 4.71 लाख से अधिक मामले लंबित थे। सुप्रीम कोर्ट ने अधिनियम के तहत संरक्षण अधिकारियों की नियुक्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि उसके सामने प्रस्तुत समग्र तस्वीर निराशाजनक है। न्यायमूर्ति एस. आर. भट और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने कहा कि एक जिले के लिए ऐसे एक अधिकारी का होना पर्याप्त नहीं होगा, क्योंकि उनमें से प्रत्येक लगभग 500-600 मामलों से निपटेगा।

# आरआरआर को मिला चार एचसीए पुरस्कार

मुंबई। फिल्मकार एस.एस. राजमौली की फिल्म आरआरआर को एचसीए फिल्म पुरस्कार 2023 में सर्वश्रेष्ठ अंतरराष्ट्रीय फिल्म और सर्वश्रेष्ठ एक्शन फिल्म समेत चार पुरस्कारों से नवाजा गया। हॉलीवुड क्रिटिक्स एसोसिएशन (एचसीए) ने शुक्रवार रात लॉस एंजिलिस के बेवर्ली विलशायर में पुरस्कार समारोह का आयोजन किया था। फिल्म को सर्वश्रेष्ठ स्टंट के अलावा ऑस्कर के लिए नामित होने वाले गाने नाटू नाटू के लिए सर्वश्रेष्ठ गीत का पुरस्कार भी मिला। राजमौली ने सर्वश्रेष्ठ स्टंट पुरस्कार ग्रहण किया। फिल्मकार ने फिल्म की टीम की प्रशंसा की। निर्देशक ने कहा किपूरी फिल्म में असंख्य एक्शन शॉट्स में से मुश्किल से 2-3 शॉट ऐसे थे, जहां हमने बॉडी डबल्स का इस्तेमाल किया। हर स्टंट अभिनेताओं ने किया। वे कमाल के लोग हैं। राजमौली ने कहा कियह फिल्म पूरी टीम का संयुक्त प्रयास थी। इसके लिए मैं अपनी पूरी टीम को धन्यवाद देता हूं। हमने इस फिल्म को बनाने के लिए 320 दिन कड़ी मेहनत की।



### आशिकी 3 में काम करेंगी सारा अली खान

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान आशिकी 3 में कार्तिक आर्यन के साथ काम करती नजर आ सकती हैं। कार्तिक आर्यन सुपरहिट फिल्म आशिकी के तीसरे संस्करण 'आशिकी 3' में मुख्य भूमिका निभाते नजर आयेंगे। फिल्म मेकर्स कई दिनों से आशिकी 3 के लिये अभिनेत्री की तलाश कर रहे थे। कहा जा रहा है कि इस फिल्म में सारा अली खान और कार्तिक आर्यन एक साथ नजर आ सकते हैं।यदि सारा आशिकी 3 में काम करेंगी तो यह कार्तिक-सारा की एक साथ दूसरी फिल्म होगी। इससे पहले दोनों इम्तियाज अली की फिल्म लव आज कल 2 में साथ नजर आए थे।

### दुर्लभ बीमारियों से ग्रस्त 134 मरीजों के इलाज को 22.20 करोड़ जारी

नयी दिल्ली। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने दुर्लभ बीमारियों के उपचार के लिए समर्पित आठ अस्पतालों में उपचार करा रहे 134 मरीजों के लिए 22.20 करोड़ रुपये की राशि जारी की है। उल्लेखनीय है कि 19 मई को मंत्रालय ने सभी श्रेणियों की दुर्लभ बीमारियों के उपचार के लिए वित्तीय सहायता की सीमा 20 लाख रुपये से बढ़ाकर 50 लाख रुपये कर दी थी। सरकार ने दुर्लभ बीमारियों पर राष्ट्रीय नीति-2021 के तहत ऐसे मरीजों को वित्तीय अनुदान देने के लिए 11 अगस्त को दिशा निर्देश जारी किया था। अधिकारियों के मुताबिक गोचर रोग, टिरोसिनेमिया, सीवियर कम्बाइंड इम्यूनोडिफिशियेंसी सहित अन्य दुर्लभ बीमारियों के उपचार के लिए उत्कृष्ट केंद्रों या अस्पताल की संख्या बढ़ाकर आठ से 11 कर दी है। दिल्ली एम्स, , लखनऊ एसजीपीजीआई, चंडीगढ़ पीजीआईएमईआर , हैदराबाद स्थित सेंटर फॉर डीएनए फिंगरप्रिंटिंग के साथ निजाम इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेस, मुंबई स्थित किंग एडवर्ड मेडिकल हॉस्पिटल, कोलकाता स्थित पीजीआईएमईआर, जोधपुर स्थित एम्स और केरल का एसएटी अस्पताल शामिल हैं।

